माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अयोध्या
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 181, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

यूपी बजट 2024-25

योगी सरकार का महाबजट

लगभग 25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश के लिए उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का वार्षिक मेगा बजट सोमवार को सामने आ गया। लोकसभा चुनाव से पहले 80 संसदीय सीट वाले राज्य के अब तक सबसे बड़े बजट में महिला, युवा, किसान, रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, धार्मिक स्थलों पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने शेर-ओ-शायरियां करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। प्रस्तुत बजट की व्याख्या एक लाइन में समझें तो इसमें प्राचीनता के साथ आधुनिकता का समावेश कर उप्र. को विकास की दौड़ में आगे लाने की मंशा दिखती है।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बजट के खास पहलुओं को देखें तो पाते हैं कि, लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर लगभग 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित की जायेगी। इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ चार हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलाजी परियोजना में निवेश किया जायेगा।

वहीं, शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरु किया जा रहा, इसके लिये 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। इसके तहत अपना व्यवसाय शुरु करने के लिए अधिकतम पांच लाख तक की ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

बजट में 195 करोड़ रुपए से खेल सुविधाओं का विकास करने की भी व्यवस्था है। खेल अवस्थापना सुविधाओं के लिए बजट में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए निजी सहभागिता से भी खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं, 1.50 लाख रुपए के मानदेय पर 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की रास्ता खोला गया है।

07 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का बजट पेश

60 साल पूरा करने के बाद महिला-पुरुष किसानों को तीन हजार रुपए पेंशन

25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का बजट

3.46% राजकोषीय घाटा के साथ बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल

आस्था, अन्त्योदय व अर्थव्यवस्था को समर्पित बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत होने के बाद विधान भवन स्थित तिलक हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है। बजट में बढ़ोत्तरी डबल इंजन सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के विजन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। बीते 7 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

<< बजट पेश करने विधानसभा जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

सपने दिखाने वाला बजट: अखिलेश

विधानसभा में सोमवार को प्रस्तुत 2024-25 के बजट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये दिल्ली वाले और लखनऊ वाले केवल बड़े-बड़े सपने दिखा रहे हैं। पत्रकारवार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का ये बजट केवल 10 प्रतिशत लोगों के लिए है। 90 प्रतिशत लोगों को मायूसी हाथ लगी है। उन्होंने कहा, इस बजट से गैर बराबरी बढ़ेगी।

चुनावी हित ज्यादा : मायावती

वर्ष 2024-25 का बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा और व्यापक जनहित व जनकल्याण का कम लगता है। विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह, पर क्या विकास सम्बंधी सरकार के पिछले सारे वादे पूरे हो गये हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। सरकार सर्वसमाज के हित, विकास व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जितने में भी दावे व वादे बजट में करती है, उसका सही से अनुपालन जरूरी है।

बजट में क्या-क्या खास

- युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण
- रोजगार प्रोत्साहन कोष का गठन, जिसमें ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप की व्यवस्था
- वाराणसी में राजकीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना, 2 मेगा राजकीय आईटीआई की स्थापना
- 69 आईटीआई के अपग्रेडेशन, स्पोर्ट साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष की स्थापना, 22 हजार मिनी आंगनवाड़ी केंद्र को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में डेवलप किया जाना
- 46 साल बाद प्रदेश के अंदर नया शहर बनेगा, जो कानपुर और झांसी के बीच होगा
- स्पिरिचुअल टूरिज्म जिसमें अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिष, विंध्याचल, देवीपाटन और बरेली में नाथ कॉरीडोर की थीम पर आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास
- प्रयागराज में कुंभ संग्रहालय और आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के लिए धनराशि की व्यवस्था
- अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध केंद्र की स्थापना
- कृषि एक प्राथमिक सेक्टर में किसानों के लिए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, राज्य कृषि योजना भी प्रस्तावित
- निजी नलकूप किसानों को बिजली उपलध कराने के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया
- ग्लोबल वार्मिंग से कृषि को प्रभावित होने से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना
- लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित होगी
- इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधायें रहेंगी
- हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ 4 हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू से नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलॉजी परियोजना में निवेश

मेगा बजट में किस विभाग को क्या और कितना मिला

राज्य सरकार ने 2024-25 के पेश बजट में लगभग हर क्षेत्र के लिए कुछ ना कुछ घोषणाएं की। एक नजर में समझिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा, रोजगार, पर्यटन, उद्योग, महिला बाल विकास आदि क्षेत्र में आम जनता को क्या-कितना मिला है।

575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड को

- सौर ऊर्जा नीति2022 के तहत अगले पांच साल में 22000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य। 2017 में 288 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थीं, जो अब लगभग 2600 मेगावॉट है।
- 2600 करोड़ महाकुम्भ मेला-2025 के लिए, 100 करोड़ अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए
- 575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड विकास निधि में
- डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन देने पर प्रतिबंध हटाए जाने से करीब एक लाख किसानों को मिलेगा सीधे लाभ।
- 14 जिलों में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन। 16 असेवित जिलों में निजी निवेश से मेडिकल कॉलेज बनाया जाना प्रस्तावित।
- राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रामा सेंटर लेवल-2 को ट्रामा सेंटर लेवल-एक में 100 बेड व एपेक्स ट्रामा सेंटर में दो सौ बेड से उच्चीकृत करने के लिए तीन सौ करोड़ की व्यवस्था।
- गर्मी में लगातार बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वर्ष की तुलना मंज 33 प्रतिशत अधिक।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयुष विभाग के तहत गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोनखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा करने तथा अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन के तहत टाउनशिप विकसित करने के लिए वर्ष 2024-25 को बजट में 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित।
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना में उप्र के अंश के रूप में 346 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित।
- पीएम आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 2441 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित।
- बुंदेलखंड में नए औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का गठन कर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अनुरूप बुंदेलखंड में भी औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना।
- आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में अध्यनरत खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की डेढ़ लाख रुपए मानदेय की व्यवस्था।
- गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के 2057 करोड़ 76 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो कि वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से अधिक है।
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गत वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19 .2 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी।
- पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वित्तीय वर्ष 2016-17 में 16,348 मेगावॉट थी, जिसे 2022-23 में बढ़ाकर 28,900 मेगावॉट रही 2023-24 में इसे बढ़ाकर 31,500 मेगवॉट करने का लक्ष्य।
- जल जीवन मिशन के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई प्रस्तावित। इसमें से दो हजार करोड़ रुपये अनुरक्षण मद के लिए निर्धारित।
- अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम की स्थापना व उसके विस्तार के लिए 150 करोड़ की व्यवस्था हुई प्रस्तावित।
- उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत गंभीर अपराधों से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को एक लाख से 10 लाख रुपये तक की दी जाएगी आर्थिक क्षतिपूर्ति।
- महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा को देखते हुए सेफ सिटी परियोजना के तहत महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे तथा लाईट लगवाना। डार्क स्पाट्स-हॉट प्वाइंट्स का चिन्हीकरण, पिंक बूथों की स्थापना, बस व टैक्सियों में पैनिक बटन लगवाने की व्यवस्था।

नगर विकास

2500 करोड़ से होगा महाकुंभ का आयोजन

अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने नगर विकास के माध्यम से 2500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस राशि के जरिए नगर विकास विभाग विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगा। इसके अलावा सरकार ने महाकुंभ के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को भी 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है, जिससे महाकुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

- **विश्वस्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगी सरकार**
- **महाकुंभ में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपये का भी आवंटन**

युवा उद्यमी विकास अभियान

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को प्रोत्साहन, पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज

नई योजना का आगाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नया उपहार दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नए सूक्ष्म उद्यों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उददेश्य से योगी सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है।

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों-यूनिट्स को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में एक मिलियन यूनिट्स को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/ डिग्री युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी।

योजना के अंतर्गत प्रथम लोन के भुगतान के बाद इकाई द्वितीय स्टेज वित्तपोषण के लिए पात्र होगी। इसके अंतर्गत पहले स्टेज के लोन के दोगुना, अधिकतम-7.50 लाख तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है।

01 लाख इकाइयां वित्त पोषित होंगी। आगामी 10 वर्षों में 10 लाख का लक्ष्य

05 लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी

07 लाख पचास हजार तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा





युवाओं के लिए ओडीओपी के अनुरूप कोर्स चलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कौशल विकास

अमृत विचार: युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के तहत कई प्राविधान किए हैं। इसके तहत व्यावसायिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु व्यावहारिक या वोकेशनल ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए विद्यालयों को हब एवं स्पोक्स मॉडल के रूप में विकसित करते हुए ओडीओपी के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की योजना है।

इसके तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से 12वीं उत्तीर्ण करने पर यूपी बोर्ड के प्रमाण-पत्र के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में माध्यमिक स्तर के 804 राजकीय एवं 729 सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रवीण योजना के तहत 301 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भी कौशल आधारित पाठ्यक्रम के लिए 113 महाविद्यालयों का चयन किया गया है।

150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बनेंगी आधुनिक लैब: विद्यार्थियों के कौशल प्रशिक्षण के क्रेडिट उनके क्रेडिट बैंक में सम्मिलित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। टाटा टेक्नोलोजीज के सहयोग से 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा का निर्माण अंतिम चरण में है।

4 हजार करोड़ रुपये पीएमएवाई के लिए आवंटित। नगर विकास विभाग को बजट में 25,698 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

01 अरब रुपये कृषि क्षेत्र में नए कोर्सों के लिए प्रस्तावित। महात्मा बुद्ध कृषि विवि की स्थापना को 100 करोड़ का प्रस्ताव।

01 हजार करोड़ से खत्म होगी बाढ़ और जलभराव की समस्या। वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था।



1950 करोड़ से रुपये से होगा प्रदेश में खेल सुविधाओं का विकास

खेल बजट

लखनऊ। प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने बजट में अनेक प्राविधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्राविधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 1950 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 67 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना के लिए 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों की चोट का समुचित इलाज संभव हो सकेगा।

ऊर्जा: गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ की व्यवस्था

लखनऊ, अमृत विचार : गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बजट में दो हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। पिछले साल की तुलना में यह 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 1800 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। यह चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। बजट में बिजली के पारेषण तंत्र को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। नये वित्तीय वर्ष में पारेषण तंत्र की क्षमता बढ़ाकर 31,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य है।

परिवहन : बसों का बेड़ा बढ़ाने को 500 करोड़

लखनऊ अमृत विचार : बस यात्रियों को सस्ती एवं गुणवत्ता पूर्ण यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से सरकार ने बस बेड़ो में वृद्धि के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की महिला यात्रियों को निगम बसों में नि :शुल्क यात्रा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक 1.03 करोड़ से अधिक महिला यात्रियों को नि :शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है। निर्भया योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए 50 वातानुकूलित पिंक सेवाएं संचालित हैं, जिसमें महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु सभी बसों में पैनिक बटन स्थापित है। किसी भी आपदा की स्थिति में यात्रारत महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा के निरंतर संपर्क में रहती है।

मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना समेत कई योजनाएं होंगी शुरू

कृषि-किसान

लखनऊ, अमृत विचार : कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए नये वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना व राज्य कृषि विकास योजना समेत कई योजनाएं शुरू होंगी। कृषि बजट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राज्य कृषि विकास योजना, विश्व बैंक सहायतित एग्रीज योजना व प्रदेश के विकास खंडों-ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन-ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की जाएगी। इन योजनाओं के लिए क्रमश: 200-200 करोड़ रुपये व 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल कृषि क्षेत्रफल 241.70 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 160.95 लाख हेक्टेयर में खेती की जा रही है। सरकार ने प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 2400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

बेसिक के बच्चों की ड्रेस-बैग के लिए 1000 करोड़

बेसिक शिक्षा

बेसिक शिक्षा के तहत योगी सरकार ने कक्षा- एक से आठ तक अध्ययनरत लगभग 2 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए नि :शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ तथा स्कूल बैग हेतु 350 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। बेसिक शिक्षा के तहत छात्र/छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए क्रय प्रक्रिया को बंद करते हुए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसके अलावा, वंचित एवं दुर्बल वर्ग के 2 लाख से अधिक बच्चों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए 255 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वनटांगिया गांवों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित किए गए हैं तो गरीबी रेखा से ऊपर के लगभग 30 लाख छात्रों को नि :शुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 168 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

तकनीक पर जोर, निजीकरण को प्रोत्साहन

माध्यमिक शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में कई प्राविधानों की घोषणा की। इसमेंमाध्यमिक शिक्षा में आईसीटी लैब की व्यवस्था के साथ उच्च और प्राविधिक शिक्षा के तहत नए विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण की ओर ध्यान दिया गया है। सरकार का जोर तकनीकि के साथ निजाकरण पर ज्यादा दिखा। माध्यमिक शिक्षा के तहत, 2024-2025 तक प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने एवं प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब की व्यवस्था किए जाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत 516.64 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यही नहीं, नए राजकीय संस्कृत विद्यालयों की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 10.46 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, सैनिक स्कूल, गोरखपुर के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

प्रत्येक राज्य विवि को मिलेगा 51.20 करोड़

उच्च शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : उच्च शिक्षा में विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद मंडल मे एक राज्य विश्वविद्यालय तथा देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय हेतु 51.20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 30 करोड़ रुपये, नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना तथा राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किए जाने के लिए 55 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दूसरी तरफ, प्राविधिक शिक्षा के तहत, प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

अयोध्या एयरपोर्ट का होगा विस्तार जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी बजट में प्राविधान किये गये हैं। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) तथा राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति के तहत धन खर्च किये जाने हैं। बजट में इस बात का भी उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट विकसित तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) के एयरपोर्ट्स का कार्य गतिमान है। इसके अलावा अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्या धाम' के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था भी बजट में की गई है।

नजरिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति से यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यस्था की ओर

श्रीराम को समर्पित बजट में लोकसभा चुनाव की छाप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति की बदौलत देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। बजट का सबसे खास पहलू यह है कि योगी सरकार ने अपना यह बजट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लोकमंगलकारी भावना को समर्पित किया है। स्वाभाविक है कि भगवान राम को समर्पित बजट से योगी के रामराज्य के संकल्प को आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

वैसे आसान भाषा में समझने के लिए वन ट्रिलियन का मतलब दस खरब रुपये और वन ट्रिलियन डॉलर मतलब करीब 830 खरब रुपये की अर्थव्यवस्था से है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। शायद इसीलिए योगी सरकार ने बजट में एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सांख्यकीय प्रणालियों

(एसएसएस) की मजबूती एवं ऑनलाइन डेटा स्टोरेज और क्लाउड स्टोरेज की सुविधाओं की स्थापना का ऐलान किया है।

इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर होने का संकल्प पूरा होगा। योगी सरकार ने वर्ष-2024-25 का अब तक सबसे बड़ा बजट पेश करके इस दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश सात लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये (7,36,437.71 लाख रुपये) का बजट ऐतिहासिक है।

गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

बजट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के साथ-साथ राज्य के विकास पर फोकस किया गया है। कुछ लोकलुभावन घोषणाओं से बजट में आगामी लोकसभा चुनाव की छाप भी नजर आती है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाओं की बजट में व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से एक ओर जहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है, वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याण कोष का गठन करके सरकार ने बुजुर्गों की दुआएं हासिल करने की व्यवस्था की हैं।

बजट में अयोध्या, काशी, मथुरा,-वृंदावन के साथ साथ नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवापाटन धाम, और नाथ कोरिडोर बरेली में थीम आधारित बुनियादी ढांचे के विकास से यहां श्रद्धालुओं और धार्मिक पर्यटको खासी सुविधाएं मिल सकेंगी। ऐसा करके योगी सरकार ने विकास और धर्म के समन्वय का एजेंडा तैयार कर दिया है। इस तरह की दृढ़ इच्छा योगी सरकार ने कई विकास और धार्मिक योजनाओं में दिखाई है, जिसके बल पर योगी सरकार निश्चित रूप से आगामी वर्षों में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने सफल हो सकेगी।

माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अयोध्या
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 181, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड 16

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा 15

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

डीआरडीओ ने किया अभ्यास यान का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) - अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किए गए।

ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इसके प्रति आम जनता का भरोसा कम हो रहा है। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम हो रहा है। चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश में वोट डालने का मकसद खत्म हो रहा है। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करना चाहिए। वोटर यह अधिकार है।

विपक्ष ने लिया है लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 14 घंटे तक चली चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

कहा-विपक्ष की वर्तमान में जो हालत है इसके लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश की बदहाली और भ्रष्टाचार को महिमामंडित करने का आरोप लगाया और कहा कि वह विपक्षी 'नामदारों' के ताने सुनते रहेंगे लेकिन कामदारों के साथ देश को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार से लड़ने में लगे रहेंगे। मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 14 घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर प्रहार किए और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से विश्वास हो गया है कि उसने अरसे तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। मोदी ने यह भी दावा किया कि अगले लोकसभा चुनावों में राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को भी 370 सीटें अवश्य प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस की गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और हम इसे सुधारने के लिए काम करते रहेंगे क्योंकि हमारे लिए 'राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बहुत बड़ा अवसर और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।

पूरा देश कह रहा...अबकी बार 400 पार

मोदी ने कहा कि दूसरे कार्यकाल में देश की जनता की बहुत पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। अनुच्छेद 370 को हटते देखा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाए। अंतरिक्ष से ओलंपिक तक और सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक नारीशक्ति की धूम है। अंग्रेजी सरकार के दंडात्मक कानून खत्म करके न्याय संहिता को लाया गया। अयोध्या में भगवान अपने घर में लौटे हैं। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार।

गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे कांग्रेस : शर्मिष्ठा मुखर्जी

जयपुर। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा ने विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ये सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है।

देंगे विकसित भारत के निर्माण को रफ्तार

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के 2014 के अंतरिम बजट के भाषण के हवाले से कहा कि भारत के 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस को गर्व था लेकिन आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने का मजाक उड़ाती है। दावा किया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, यह मोदी की गारंटी है। कहा कि तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर के पास हुई दुर्घटना

कानपुर देहात में सड़क हादसा छह की मौत, दो बच्चे घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

▸▸ पलटने के बाद खुले पड़े नाले में गिरी तेज रफ्तार कार

▸▸ इटावा से तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे कार सवार लोग

अमृत विचार : सिकंदरा थाना क्षेत्र जगन्नाथपुर गांव के पास सोमवार की भोर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए लोग इटावा में तिलक चढ़ा कर गांव लौट रहे थे।

कानपुर देहात के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार की बेटी की शादी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में तय हुई है। रविवार को परिवार और खास नाते-रिश्तेदार तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इटावा के गेस्ट हाउस में तिलकोत्सव निपटाने के बाद देर रात सभी लोग गांव लौट रहे थे। सोमवार की भोर में कार सवार लोग सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी।

नाले में कार गिरने से उस पर बैठे सभी लोग दब गए। जब कुछ लोग उधर से गुजरे तो नाले में कार पलटी देख पुलिस को सूचना दी। सिंकदरा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे आठ लोगों को बाहर निकालकर सिकंदरा सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।हादसे में मुर्रा गांव के रहने वाले कार चालक विकास (42), खुशबू (17), प्राची (13), संजय उर्फ संजू (55), प्रतीक (10) और शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई निवासी गोलू (16) की मौत हुई है। वहीं मुर्रा गांव के विराट (18) और वैष्णवी (16) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

दुर्घटनास्थल पर जानकारी करते पुलिस अधीक्षक।

गम के माहौल में आज पड़ेंगी भांवरें

घर में शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, इस लिहाज से परिवार ने नियत कार्यक्रम के अनुसार ही शादी करने का फैसला लिया है। मंगलवार को गम के माहौल के बीच सुगम शर्मा की भांवरें पड़ेंगीं। परिवार के लोगों का कहना है कि नाते-रिश्तेदारों और वर पक्ष के लोगों से सलाह-मशविरा करने के बाद छह फरवरी को ही शादी की रस्मे पूरी करने का फैसला लिया गया है। शादी तो होगी, मगर खुशियां दूर-दूर तक नहीं दिखेंगी।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

हम हैरान हैं, यह तो लोकतंत्र का माखौल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश

▸▸ आप के पार्षद ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का माखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह लोकतंत्र का माखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।

न्याय की मांग को लेकर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक पार्टी भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. सनी अहलूवालिया ने कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर एक बार फिर बल प्रयोग किया और प्रदर्शन खत्म कराने के लिए आप नेताओं को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि वे हमें डरा नहीं सकते। वे हमें हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भूख हड़ताल करने वाले हमारे केवल पांच लोग (चार कार्यकर्ता और एक पार्षद) सेक्टर 17 में नगर निगम भवन के सामने बैठेंगे।

5 वर्ष होगा लोकायुक्त व उप लोकायुक्त का कार्यकाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ योगी कैबिनेट ने आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का किया फैसला

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का फैसला किया है। इस संशोधन के लिए विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-42, सन् 1975) में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के निर्धारित पांच वर्ष के कार्यकाल को अपरिहार्य विशिष्ट परिस्थितियों तथा कार्यहित में छह जुलाई 2012 की अधिसूचना द्वारा संशोधित करते हुए आठ वर्ष निर्धारित किया गया था। कैबिनेट ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य व कार्यहित को देखते हुए आठ वर्ष का कार्यकाल अत्यधिक होने के कारण इसे लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम-2013 के सामान कार्यकाल पांच वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु जो पहले हो, का प्राविधान करने का फैसला किया। इसके लिए अब उत्तर प्रदेश लोकायुक्त व उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक 2024 लाया जाएगा। कैबिनेट ने फैसला लिया कि उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 में संशोधन करने के लिए विधेयक विधान मंडल में प्रस्तुत किया जाएगा।

चार निजी विश्वविद्यालय की स्थापना को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की निजी क्षेत्र में चार विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, बोधिसत्व विश्वविद्यालय बाराबंकी, राधा गोविंद विश्वविद्यालय चंदौसी, संभल और जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के ग्रेटर नोएडा परिसर में दूरस्थ केंद्र की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को मंजूरी दी।

नए शहरी क्षेत्रों में विद्युतीकरण के लिए 498 करोड़

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक राज्य सरकार ने नए शहरों में विद्युतीकरण के लिए उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन को दूसरी किस्त का 498 करोड़ रुपये देने का फैसला किया है। नगर सृजन योजना के अंतर्गत 346 निकायों में 179 ऐसे हैंजो नए, विस्तार और उच्चीकृत की श्रेणी के नहीं हैं, लेकिन अब इनको भी शामिल करते हुए दूसरी किस्त का पैसा देनेका फैसला किया गया है।

पर्यटन भूमि लीज के लिए बनेगी नीति : कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा गया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित सरकारी भूमि बैंक के भू-भाग को बाधामुक्त पट्टे की सुविधा के लिए यह नीति बनेगी। एक अन्य प्रस्ताव के तहत सिंचाई व जल संसाधन विभाग के निष्प्रयोज्य डाक बंगले निरीक्षण भवन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है।

राज्यों को सिमी पर प्रतिबंध लगाने का मिला अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना

केंद्र ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आतंकवादी समूह 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) को आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित करने का अधिकार दे दिया। केंद्र सरकार ने 29 जनवरी को सिमी पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। आतंकी संगठन पर प्रतिबंध को विस्तारित करते हुए सरकार ने कहा था कि समूह देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्देश देती है कि धारा 7 और 8 के तहत उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों का इस्तेमाल राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा भी गैरकानूनी संगठन सिमी के संबंध में किया जाएगा। दस राज्य सरकारों- आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश ने यूएपीए के तहत सिमी को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए सिफारिश की है।

उपलब्धि | **शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश को संगीत एल्बम के लिए मिला अवार्ड**

ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तबला वादक जाकिर हुसैन को 3 और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया को दो पुरस्कार

भारत ने संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024' में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था।

संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट' शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का अवार्ड भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं।

प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं : हुसैन

महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो' और 'एज वी स्पीक' के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। उस्ताद जाकिर हुसैन ने 'पश्तो' के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा कि प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। कहा कि एकेडमी का शुक्रिया, हमें आज यह खूबसूरत संगीत देने के लिए इन सभी महान संगीतकारों का शुक्रिया।

शंकर महादेवन ने पत्नी को दिया जीत का श्रेय

महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और जाकिर हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा कि हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। राजगोपालन ने इस पुरस्कार के लिए रिकॉर्डिंग एकेडमी का आभार जताया।

'शक्ति' के कलाकारों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

ग्रैमी में भारत पर पुरस्कारों की बारिश : एआर रहमान

स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले एआर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है...ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई।

‘प्रस्तुत बजट सर्व समावेशी व विकास की राह दिखाने के साथ-साथ रामराज की परिकल्पना साकार करने वाला है। इससे विकास को गति मिलेगी, साथ ही, प्रदेश की आधारभूत संरचनाओं, बेहतर कनेक्टिविटी व युवाओं के लिए कौशल विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।’
-आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल

विधान सभा में सत्र के दौरान वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कार्यवाही के दौरान मौजूद विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पक्ष-विपक्ष के अन्य सदस्य। अमृत विचार

रामराज्य की ओर बढ़ चला प्रदेशः भूपेंद्र चौधरी



अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेशवासियों के लिए कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ चला है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाये गये रोड मैप की झलक है। बजट में गाँव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं का ख़ास ध्यान रखा है। रोज़गार सृजन के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और उनको सशक्त बनाने की भी बात बजट में की गई है। गरीब कल्याण को समर्पित इस बजट ने समाज के सभी वर्गों की चिंता की है। प्रदेश सरकार ने कुल बजट में 25 फ़ीसदी हिस्सा इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स पर लगाने की बात कही है। इससे न केवल राज्य में निवेश आएगा बल्कि लोगों को रोज़गार के लिए नये अवसर मिलेंगे। राजकोषीय घाटा कम कर सरकार 24 हजार करोड़ से ज्यादा की नई जनकल्याणकारी योजनाएँ भी प्रदेश सरकार शुरू करेगी। यह प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री ने बजट का आकार बढ़ाने में बनाया नया रिकार्ड

वर्ष 2017-18 से लगातार बढ़ रहा प्रदेश का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2017-18 बजट में 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी
- वर्ष 2019-20 में बजट में 11.97 प्रतिशत की गई थी बढ़ोतरी

अमृत विचारः प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ष बजट के आकार में बढ़ोत्तरी हुई है।

योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के पहले साल में ही योगी सरकार ने 2017-18 बजट में कुल 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी। जो कि 10.87 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख चौरासी हजार छह सौ उनसठ करोड़ सतासी लाख रुपये (3,84,659.71) हो गया था। जबकि साल 2018-19 में 11.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बजट चार लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ चौरासी करोड़ बावन लाख रुपये (4,28,384.52) तक हो गया था।

साल 2019-20 में सरकार ने बजट में 11.97 प्रतिशत की और बढ़ोतरी की। इस वर्ष सरकार ने चार लाख उन्यासी हजार सात सौ एक करोड़ दस लाख रुपये (4,79,701.10) का बजट पेश किया। साल 2020-21 में महज 6.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ योगी सरकार ने पांच लाख बारह हजार आठ सौ साठ करोड़ बहत्तर लाख रुपये (5,12,860.72) का बजट पेश किया। अगले वर्ष सरकार ने 7.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए पांच लाख पचास हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये (5,50,278.78) का बजट प्रस्तुत किया।

योगी आदित्यनाथ दोबारा बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद उसी वर्ष 2022-23 बजट में 11.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब उप्र का बजट बढ़कर छह लाख पंद्रह हजार पांच सौ अट्ठारह करोड़ सत्तानवे लाख रुपये (6,15,518.97) हो गया। बजट 2023-24 में 11.85 प्रतिशत रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई और बजट का आकार छह लाख नब्बे हजार दो सौ बयालिस करोड़ तिरालिस लाख रुपये (6,90,242.43) तक पहुंच गया। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सोमवार को पेश किए गए 2024-25 के बजट में सरकार ने 6.7 प्रतिशत की बजट में वृद्धि के साथ अब तक यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट वित्त मंत्री ने सात लाख छत्तीस हजार चार सौ सैंतीस करोड़ इकहत्तर लाख रुपये (7,36,437.71) का पेश किया।

डुबो देता है कोई नाम तक भी खानदानों का...

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचारः भारी-भरकम बजट प्रस्तुत करने के दौरान सदन का माहौल हल्का फुल्का करने के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शायरी का सहारा लिया। बजट पढ़ते समय उनका शेरो-शायरी के तड़का सुनकर बीच-बीच में सदस्यों ने ठहाके भी लगाए। सुरेश खन्ना की सदन में कही गई चुनिंदा शेरो-शायरी कुछ इस तरह रहीं-

- बजट को उम्मीदें पूरा करने वाला बताते हुए उन्होंने शेर पढ़ा-
- हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं।
- वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से, दर्द से दु:ख से मुझे आराम है।
  हर किसी के वास्ते हर वस्तु है, यह हमारे ऐश्वर्य का पैगाम है।
- बुन्देलखण्ड क्षेत्र औद्योगिक विकास पर बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- पैदा नजर-नजर में एक ऐसा मुकाम कर, दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर।
- गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को आवासीय सुविधा का जिक्र करने के दौरान उन्होंने कविता पढ़ी-
- आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है,
  ढ़ल गयी है आह भी संगीत में,
  जगमगाता है हृदय का अंधकार,
  कष्ट परिवर्तित हुए हैं गीत में।

बजट में दिया गया विशेष ध्यान

फोकस

5,129 करोड़ पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए

13,000 करोड़ महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए

27,086 करोड़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए

वित्तीय वर्ष 2024- 25 में इस तरह खर्च होगा बजट

2500 करोड़
- विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ प्रयागराज महाकुंभ का भी भव्य आयोजन
- 400 करोड़ वाराणसी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए

विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रहीं: ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचारः उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि साल 2017 से पहले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। चिकित्सक अस्पताल जाते नहीं थे। दवाओं का अभाव था और मशीनें चलती नहीं थीं। आज हम विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। सपा की मानसिकता दूषित हो चुकी है। उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। यही कारण है कि उन्हें हर काम में नकारात्मकता नजर आती है।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सिर्फ 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। हर मेडिकल कॉलेज में पैरा मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों की क्लालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से ग्रेडिंग कराई जा रही है। प्रदेश में 25 हजार से अधिक सब सेंटर हैं। हर दिन सरकारी अस्पतालों में 1.75 लाख मरीजों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

पांच हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन होता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अब तक 4.86 करोड़ लाभार्थियों का पंजीयन हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले 774 चिकित्सकों को चिन्हित किया है, उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है।

यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का बजट

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास में इजाफा करने वाले इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश विकास संबन्धी हर क्षेत्र में नंबर एक की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से हमने गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने में कामयाबी हासिल की है। विपक्ष पूरी तरह से डीरेल है। सपा नेताओं के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनकी मानसिकता दूषित हो चुकी है। हर कार्य में उन्हें नकारात्मकता नजर आती है।

उम्मीद रहित यथास्थितिवादी बजटःअजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश का बजट उम्मीद रहित यथास्थितिवादी है। बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शब्दों और जुमलों की बाजीगरी करता हुआ यह बजट प्रदेश के युवाओं को भ्रमित, पिछड़ों और अनुसूचित वर्गों से साथ छलावा, महिलाओं को निराश व किसानों को हताश करने वाला है।उन्होंने कहा कि किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार का सच यह है कि प्रदेश की कृषक गृह (एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड) की औसत मासिक आय 6668 है जो राष्ट्रीय औसत आय 8931 से 35 प्रतिशत कम है।

बजट बड़ा, पर कुछ नया नहीं: आराधना मिश्रा

नेता कांग्रेस विधानमंडल आराधना मिश्रा ने कहा कि दल बजट बड़ा है, पर महत्वपूर्ण विभागों के लिए कुछ नया नहीं है। बजट का आकार और संख्या बड़ी होना बजट की सफलता की निशानी नहीं है, क्योंकि पिछले बजट को इसी तरह बड़ा बनाया गया था लेकिन 40 प्रतिशत विभागों ने अपना आवंटित बजट खर्च नहीं किया, जब पिछले बजट का आवंटन विभाग खर्च नहीं कर पाए तो बजट को खर्च किए बिना प्रदेश का विकास कैसे हो सकता है। बजट को सबसे बड़ा बढ़कर कीर्तिमान रचने की बात की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश बजट में अधिकांश आवंटन सिर्फ पुरानी योजनाओं को लेकर ही है।

आकार में बड़ा लेकिन जनता के लिए छोटा बजट : अनिल

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि यह बजट केवल आकार में बड़ा है लेकिन किसानों, नौजवानों एवं आम जनता के लिए बहुत ही छोटा है। प्रदेश के किसान, नौजवान और आम नागरिक इस बजट में अपनी खुशियां ढूंढ रहे हैं लेकिन इस बजट में खुशियों की जगह सिर्फ निराशा ही मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आज तक नहीं समझ पाई है कि युवाओं और बेरोजगारों को क्या चाहिये। दरअसल भाजपा सरकार की रीति नीति जनविरोधी है, वह पूंजीपतियों के लिए 90 प्रतिशत बजट का प्रावधान करती है और बजट का कुल 10 प्रतिशत आम जनमानस के लिए होता है।

आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगाः अनुप्रिया

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट प्रदेश के अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के सामाजिक व आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश के बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों के कल्याण की व्यवस्था की गई है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि 7 .36 लाख करोड़ रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानो के कल्याण की व्यवस्था की गई है।

27 हजार करोड़ से संवरेंगी प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेलनेस सेन्टर,केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की होगी स्थापित
- स्वास्थ्य, योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मजबूती

अमृत विचारः प्रदेश में सस्ता व बेहतर इलाज के लिए बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग को 27 हजार 86 करोड़ का बजट दिया गया है। बजट से राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत तमाम योजनाओं को रफ्तार मिलेगी ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं के लिए 7 हजार 350 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में हेल्थ वेलनेस सेन्टर केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना के लिए 952 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। साथ ही आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लिए 300 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को 322 करोड़ रुपये दिये गये हैं। राज्य कर्मचारियों को निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज को विस्तार मिलेगा, इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में 150 करोड़ का बजट मिलेगा। असाध्य रोगों की मुफ्त इलाज के लिए 125 करोड़ रुपये की व्यवस्था है।

प्रदेश में खुलेंगे ग्रेड वन (एपेक्स)ट्रामा सेंटरः प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी इलाज के लिए संचालित ग्रेड टू ट्रामा सेंटर को ग्रेड वन यानि एपेक्स ट्रामा सेंटर बनाया जाएगा। इसके बाद सुपर स्पेस्यलिटी विभागों के इलाज के साथ टीचिंग, ट्रेनिंग व शोध कार्य को भी बढावा मिलेगा। ग्रेड वन के ट्रामा 100 बेडेड होंगे, बड़े संस्थानों में 200 बेड के स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

अयोध्या, वाराणसी में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज : राज्य आयुष सोसायटी (आयुष मिशन) के तहत अयोध्या में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व वाराणसी में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज जल्द ही खुल जाएंगे। इससे मरीजों को इलाज के साथ आयुर्वेदिक व होम्योपैथी विधा के नए डॉक्टरों की संख्या बढ़ जाएगी। निर्माणाधीन चार मंजिला आयुर्वेद कालेज में 60 बेड का हॉस्पिटल भी होगा, जिसमें मरीजों के लिए ओपीडी व आईपीडी की सुविधा होगी।

आयुष अस्पताल बनेंगे वेलनेस सेंटर

आयुष्मान योजना अंतर्गत प्रदेश में 1600 नए हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर स्थापित किये जाएंगे। इनमें 1035 आयुर्वेदिक, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सालयों को हेल्थ वेलनेस सेन्टर में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर में करीब 52 एकड़ में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय को पूरा करने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इस विश्वविद्यालय से सभी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी कॉलेज संबद्ध होंगे। वर्तमान में संचालित 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी, 1585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही आठ आयुर्वेदिक, दो यूनानी और नौ होम्योपैथिक कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों का उच्चीकरण प्रावधानित है।

अधिवक्ताओं को भी मिली सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अधिवक्ता कल्याण निधि 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़
- जनपद न्यायालयों के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट में प्रस्ताव

अमृत विचारः राज्य सरकार के अबतक के सबसे बड़े बजट में प्रदेश के अधिवक्ता कल्याण और न्यायालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश के अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि को 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किये जाने का निर्णय लिया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा को भी 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज में निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायालयों की स्थापना के लिए भी 300 करोड़ रुपये प्रदान किये जाएंगे। यही नहीं पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत न्यायालय परिसर के निर्माण के लिए सरकार इस वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ रुपये देगी।

बजट सत्र में भाग लेने के लिए साईकिल से पहुंचे सपा विधायक जाहिद बेग।

श्रीराम का नाम लेकर अयोध्या समेत पूरे राज्य में नए अध्याय की नींव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः ‘मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हजारों वर्षों से भारत और विश्व को महत्तर जीवन आदर्शों की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करता रहा है। पिता के वचन का मान रखने के लिये समस्त राजसी वैभव को निःसंकोच त्याग कर वनवास के लिये प्रस्थान करना और दुष्टों और अधर्मियों का दृढ़तापूर्वक दलन करना ऐसे राजधर्म का अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।’

इन्ही शब्दों और भावों से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रभु श्रीराम का नाम लेकर न केवल योगी सरकार ने बजट 2024-25 को विधानसभा में पेश किया, बल्कि पूरे भाषण के दौरान बार-बार प्रभु श्रीराम और अयोध्या का उल्लेख होता रहा। नव्य-भव्य व दिव्य अयोध्या धाम के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का कार्य कर रही योगी सरकार ने संपूर्ण अयोध्या मंडल में विकास के नए अध्याय की नींव बजट भाषण में रखी। योगी सरकार द्वारा वार्षिक बजट 2024-25 में अयोध्या धाम समेत पूरे मंडल के विकास का जो खाका खींचा गया है उसके केंद्र में अयोध्या में पहुंच मार्गों के विस्तार व सौंदर्यीकरण, पर्यटक-जन सुविधाओं के विकास जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल रहीं।

इन पर फोकस

- जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 03 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।
- अयोध्या में ‘ महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम’ का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रूपये प्रस्तावित है।
- अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं।

निजी नलकूप पर किसानों को नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली

अमृत विचारः नये वित्तीय वर्ष में भी निजी नलकूप पर किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को पेश किये गये ऊर्जा विभाग के बजट में नलकूपों की बिजली पर छूट का उल्लेख नहीं है, बल्कि नलकूप पर रियायती बिजली का जिक्र किया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने भाषणों में किसानों को मुफ्त बिजली देने की बात कही थी, पर वर्तमान में किसानों को नलकूपों पर केवल पचास प्रतिशत छूट दी जा रही है।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में ऊर्जा क्षेत्र में किसानों के लिए 50 प्रतिशत छूट लागू की गई। कहा गया था कि वर्ष 2023-24 में किसानों को 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पर नये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में यह लिखा गया है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए रियायती दरों पर बिजली के लिए 1800 करोड रुपये की व्यवस्था की गई है।

ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में सहायक

- उप्र 2024 के बजट के आकार को विगत वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ाया गया है, जो महत्वपूर्ण है। योगी सरकार के इस बजट के पूंजीगत परिव्यय का आकार पूरे बजट का 28 फीसद है। यूपी के जंबो बजट में कृषि क्षेत्र, युवा, ऊर्जा, महिला तथा पर्यावरण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसीलिए बजट में करीब 25 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। व्यय पर नियंत्रण एवं धन के दुरुपयोग पर कार्य किये जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र को 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदान करने के लिए कई तरह के प्रयास इस बजट में दिखाई पड़ रहे हैं। वो चाहे विपणन की रणनीति हो या फिर उत्पादन प्रणाली में सरकार का सहयोग हो। यह रणनीति प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में सहायक होगा।

टेक्सटाइल हब से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावाःप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसीलिए जहां एक ओर जहां एक ओर टेक्सटाइल हब बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ओडीओपी को भी सशक्त किया जा रहा है। कई रणनीतियां बनती हुईं इस बजट में नजर आती हैं।

धार्मिक पर्यटन और ओडीओपी को बढ़ावाः विकास की दर प्रदेश के नए विकास इंजन के रूप में देखी जा रही है। यह विकास इंजन कृषि, धार्मिक पर्यटन, ओडीओपी, डेटा सेण्टर आदि के रूप में देखा जा सकता है। विकास को दीर्घकालीन एवं समावेशी बनाने के अनवरत प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जा रहे हैं।

प्रतिक्रिया

प्रो .मनोज कुमार अग्रवाल
अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

युवाओं और महिलाओं के विकास पर फोकस

योगी सरकार लगातार अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ विकास करने के लिए प्रयत्नशील है। वो चाहे सड़क हो, एयरपोर्ट हो, सौर ऊर्जा हो, सिचाई हो या फिर भण्डारण क्षमता का विकास हो। इसी के साथ युवाओं और महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकास एवं संवृद्धि को और अधिक गतिशील किया जा रहा है।

निर्धनता के ग्राफ में आई है कमी

प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जिससे युवाओं और महिलाओं की और अधिक भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे प्रत्यक्ष प्रमाण निर्धनों की संख्या में तीव्र कमीं, मातृत्व मृत्यु दर में कमीं और लिंग अनुपात में तीव्र सुधार के रूप में मिलने लगे हैं।

एक नजर

आज रामलला के दरबार में होगी अरुणाचल सरकार

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा के श्रीराम दर्शन यात्रा के तहत मंगलवार को अरुणाचल सरकार रामलला के दरबार में होगी। यात्रा के मीडिया प्रमुख दिवाकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत 70 लोग विशेष विमान से सुबह सुबह 9 बजे हवाई अड्डे पहुंचेंगे और दर्शन-पूजन के बाद वापस रवाना होंगे। हवाई अड्डे पर स्वागत का जिम्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों को सौंपा गया है। स्वागत प्रभारी शैलेंद्र कोरी को बनाया गया है।

कांग्रेस ने संजय व अम्बरीष को बनाया लोस कोआर्डिनेटर

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत कुमारगंज निवासी युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय तिवारी को प्रतापगढ़ लोकसभा और नागीपुर निवासी अम्बरीष पाण्डेय को मोहनलालगंज (सुरक्षित) लोकसभा क्षेत्र का कोआर्डिनेटर बनाया गया है। कोआर्डिनेटर का दायित्व मिलने पर संजय तिवारी व अम्बरीष पाण्डेय ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

धारा 144 की अवधि 27 मार्च तक बढ़ाई

अयोध्या, अमृत विचार : जिले में आगामी दिनों में पड़ने वाले पर्व व त्योहारों को देखते हुए धारा 144 की अवधि 27 मार्च तक बढ़ा दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने सोमवार को बताया कि बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि, संत रविदास जयंती, शब-ए- बरात व होलिका दहन आदि को देखते हुए जिले में निषेधाज्ञा जारी रहेगी। इस दौरान धरना, प्रदर्शन, जुलूस और पदयात्राओं पर रोक रहेगी।

आज चार घंटे गुल रहेगी बिजली

अयोध्या, अमृत विचार : नाका हाईवे से चुंगी तक फोर लेन में चौड़ीकरण के दौरान बाधा बन रहे वृक्षों की कटाई-छंटाई का कार्य होना है। विद्युत वितरण प्रथम खंड के अधिशासी अभियंता प्रदीप वर्मा ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से रामनगर फीडर के क्षेत्रों में छह व सात फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति पूर्ण व आंशिक रूप से बाधित रहेगी। बूथ नम्बर चार पर स्थित 11 केवी लाइन व एलटी लाइन के विस्थापन आदि का कार्य करने के कारण नियावां और चौक उपकेंद्र से मंगलवार को दोपहर 12 से दो बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

14 दिनों में 25 लाख भक्तों ने किए दर्शन, आया करोड़ों का दान

विवेक सक्सेना, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 14 दिनों में 25 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर 11 करोड़ रुपये से अधिक दान किया है। इसके अलावा दानपात्रों में एक करोड़ रुपये से अधिक नकद चढ़ावा मिला है। भक्तों ने सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी चढ़ाएं हैं। चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। विदेशों से भी भक्त ट्रस्ट के खाते में दान कर रहे हैं।

चढ़ावा राशि की काउंटिंग टीम के सूत्रों के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के संरक्षण में ट्रस्ट के प्रतिनिधि गोपालजी, परिसर प्रभारी राम शंकर, कैश प्रभारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और स्टेट बैंक के 15 कर्मचारियों की टीम ने सीसीटीवी की निगरानी में राममंदिर में 'बालक राम' के सामने रखे छह दान पात्रों में चढ़ावे की धनराशि की गिनती शनिवार रात शयन आरती के बाद शुरू की गई। जो रविवार सुबह करीब चार बजे तक चली।

गणना में एक करोड़ से ज्यादा की चढ़ावा राशि दानपात्रों में नकद मिली। इसके अलावा बड़ी संख्या में सोने-चांदी और अन्य धातुओं के जेवर भी मिले। चढ़ावा राशि और भेंट के सामान को मंदिर परिसर के काउंटिंग रूम में बने चेस्ट में रखवा दिया गया है। भारी भीड़ के चलते प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से इन बड़े आकार के दान पात्रों को दान की राशि की गिनती के लिए नहीं खोला गया था।

मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। भव्य मंदिर के गर्भगृह में जहां बालक राम विराजमान हैं, उनके सामने दर्शन मार्ग के पास रखे दानपात्रों में श्रद्धालु सीधे चढ़ावा राशि प्रभु श्रीराम को अर्पित कर रहे हैं। साथ ही 10 कंप्यूटराइज्ड काउंटर पर भी लोग दान की राशि जमा करते हैं। दान काउंटर पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी नियुक्त हैं, जो शाम को काउंटर बंद होने पर मिली दान राशि का लेखा-जोखा ट्रस्ट कार्यालय में जमा कर देते हैं। इन काउंटरों पर भी 11 करोड़ रुपये से अधिक का चढ़ावा भक्तों ने चढ़ाया है।

रामंदिर

- दानपत्रों में आए रुपयों की हुई गिनती, सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी मिले
- 26 जनवरी को 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

01 करोड़ से ज्यादा नकद मिले, चेक और ऑनलाइन से भी मिले करीब 3.50 करोड़

प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 को सर्वाधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से अब तक 25 लाख से अधिक भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसमें प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो पांच लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिन्होंने देर रात तक दर्शन-पूजन किया। इसके बाद 26 जनवरी को 3 .50 लाख और 28 जनवरी को 3 .25 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद औसतन दो लाख रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज : दवा पंचकर्म और योग से होगा इलाज

मवई के हुनहुना गांव में जून तक तैयार हो जाएगा 50 करोड़ में 60 बेड का अस्पताल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में 50 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का संचालन जून माह से संभव है। प्रदेश सरकार की ओर से सोमवार को पेश किए बजट में 2024-25 में इसके संचालन का लक्ष्य रखा गया है। अस्पताल के संचालन के बाद प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद से इलाज कराना और भी आसान हो जाएगा। 60 बेड वाले अस्पताल में आयुर्वेदिक दवाओं के अलावा पंचकर्म और योग के जरिए कैंसर समेत गंभीर बीमारियों को ठीक करने का प्रयास किया जाएगा।

इसके अलावा यहां सर्जरी की भी सुविधा रहेगी। हर वर्ष यहां बेचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल एंड सर्जरी (बीएएमएस) के 60 बच्चों की पढ़ाई की भी सुविधा रहेगी। जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर मवई के हुनहुना गांव में दो वर्ष से पांच एकड़ में निर्माणाधीन राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का कार्य अब अंतिम चरण में है। यहां आयोग से चिकित्सकों की भर्ती होगी। हर वर्ष नीट के जरिए 60 बच्चों का पढ़ाई के लिए चयन होगा। यहां चार चिकित्साधिकारी व चार प्रोफेसर भी तैनात रहेंगे।

यूपी बजट

05 पांच एकड़ में बने अस्पताल में गंभीर इलाज और सर्जरी की भी व्यवस्था

प्राचीनतम चिकित्सा पद्धतियों में से एक है पंचकर्म

आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा पद्धति भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। देश के दक्षिणी भाग में यह बहुत लोकप्रिय है। इस पद्धति में शरीर के विषों को बाहर निकालकर शुद्ध किया जाता है। इसी से रोग निवारण भी हो जाता है। यह शरीर शोधन की प्रक्रिया है, जो स्वस्थ मनुष्य के लिए भी फायदेमंद है। इस प्रक्रिया में उल्टी के बजाय मल द्वार के जरिए अशुद्धियों को निकाला जाता है। पीलिया, कोलाइटिस, सीलिएक संक्रमण आदि में इस प्रक्रिया को ज्यादा अपनाया जाता है।

परिसर में लगाए जड़ी-बूटियों के पौधे

आयुर्वेद विधा से इलाज में जड़ी बूटियों का बड़ा महत्व होता है। यह जड़ी बूटियां हमारे आस-पास स्वत: उगने वाले पौधों में भी रहती है। ऐसे ही पौधों को महत्व देते हुए मेडिकल कॉलेज के परिसर में लगवाया जा रहा है। इन्हीं पौधों से जड़ी-बूटियों और चूर्ण बनाने का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके बारे में वहां पढ़ने आए भावी चिकित्सकों को जानकारी दी जाएगी।

बोले लोग, खल रही दूरी

जिले में आयुर्वेद का मेडिकल कॉलेज खुलने जा रहा है। लोग खुश भी है और दुखी भी। उनका कहना है कि अस्पताल का निर्माण अगर जिला मुख्यालय के आसपास होता तो अच्छा होता। विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी बृजेश त्रिपाठी और कौशलपुरी निवासी सत्य प्रकाश का कहना है कि शहर में मेडिकल कॉलेज बनता तो लोगों को पहुंचना आसान होता। मुख्यालय से काफी दूर बनने के कारण वहां तक कई मरीजों को पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज आयुर्वेद में संभव है। निश्चित ही जिले में इस तरह का मेडिकल कॉलेज बन जाने से आयुर्वेद पर विश्वास रखने वाले मरीजों को फायदा होगा। उन्हें न सिर्फ अच्छा इलाज मिलेगा, बल्कि वे अपनी प्राचीन पद्धति से भी अवगत होंगे। **-डॉ. राहुल सिंह, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक**

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। यहां 66 बेड का हॉस्टल भी है। थोड़ी और जमीन की आवश्यकता है, जिसके लिए स्थानीय विधायक रामचंद्र यादव से बात की जा रही है। मंदिर के लोकार्पण के समय ही इसका उद्घाटन होना था, लेकिन कहीं कारणों से थोड़ा बिलंब हो गया। जून तक भवन तैयार होते ही संचालन शुरू करा दिया जाएगा। **-डॉ. विष्णु, क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी**

सिविल लाइन स्थिम शोरूम में टीवी पर बजट का प्रसारण देखते लोग। अमृत विचार

रामराज्य की कल्पना को साकार करने वाला बजट

साधु-संतों ने योगी सरकार का जताया आभार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : योगी सरकार की ओर से सोमवार को पेश किए गए बजट को साधु-संतों ने रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने वाला बताया है। साधु-संतों ने अयोध्या के चहुंमुखी विकास को लेकर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

यह गौरव पूर्ण बजट है। इससे अयोध्या का सर्वांगीण विकास होगा। चाहे वह एयरपोर्ट हो, मठ मंदिर हो या अन्य गलियां हो। देश विदेश से पर्यटक आएंगे तो यहां व्यापार और ट्रैवल भी बढ़ेगा। और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। **- देवेशाचार्य, महंत, हनुमान गढ़ी पट्टी**

आज अयोध्या ही नहीं संपूर्ण प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और कुटीर उद्योग के विकास में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। **- महंत वरुण दास**

सोहावल आईटीआई टीटीएल सहयोग योजना में चयनित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : स्थापना के सात साल बाद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोहावल को बड़ी सौगात मिली है। संस्थान का चयन आधुनिक कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए टीटीएल सहयोग योजना में हुआ है। नवनिर्मित भवन के हस्तातंरण के बाद इसी सत्र से यहां विभिन्न पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जबकि पूर्व में कक्षाएं मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में संचालित कराई जा रही थीं।

प्रदेश सरकार की ओर से इस बार बजट में इसके लिए प्रदेश स्तर पर 818.75 करोड़ के बजट का प्रस्ताव किया गया है। नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई अयोध्या (बेनीगंज) के प्रधानाचार्य मयंक मणि शुक्ल ने बताया कि टीटीएल से सहयोग योजना में सोहावल आईटीआई का प्रस्ताव मांगा गया था। अवशेष 69 आईटीआई के लिए योजना में बजट आवंटित होने से अब अयोध्या और रुदौली आईटीआई की तरह सोहावल में भी उन्नत प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम की सुविधा हासिल होगी।

बजट : किसान खुश, गृहणियों में निराशा

- शिक्षक बोले- पुरानी पेंशन पर उठाना चाहिए था कदम
- बजट को लेकर रही मिलीजुली प्रतिक्रिया

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की ओर से सोमवार को पेश किए गए बजट को लेकर जिले के लोगों ने मिलीजुली प्रक्रिया दी है। किसी वर्ग को बजट को दूरगामी बताया है तो किसी ने निराशाजनक बताया है। बजट को लेकर किसान खुश हैं, तो शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली करने की बात दोहराई है। जबकि गृहणियों ने रसोई गैस सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी करने की बात कही है। बजट को लेकर सोमवार को अमृत विचार ने हर वर्ग से जुड़े लोगों के विचार जाने। पेश है उनके प्रमुख अंश....

सरकार ने बजट में 60 साल से अधिक उम्र वाले किसानों को तीन हजार रुपये पेंशन का प्रावधान किया है। यह कदम किसानों के लिए बहुत ही हितकारी साबित होगा। **-जयनाथ दुबे, किसान।**

केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही है। बजट में 60 वर्षीय किसानों को तीन हजार पेंशन देने का निर्णय स्वागत योग्य है। इससे लाभ होगा। **-भोला नाथ दुबे, किसान, हैरिंगटनगंज।**



बजट में 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को प्रतिमाह 3000 रुपये पेंशन देने की घोषणा स्वागत योग्य है। आजादी के बाद पहली सरकार है, जिसने किसानों के बारे में ध्यान दिया है। **- त्रिलोकी नाथ तिवारी, किसान, पूराबाजार।**

60 साल पार कर चुके किसानों को प्रतिमा 3000 रुपये पेंशन देने की घोषणा करके सरकार ने बुजुर्ग किसानों का ध्यान रखा है। छुट्टा मवेशियों पर रोकथाम के लिए भी ठोस कदम उठाना चाहिए। **- सदानंद पांडे, किसान, पूराबाजार।**

बजट से शिक्षक और कर्मचारियों को बहुत उम्मीद थी। पुरानी पेंशन पर सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया। यह बजट शिक्षक और कर्मचारियों के लिए हितकर नहीं है। यह निराश करने वाला है। **- अवधेश यादव, शिक्षक नेता।**

प्रदेश सरकार का बजट किसानों सहित अन्य वर्ग के लिए हितकारी है। घरेलू जरूरतों के अनुरुप यह बजट ठीक नहीं है। रसोई गैस सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी करनी चाहिए थी। **- अर्चना चतुर्वेदी, गृहिणी।**

सरकार द्वारा जारी बजट से महिलाओं को विशेष राहत मिलने की आस थी, लेकिन सरकार को शिक्षकों और कर्मचारियों को देखते हुए पुरानी पेंशन भी बहाल करना चाहिए था। **- रिचा अग्रवाल, शिक्षिका, चौक।**

योगी सरकार का बजट में युवाओं के लिए कुछ खास नहीं है। बजट में सरकार को नई भर्तियों के लिए व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि युवाओं को रोजगार से नए अवसर मिलते। **- अंकुर दुब, युवा, शाहगंज।**

योगी सरकार का बजट का आम लोगों को राहत देने वाला है। यह बजट सरकार के दूरगामी परिणाम देने वाला है। आने वाले दिनों में यह बहुत अच्छा बजट साबित होगा। **- राहुल कुमार, स्थानीय निवासी।**

अयोध्या के विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यह बजट अयोध्या के लिए बहुत विशेष है। निश्चित रूप से यहां रहने वाले लोगों को इसका फायदा मिलेगा। **- डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, स्थानीय निवासी।**

दो दशक बाद पूरी हुई अधिवक्ताओं की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश के अधिवक्ताओं की मांग आखिरकार दो दशक बाद पूरी हो गई। वर्ष 1993-94 से हो रही अधिवक्ता कल्याण निधि बढ़ाने की मांग अब पूरी होने पर अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है। अधिवक्ता यशवीर सिंह चिंटू ने कहा कि अधिवक्ता कल्याण निधि बढ़ाने की मांग पिछले दो दशक पूर्व सपा सरकार में की गई थी। जिसके लिए समय-समय पर मांग उठाई जाती रही है। दो दशक बाद योगी सरकार ने बजट में अधिवक्ताओं के हित की बात को ध्यान में रखते हुए आखिरकार मांग स्वीकार कर ली। अधिवक्ता सौरभ मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि के लिए प्रतिवर्ष जहां दो सौ करोड़ रुपये का बजट होता था, उसे योगी सरकार ने बढ़ाकर पांच सौ करोड़ रुपये किया है। अब मृत्यु की दशा में अधिवक्ताओं को डेढ़ लाख के बजाय पांच लाख रुपये अनुमन्य सहायता राशि मिलेगी।

सौरभ मिश्र



यशवीर सिंह

प्रशिक्षित युवा लगा सकेंगें उद्यम :सुरेंद्र प्रताप

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने बजट में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की घोषणा कर आगामी वित्त वर्ष में 1000 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। भारतीय उद्योग संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि योजना से प्रशिक्षित युवा सहूलियत मिलने से उद्योग के क्षेत्र में आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को पूर्व घोषित योजनाओं के अनुपालन पर भी ध्यान देना चाहिए और समीक्षा करनी चाहिए। उद्योग विभाग के उपायुक्त अमरेश पांडेय का कहना है कि अभियान के तहत कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित युवा वर्ग को उद्यम के लिए प्रोत्साहित करने की योजना है। इसके लिए प्रशिक्षित युवा को अपना उद्योग लगाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण अथवा सब्सिडी दी जाएगी। फ़िलहाल अभी योजना के ब्योरे का इंतजार है।

क्रीड़ा संस्थान को पूरा कराया जाए : राजेंद्र

अयोध्या, अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि प्रदेश सरकार ने खेल के लिए तमाम घोषणाएं की हैं। बजट आवंटित कर क्रीड़ा संस्थान को पूरा कराया जाए। जिससे जिला और क्षेत्र के लोगों को विश्व स्तरीय खेल सुविधा हासिल हो सके।

नए खिलाड़ियों को तैयार करने की योजना पर नहीं दिया ध्यान

खिलाड़ियों व खेलों के विकास के लिए दिल खोलकर बनाईं योजनाएं

मकबरा स्थित स्टेडियम में बजट को लेकर चर्चा करते खिलाड़ी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रदेश सरकार के बजट पर खेल संघों ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों व खेलों के विकास के लिए दिल खोलकर योजनाएं बनाई गई हैं। इससे छात्रावास के खिलाड़ियों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है। नए खिलाड़ियों को तैयार करने की योजना पर ध्यान नहीं दिया गया है। प्रदेश के स्कूली खिलाड़ियों को संसाधन उपलब्ध कराकर जमीनी स्तर पर खिलाड़ी तैयार करने की योजना पर काम नहीं हो रहा है, उन्हें तैयार करने की जरूरत है। अमृत विचार से खेल बजट पर बात करते हुए खेल पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए अपनी मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की।

खेल अवस्थापनाओं से अत्याधुनिक सुविधाएं खिलाड़ियों के लिए हितकर है। निजी सहभागिता से रखरखाव बेहतर और प्रोत्साहन राशि से खेलों में युवा रुचि लेंगे। **-परमेन्द्र सिंह, भारतीय हैंडबाल टीम कोच व उप्र ओलम्पिक संघ कार्यकारिणी सदस्य।**

प्रदेश में जमीनी स्तर पर खिलाड़ी तैयार करने की योजना पर काम नहीं हो रहा है। स्कूली स्तर पर खेलों को विकसित करने की ठोस पहल की आवश्यकता है। **-धर्मेन्द्र सिंह, जिला सचिव खो-खो संघ व स्कूली क्रीड़ा समिति।**

स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना सराहनीय है। खेल अवस्थापनाओं के विकास के लिए बजट तो अच्छी बात है। रखरखाव पर हो रहे खर्च पर विचार जरूरी है। प्रशिक्षकों की कमी दूर करने की आवश्यकता है। **- अनूप दुबे, जिला सचिव बैडमिंटन संघ।**

अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी का अनुभव खिलाड़ियों को तराशने का काम करेगा। स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की प्रदेश में बहुत आवश्यकता है। बजट से सभी खिलाड़ियों व खेलों का हित होगा। **-मो. इरफान, उपक्रीड़ा अधिकारी।**

प्रदेश के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को भी मानदेय मिलना चाहिए। गैर छात्रावास के खिलाड़ी व खेलों के उत्थान के लिए भी बजट होना चाहिए। खेलों पर सरकार की सोच अच्छी है। **- रमेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव उप्र टेनिसबॉल क्रिकेट संघ।**

अंतरराष्ट्रीय पदक खिलाड़ी से प्रशिक्षण अच्छी बात है, किन्तु राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ियों की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उप्र में वन डिस्ट्रिक्ट वन गेम की तर्ज पर अत्याधुनिक खेल अवस्थापनाओं होनी चाहिए। **- योगेश्वर सिंह, व्यायाम शिक्षक बेसिक व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी।**

योगी सरकार द्वारा जारी किए गए बजट में आवासीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए बजट की व्यवस्था दी गई है। यह खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। **- अशीष कुमार, क्रिकेट खिलाड़ी**

एक नजर

कुश्ती प्रतियोगिता का ट्रायल 8 को

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता के लिए जिला व मंडल स्तरीय चयन/ट्रायल्स डॉ. भीमराव अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीडा संकुल डाभासेमर में 8 फरवरी को आयोजित किया गया है। इससे सम्बंधित और अधिक जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा से प्राप्त की जा सकती है।

लखनऊ जाएंगे कांग्रेस पदाधिकारी

अयोध्या, अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय के मंगलवार को संवाद व समीक्षा के बाद इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। जिले से राष्ट्रीय समिति सदस्य पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री, दयानन्द व प्रांतीय समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह समेत सभी 29 सदस्य आज लखनऊ के रवाना होंगे।

माघ मेले के लिए पहुंचे मेला नोडल अधिकारी

अयोध्या, अमृत विचार : प्रयागराज के माघ मेले को लेकर मेला स्पेशल बसों के संचालन के लिए मेला अधिकारी सीतापुर के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार सोमवार को अयोध्या पहुंच गए। राम मंदिर के दर्शन के लिए आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर इस बार परिवहन निगम मुख्यालय ने माघ मेला स्पेशल बसों के संचालन का जिम्मा हरदोई क्षेत्र को सौंपा है। हरदोई क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अपराजित श्रीवास्तव ने शाजहांपुर डिपो की 60, हरदोई की 65, सीतापुर की 55, गोला और कनौज डिपो की 20-20 रोडवेज बसों की ड्यूटी लगाई है। यहां पहुंचे मेला अधिकारी राकेश कुमार का कहना है कि मेला स्पेशल ड्यूटी के लिए बस और स्टाफ तथा प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार को प्रयागराज के नोडल मेला अधिकारी के साथ बैठक होनी है। मौनी अमावस्या स्नान के पूर्व आठ फरवरी से संबंधित स्थलों से बसों का संचालन किया जाएगा।

रामनवमी मेले से पहले चौड़ा होगा रेलवे स्टेशन का मार्ग

चौड़ीकरण के जद में आने वाले हिस्से को लोगों ने शुरू किया तोड़ना, प्रभावित हो रहे 24 भवन, छह धर्मशाला और 50 से अधिक दुकानें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी श्रद्धालुओं बढ़ती आमद को देखते हुए रामपथ से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन जोड़ने वाले मार्ग के चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस मार्ग को 21 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसको लेकर लोगों ने चौड़ीकरण की जद में आ रहे हिस्से को स्वयं ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। मार्ग पर 50 से अधिक दुकानें, छह धर्मशाला और 24 भवन प्रभावित हो रहे हैं।

धर्मपथ, रामपथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ निर्माण के बाद अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन मार्ग के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण का काम तेज हो गया है। चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण की जद में आने वाले भवन स्वामियों को दिसंबर माह में जिला प्रशासन ने क्षतिपूर्ति की धनराशि दे चुका है। इसके बाद जिला प्रशासन ने बीते माह चौड़ीकरण की जद में आने वाले हिस्से को स्वयं तोड़ने समय देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि समय से स्वयं ध्वस्तीकरण का नहीं किया गया तो जेसीबी से इसे गिरा दिया जाएगा। जिला प्रशासन की चेतावनी के बाद लोगों ने स्वयं इसे तोड़ना शुरू कर दिया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार रामनवमी मेले से पहले ही सड़क के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन मार्ग पर शुरू हुआ ध्वस्तीकरण का काम। अमृत विचार

> अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। रामनवमी पर भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचेंगे। इसलिए रेलवे स्टेशन मार्ग को सुगम यातायात व्यवस्था के लिए चौड़ा किया जाना प्रस्तावित था। दीपोत्सव और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन होने के कारण यह कार्य संभव नहीं हो सका। रामनवमी के पहले ही इस कार्य को पूरा का लक्ष्य है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की सुविधा न हो। - **नीतीश कुमार, जिलाधिकारी**

डीआरएम ने स्टेशनों पर परखीं सुविधाएं

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए आस्था स्पेशल ट्रेनों से यात्री अयोध्या पहुंच रहे हैं। यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर डीआरएम एसएम शर्मा सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने अयोध्या कैंट स्टेशन का भ्रमण कर यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। इससे बाद उन्होंने दर्शननगर रेलवे स्टेशन का भी भ्रमण किया। इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा व मंडल के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इससे पहले सुबह एडीआरएम सचिन वर्मा ने सलारपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। दोपहर बाद इंदौर से चलकर आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या धाम स्टेशन पहुंची। करीब 1200 से अधिक यात्री रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

स्पाइस जेट ने एयरपोर्ट से शुरू की टिकटों की ब्रिक्री

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अब आम आदमियों को फ्लाइट में सफर करने के लिए टिकटों की बुकिंग कराने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए स्पाइस जेट ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से ही टिकटों की ब्रिक्री शुरू कर दी है। एयरपोर्ट के बाहर ही कंटेनर ऑफिस में बुकिंग काउंटर बनाया गया है। यहां से बुकिंग कराने वाले लोगों को विंडो सीट के लिए विकल्प भी दिया जा रहा है। 15 फरवरी से अकासा एयनलाइन भी अयोध्या से अपनी विमान सेवा शुरू करने जा रही है। उधर, सोमवार को नौ विमानों ने उड़ान भरी। बंगलुरू जाने वाली फ्लाइट लेट रही। एयरपोर्ट से मंगलवार को 14 विमान उड़ान भरेंगे।

बंगलुरू जाने वाला विमान रहा लेट, आज 14 भरेंगे उड़ान

अवध विश्वविद्यालय का दुबई के साथ हुआ समझौता

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं इंडो गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन, दुबई के मध्य एकेडमिक क्रियाकलापों के लिए अनुबंध किया गया। विवि के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में सोमवार को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल एवं यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट लंदन, यूएई कैंपस के डिप्टी एकेडमिक डीन प्रो. मोहन लाल अग्रवाल के बीच अनुबंध-पत्र का आदान-प्रदान किया गया। समझौता पत्र से पहले विवि के कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. गोयल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराने के लिए दुबई के साथ एमओयू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस एमओयू से भविष्य में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। यूएई कैम्पस के डिप्टी एकेडमिक डीन प्रो. मोहन लाल अग्रवाल ने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच एकेडमिक क्रियाकलापों में तेजी लाई जाएगी। इन्हें रोजगारन्मुख बनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. आशीष, डॉ. राकेश, डॉ. प्रियंका व डॉ. महेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

जिले में 35 एमएम हुई बारिश से गलियों में भरा पानी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में रविवार को हुई बरसात से जनजीवन प्रभावित हो गया। सुबह से शाम तक रिमझिम फुहार और देर रात झमाझम बारिश के बाद 35 एमएम बरसात रिकॉर्ड हुई। जिससे नाली-नाले चोक हो गए। गली-कूचों में पानी भर गया। उचित निकासी न होने के कारण लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ा। सोमवार को भी जिले के कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई। आने वाले 24 घंटे में बादल छाए रहने की संभावना है। बारिश का अनुमान नहीं है।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्विवद्यालय के मौसम विभाग ने रविवार को दिन भर बारिश की संभावना जताई गई थी। सोमवार को सुबह से ही मौसम करवटें लेता दिखा। क्षण में आसमान में बादल छा जाते तो कुछ ही देर बाद मौसम साफ हो जाता था। दोपहर में 12 बजे के बाद थोड़ी देर के लिए निकली हल्की धूप भी सर्द हवा से राहत न दिला सकी। जिले में निराला नगर स्थित सब्जी मंडी मार्ग, रामपथ पर अमानीगंज जलकल के सामने, देवकाली स्थित आदर्शपुरम व अन्य जगहों पर लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ा। आदर्शपुरम में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से बरसात में ही नहीं आम दिनों में भी पानी सड़क के किनारे स्थित नाले में जाने के बजाय उल्दी दिशा में जाता है और घरों तक पहुंच जाता है। उधर, बारिश का पानी गेहूं के खेतों में भर जाने से किसानों की बांछें खिल गईं। उनका मानना है कि उन्हें सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्विवद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि सोमवार को 10 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। आज मंगलवार को बारिश की संभावना नहीं है।

▸▸ आज बादल छाने की संभावना, बारिश के आसार नहीं

बारिश में कीचड़ से बाधित हुआ टेंट सिटी का मार्ग

राम मंदिर पर कोई असर नही

बारिश के बाद टेंट सिटी के बाहर हुआ कीचड़।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी में रविवार रात हुई रिमझिम बारिश के कारण राम मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई लेकिन खेतों में बनाई गई टेंट सिटी लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी रही। टेंट सिटी तक जाने वाले मार्ग में कीचड़ से अव्यवस्था बनी रही। भाजपा कार्यकर्ता आने वाले अतिथियों की रुकने और उन्हें राम मंदिर में दर्शन कराए जाने की व्यवस्था की तैयारी में जुटे रहे। जय श्री राम उद्घोष के साथ सोमवार को लगभग दो लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया है। श्री राम जन्मभूमि तिरछे ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने किा कि बरसात से श्रद्धालुओं के दर्शन में कोई प्रभाव नहीं पड़ा रहा है। जन्मभूमि पाठ के रास्ते से पर कोटा के मुख्य द्वारा में प्रवेश होने के बाद फर्श तैयार किया गया है।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बड़ी देवकाली पहुंच किया दर्शन-पूजन

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बड़ी देवकाली मंदिर पहुंचे प्रभु श्रीराम की कुलदेवी मात बड़ी देवकाली का आशीर्वाद लिया। बड़ी देवकाली मंदिर के महंत सुनील पाठक ने बताया कि निर्माण समिति के अध्यक्ष ने माता का दर्शन किया।

फर्जीवाड़ा कर वीआईपी प्रोटोकॉल लेने वाले अनूप के खिलाफ गिरोहाबंद की रिपोर्ट

अयोध्या। अमृत विचार : सरकार के तमाम उपक्रमों का सदस्य बता फर्जी पत्र के सहारे वीआइपी प्रोटोकॉल हासिल करने के आरोपी अनूप चौधरी समेत उसके गिरोह के खिलाफ कैंट थाना पुलिस ने गिरोहबंद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक कारोबारी की ओर से ठगी की शिकायत पर एसटीएफ लखनऊ की टीम ने उसे सर्किट हाउस के पास से गिरफ्तार किया था। जिले के कैंट थाने में भारत सरकार के फर्जी लेटर पैड का इस्तेमाल कर वीआईपी प्रोटोकॉल और सर्किट हाउस में आवास हासिल करने के आरोप में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना में कैंट पुलिस को पता चला कि अनूप चौधरी ने आर्थिक लाभ के लिए एक संगठित गिरोह बना रखा है। इसके बाद रिपोर्ट बनाकर अनुमोदन के लिए जिला मजिस्ट्रेट को भेजी। जिला मजिस्ट्रेट का अनुमोदन हासिल होने के बाद कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्या ने अनूप कुमार चौधरी निवासी पिलखावां थाना रौनाही अयोध्या, उसके निजी सचिव फिरोज आलम निवासी बेतवाला काशीपुर उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड के खिलाफ धारा 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया हैं। मामला विवेचना के लिए नगर कोतवाल के सुपुर्द किया गया है।

शक्ति वंदन अभियान की हुई कार्यशाला

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: आधी आबादी को भाजपा की रीति-नीति से जोड़ने और उनसे संवाद के लिए पार्टी की ओर से चलाये जा रहे शक्ति वंदन अभियान की सोमवार को सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़े। उन्हें पार्टी की विचारधारा के साथ जोड़ा जाए, इसके लिए तेजी से कार्य करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना लागू की है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा नारी शक्ति के सम्मान व स्वालंबन के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखला प्रदान की है।

शक्ति वंदन अभियान कार्यशाला में मौजूद पदाधिकारी।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के तहत समूह की महिलाओं के घर सम्पर्क कर उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया जाएगा। 10 फरवरी को स्वंय सहायता समूह व महिला कल्याण के क्षेत्र के स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ लोक सभा केन्द्रीय कार्यालय पर चाय पर चर्चा होगी और 12 फरवरी को सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर स्वंय सहायता समूह की प्रमुख महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। जबकि 25 फरवरी को आयोजित मंडलीय सम्मेलन को प्रधानमंत्री वर्चुअली सम्बोधित करेंगे। महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष आशा गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिमा शुक्ला, नीलम जायसवाल, गीता, मंजू गुप्ता यमुनोत्री केसरवानी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन प्रतीक श्रीवास्तव ने किया।

सार-संक्षेप

गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य : डॉ. रामनाथ

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : गरीबों, असहायों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है। सही अर्थों में इन लोगों की सेवा नारायण सेवा के समान है। उक्त बातें डॉ. रामनाथ मिश्र ने हरीरामपुर पूरे नोखईमिश्र में आयोजित कुमारी अंशु मिश्रा सेवार्थ कम्बल दान कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम कुमारी अंशु मिश्रा की आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ था। जिसमें 250 गरीबों असहायों को कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम में डा. प्रेमप्रकाश मिश्र, जगजीवन प्रसाद मिश्र, गिरजा प्रसाद तिवारी, पंडित राजीव कृष्ण तिवारी, डॉ.जगतनारायण शुक्ल,जयप्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक गंभीर

अयोध्या, अमृत विचार : प्रयागराज-अयोध्या रेल प्रखंड पर मंगलवार को मोदहा क्रॉसिंग पर एक युवक उधर से गुजर रही मनवर संगम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इनायतनगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज निवासी अखंड प्रताप सिंह(40) पुत्र चंद्रपाल सिंह नगर कोतवाली क्षेत्र के कौशलपुरी कॉलोनी में किराये का कमरा लेकर परिवार के साथ रहता है। पत्नी ममता सिंह का कहना है कि सुबह वह सब्जी लेने की लिए घर से निकला था। इसी दौरान लगभग साढ़े नौ बजे मोदहा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रयागराज से बस्ती जा रही मनवर संगम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सोनू कुमार का कहना है कि मामले की जाँच कराई जा रही है।

विपक्ष को कमजोर करने का हो रहा प्रयास

अयोध्या, अमृत विचार : लोकसभा प्रभारी व कांग्रेस प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का भय दिखाकर विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं को संदेश है कि हमें थानाशाही सरकार से डरना नहीं है। आमजन के बीच अपनी आवाज मजबूती से उठाते रहना है। वो सोमवार को मसौधा ब्लॉक के चांदपुर गांव ने जनसंवाद कर रहे थे। कार्यक्रम संयोजक अब्दुल हकीम रहे। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष लाल मोहम्मद ने की। इस दौरान रामसनेही निषाद, अब्दुल हकीम,अनवर हुसैन,रविंद्र कोरी आदि उपस्थित रहे।

हादसे में बाइक सवार सुपरवाइजर गंभीर घायल, रेफर

अयोध्या,अमृत विचार : निर्माणाधीन रामपथ पर पाइप लाइन निर्माण के कार्य का सुपरवाइजर एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुपरवाइजर को हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर किया गया है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के काली पांडे का पुरवा निवासी 28 वर्षीय सर्वेश पांडे पुत्र राम अभिलाक पांडेय रामपथ पर जलापूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन में सुपरवाइजर का काम कर रहा था। सोमवार की रात वह ड्यूटी पूरी कर बाइक से वापस घर जा रहा था। इसी दौरान सरियावा स्थित ओवर ब्रिज के पास एक पिकअप वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मामले की जानकारी के बाद उसके भाई परवेश पांडेय ने रात 11:55 बजे उसको जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया।

वाहन सीज कर दिया नहीं लिखी चोरी की रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार। रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव से गांव सभा की संपत्ति से चोरी से काटे गए 12 पेड़ों का मामला पुलिस के गले की फांस बन गया है। कोर्ट ने मामले में भ्रामक आख्या देने और रिपोर्ट न दर्ज करने को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के लिए आदेश की प्रति डीएम और एसएसपी को भेजने के लिए आदेशित किया है ।यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्यूष आनंद मिश्र की अदालत से सोमवार को हुआ है। मामला बभनियावा गांव का है ।यहां तालाब के किनारे स्थित ग्राम सभा की जमीन पर लगे 12 पेड़ों को काटकर उसकी लकड़ी वाहन पर लादकर चोरी से ले जा रहे थे। जिसे पुलिस ने पकड़कर वाहन समेत सीज कर दिया लेकिन लकड़ी काटने वाले के खिलाफ कोई रिपोर्ट नहीं लिखी। वाहन स्वामी राम प्रकाश जायसवाल ने थाने में बंद वाहन को रिलीज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर कोर्ट ने रौनाही थाने से आख्यां मंगाई तो भ्रामक आख्या दे दी गई। इस पर कोर्ट ने वन विभाग से आख्या मंगाई। वन विभाग से भेजी गई आख्या में बताया गया कि 12 पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया है जो स्पष्ट रूप से चोरी का मामला है । इस पर कोर्ट ने वाहन रिलीज प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया और आदेश की प्रति कार्यालय व सहायक अभियोजन अधिकारी के जरिए डीएम और एसएसपी को भेजे जाने और कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की है।

सिविल जज के निधन पर शोक सभा

अयोध्या। बदायूं में तैनात सिविल जज जूनियर डिवीजन ज्योत्सनाराय के निधन की खबर पर बार एसोसिएशन में संघ अध्यक्ष पारस पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को शोक सभा हुई । जिसमें अधिवक्ताओं ने जिले में तैनाती के तीन साल के दौरान जज के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना और प्रशंसा की । अधिवक्ताओं ने इस मौके पर दिवंगत जज से जुड़े संस्मरण को भी साझा किया। शोक सभा में अधिवक्ताओं ने इस घटना को बार और बेंच के लिए अपूरणीय छत बताया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मऔन रखकर दिवंगत जज की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। शोक सभा में मंत्री विपिन कुमार, कोषाध्यक्ष मुन्ना ,उपाध्यक्ष केशव प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

अज्ञात वाहन ने मारी मुख्य आरक्षी को टक्कर

अयोध्या अमृत विचार: इनायत नगर थाना क्षेत्र में किसी वाहन में बारुन बाजार चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रात में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाने के बारुन बाजार चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी 36 वर्षीय समीर रंजन पुत्र प्रेम प्रकाश यादव रविवार को मध्य रात्रि नियमित गश्त ड्यूटी पर था। इसी दौरान लगभग 12:30 बजे किसी वाहन ने मुख्य आरक्षी की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। जानकारी के बाद आरक्षी संतराम ने घायल मुख्य आरक्षी को रात्रि 2:05 बजे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है ।

रामोत्सव में बही भक्ति की रसधार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद रामनगरी में रामोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रामकथा पार्क और तुलसी उद्यान में सोमवार को संस्कृति विभाग और लोक एवं जनजाति संस्कृति केंद्र की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। तुलसी उद्यान में मिजार्पुर की लोक कलाकार उर्मिला श्रीवास्तव ने मोरी नैया में राम, लक्ष्मण, नदिया धीरे बहो का भजन प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चित्रकूट के राम खेलावन पांडेय ने रामभजन व वाराणसी की स्तुति शर्मा ने पारंपरिक लोकगीतों में राम को सुनाया। जम्मू से आए कलाकारों ने पारंपरिक लोक नृत्य कुद पद्मश्री खेमराज के नेतृत्व में प्रस्तुत किया। महाराष्ट्र से आए दल ने पारंपरिक कोली नृत्य को प्रस्तुत किया।

आराध्या ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीत बढाया मान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में रायपुर, छत्तीसगढ़ में हुई राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के अंडर-32 किलो भार वर्ग में उप्र टीम से अयोध्या जिले की आराध्या मिश्रा ने कांस्य पदक जीत कर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। आराध्या ने बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल राज्यों को हरा तीसरा स्थान प्राप्त किया। राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम की खिलाड़ी आराध्या ने जीत का श्रेय जिला सचिव अग्रवाल, कोच विशाल गुप्त, पूजा यादव व माता-पिता को दिया। जिला सचिव अग्रवाल ने बताया कि आराध्या ने पहली बार राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर यह उपलब्धि हासिल की है। उप्र ओलंपिक संघ कोषाध्यक्ष व प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन चेयरमैन सैयद रफत रिजवी, महासचिव राजकुमार कश्यप, ओलंपिक संघ जिला सचिव परमेन्द्र सिंह, अवध इंटरनेशनल स्कूल के संरक्षक अतुल सिंह, जेबीए प्रधानाचार्य वीके जोशी, जेबीएस प्रधानाचार्या बीना अग्रवाल, नोवेल्स अकादमी प्रधानाचार्या अपूर्वा चतुर्वेदी, एचसीजी अकादमी डायरेक्टर डॉ. शिक्षा जैन, संजय हेला, रमेश यादव ने हर्ष जताया है।

आराध्या मिश्रा

तैयारी चिल्ड्रेन पार्क, पक्षियों के लिए माउंट आबू व नेचर ट्रेल का होगा विकास

पर्यटन स्थल के रूप में निखरेगी उधैला झील

▸▸ सरयू नदी के किनारे दो गांव ईको विलेज के रूप में होंगे विकसित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या को सजाने और संवारने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी कड़ी में मिल्कीपुर स्थित उधैला झील को पर्यटन स्थल बनाने की तैयारी चल रही है। 72 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली उधैला झील के प्रथम चरण में लगभग नौ हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्राकृतिक विकास का कार्य किया जाएगा। जिसमें नेचुरल इंटरपटेशन सेंटर (एनआईसी), वाच टावर (दो), चिल्ड्रेन पार्क, पक्षियों के लिए माउंट, बंबू कैंटीन, गजीबो (दो), नेचर ट्रेल आदि का विकास किया जायेगा।

जिलाधिकारी नितीश की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में सोमवार को जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सरयू एक्शन प्लान 2024, अर्थ गंगा मिशन के तहत घाट पर हाट कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा ग्राम के शिल्पकारों को बढ़ावा देने, नदियों को नियमित स्वच्छ बनाये रखने आदि बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सरयू नदी के किनारे के दो ग्रामों को चयनित कर उन्हें ईको विलेज के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। प्रभागीय वनाधिकारी सीतांशु पांडेय ने बताया कि उधैला झील के प्राकृतिक विकास की योजना को शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने उधैला झील में आने वाले विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों से संबंधित विवरण वहां पाये जाने वाले पेड़ों की जानकारी के आकर्षक सूचना बोर्ड भी लगाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी नितीश कुमार व प्रभागीय वनाधिकारी सीतांशु पांडेय। अमृत विचार

38 लाख पौधों के रोपण का है लक्ष्य

प्रभागीय वनाधिकारी सीतांशु पांडेय ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए जनपद को कुल 38,12680 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जनपद के समस्त पंजीकृत कृषकों (चार लाख 14 हजार) को अनिवार्य रूप से एक से पांच पौधे उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसमें 30 से 50% सहजन के पेड़ों को अनिवार्य रूप से कृषकों को देना है। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को आवश्यकतानुसार पौधों की मांग की सूचना समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मनवर संगम की चपेट में आया शख्स, भर्ती

अयोध्या, अमृत विचार : प्रयागराज-अयोध्या रेल प्रखंड पर सोमवार को मोदहा क्रासिंग पर एक शख्स उधर से गुजर रही मनवर संगम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में घायल शख्स को आरपीएफ के जवान ने उसकी पत्नी की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मूल रूप से इनायतनगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज का रहने वाला 40 वर्षीय अखंड प्रताप सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह यहां नगर कोतवाली क्षेत्र के कौशलपुरी कालोनी में किराये का कमरा लेकर परिवार के साथ रहता है। उनकी पत्नी ममता सिंह का कहना है कि सुबह वह सब्जी लेने की लिए घर से निकले थे। इसी दौरान मोदहा रेलवे क्रासिंग पर प्रयागराज से बस्ती जा रही मनवर संगम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। आरपीएफ को सूचना पर उन्होंने घायल पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सोनू कुमार का कहना है कि हादसा क्रासिंग पार करने के दौरान हुआ। मामले की जाँच कराई जा रही है।

एक नजर

एसपी और एएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ने संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। एसपी ने समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए हैं।

तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। थाना जहांगीरगंज क्षेत्र में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक भवानी प्रसाद मिश्रा ने अभियुक्त विदेशी पुत्र खुशी निवासी किन्नूपुर थाना जहांगीरगंज को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक विजय कुमार यादव ने अभियुक्त करन पुत्र राकेश निवासी गनपतपुर थाना जहांगीरगंज को गिरफ्तार किया है। वहीं उप निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने विभिन्न मुकदमों में अभियुक्त महेन्द्र गुप्ता पुत्र फूलचन्द्र गुप्ता निवासी नारियाव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है।

10 वाहनों का काटा चालान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। चेकिंग अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई। इस दौरान दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट वाले लोगों की सघन चेकिंग कर कुल 289 वाहनों में से 10 वाहनों का चालान काटा गया।

पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। बांस की खूंट से जबरन बांस काटने के दौरान विवाद पर उतरे आरोपियों ने किशोरी और उसकी मां की लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पुलिस तो पहुंची, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक समेत अन्य उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायती पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की है। मामला राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। 16 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया है कि गांव के ही विपक्षियों से उनका जमीनी विवाद है। इसी विवाद की रंजिश में गत दिवस विपक्षियों द्वारा पीड़िता के घर के सामने स्थित पीड़िता के ही बांस की खूंट से जबरन बांस काटने लगे। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन 18 को

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। कर्बला के महान बलिदानी और पैगंबर मुहम्मद साहब के नाती इमाम हुसैन के जन्मदिवस पर आगामी 18 फरवरी को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक परिसर में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक संस्था अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रेहान जैदी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर एसडीएम और विशिष्ट अतिथि सीओ सिटी होंगे। फाउंडेशन ताजपुर के चेयरमैन ख्वाजा शफाअत हुसैन एडवोकेट ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विगत लगभग डेढ़ दशक से आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में मौलाना मोहम्मद अब्बास रिजवी, मौलाना शौकत रिजवी, मौलाना मोहम्मद कमर आबिदी, मौलाना मोहम्मद आमिर, मौलाना महताब हुसैन समेत बहत्तर लोग अपनी सहभागिता निभाएंगे।

जलालपुर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई, जलालपुर तहसील क्षेत्र के अजमलपुर गांव का है मामला

▸▸ रास्ते में अवैध रूप से निर्माण कर बनाया गया था घर

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। रास्ते पर बने अवैध अतिक्रमण को अदालत के आदेश पर पहुंची राजस्व टीम बुलडोजर लगाकर गिरा दिया। जिससे गांव में अफरा-तफरी मची रही। मामला तहसील के अजमलपुर गांव का है।

बता दें कि दूधनाथ समेत एक अन्य ने आम रास्ते की जमीन पर अवैध निर्माण कर घर बना लिया था। लेखपाल की रिपोर्ट पर दूधनाथ के विरुद्ध कब्जा बेदखल की रिपोर्ट दी गई। तहसील अदालत में शुरू की गई अदालत कार्यवाही में आम रास्ते पर अवैध रूप से निर्मित घर और आम रास्ते पर निकला छज्जा गिराने का आदेश और जुर्माना लगाया गया था। न्यायालय के आदेश के बावजूद एक अवैध कब्जेदार ने अपना छज्जा चार दिन पूर्व काट लिया। लेकिन दूधनाथ राजस्व विभाग के बार-बार कहने के बावजूद अपना घर को नहीं हटाया। जिसके बाद उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार हुबलाल, राजस्व निरीक्षक और आधा दर्जन लेखपाल के साथ अजमलपुर गांव पहुंचे। राजस्व टीम की निगरानी में बुलडोजर से आम रास्ते पर बने अवैध निर्माण को गिरा दिया। उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाया गया है।

बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण हटाती राजस्व टीम। अमृत विचार

गन्ना किसानों के खाते में भेजे गए 10 करोड़ रुपए

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जनपद के 45 हजार किसानों ने अपने गन्ने की बिक्री सरकार द्वारा 20 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाए जाने से पहले ही कर दी थी। अब ऐसे किसानों के खाते में 10 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। वहीं 25 से 27 जनवरी तक गन्ने की बिक्री करने वलो किसानों को भी तीन करोड़ रुपए भेजे गए हैं। बता दें कि शासन ने किसानों को राहत देते हुए गन्ने के समर्थन मूल्य 350 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 370 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया था। जनपद में 49 हजार गन्ना किसान हैं, जिन्होंने 25 हजार हेक्टेअर क्षेत्रफल में गन्ने की बोआई किया है। 114 क्विंटल के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बीते 17 नवंबर से अकबरपुर चीनी मिल मिझौड़ा में पेराई सत्र शुरू हुआ। सहायक महाप्रबंधक गन्ना अरविंद सिंह ने बताया कि 45 हजार किसानों के खाते में बढ़े हुए समर्थन मूल्य का 10 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 54 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है।

सार-संक्षेप

शिविर में रक्तदानियों ने किया रक्तदान

शिविर में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में रक्तकोष विभाग में कैंसर दिवस के मौके पर यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में युवान फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू ने कहा कि रक्तदान ही ऐसा कार्य है जिससे हम किसी दूसरे के जीवन को बचा सकते है। सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वाले में प्रदीप कुमार मौर्य, मो. आरिफ, मो. एजाज, अभिनव यादव, बजरंगी मोदनवाल और राधेश्याम निषाद रहे। शिविर में मुख्य रूप से रक्तकोष प्रभारी डॉ. मनोज गुप्ता, राकेश मिश्र, राज कुमार, दीपक नाग, आंचल, प्रमिला, अमन पांडेय, डॉ. अबु शाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन जारी

टांडा, अंबेडकरनगर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-233 में भूमि अधिग्रहण में लिए गए किसानों को आवासीय दर से प्रतिकर दिलाए जाने को लेकर सोमवार को एक सौ साठवैं दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। जिला अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा ने कहा, जब तक किसानों को आवासीय दर से प्रतिकर नहीं मिल जाता है, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। जिला उपाध्यक्ष लक्षिराम वर्मा, जिला मंडल अध्यक्ष लल्लू वर्मा, राम जनम वर्मा, मोहनलाल मौर्य, मदन मोहन मौर्य, मस्तराम वर्मा, संगीता, संतराम वर्मा, लालजीत मौर्य, त्रिभुवन मौर्य, मनोज कुमार वर्मा, राम नेवल पासवान, शहंशाह, अमिताभ, कामता प्रसाद, राजित राम, सर्वजीत सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

पंपसेट से किसानों की बढ़ेगी आय : डीएम

जिलाधिकारी और सीडीओ ने 108 किसानों को बांटे पंपसेट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनुराज जैन और पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री लघु सिचाई योजना के तहत पूर्व निर्मित उथले नलकूपों पर डीजल पम्पसेट का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री लघु सिचाई योजना के तहत पूर्व निर्मित उथले नलकूपों पर डीजल पम्पसेट का वितरित 108 किसानों को किया। जिसमें सामान्य जाति के 26 और अनुसूचित जाति के 82 किसान शामिल हैं। पम्पसेट पाकर सभी किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों से संचालित योजना से प्राप्त होने वाले लाभ, सुविधाओं के बारे में उनके अनुभव साझा किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराकर आय को दोगुना करने के लिए सहायता दी जा रही है। इस योजना में किसानों को हौज निर्माण और पंपसेट वितरण का कार्य किया जाता है। अनुसूचित जाति के कृषकों को लागत का 90 प्रतिशत, सीमांत कृषकों को लागत का 70 प्रतिशत और लघु कृषकों को लागत का 50 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। लाभान्वित कृषक योजनाओं से संतुष्ट और अत्यधिक उत्साहित दिखे और शासन द्वारा संचालित योजना के लिए सरकार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

पम्पसेट के साथ मौजूद जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में किसान।

यह भी रहे उपस्थित : इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिलीप सोनकर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई के साथ लघु सिंचाई विभाग के समस्त अवर अभियन्ता और बोरिंग टेक्नीशियन उपस्थित रहें।

35 किसानों ने दी औद्योगिक कॉरिडोर के लिए जमीन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अविनाश सिंह के सराहनीय प्रयास से जनपद में औद्योगिक विकास प्राधिकरण और औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसक्रे क्रम में रविवार को 28 बैनामा किया गया। जिसमें 35 किसानों का 7 हेक्टेयर जमीन का 12 करोड़ 50 लाख रुपए दिया गया है। वेवाना, खानजहांपुर, जगदीशपुर मुस्लिम ग्राम सभा के किसानों ने औद्योगिक विकास प्राधिकरण के निर्माण के लिए जमीन का विक्रय किया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने रविवार को इन किसानों को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुला करके माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और साल देकर सम्मानित किया। बता दें कि तहसील अकबरपुर अंतर्गत थाना क्षेत्र वेवाना में बन रहे औद्योगिक कॉरिडोर में पहले 71 बैनामे में 116 किसान 19 हेक्टेयर जमीन का 27 करोड़ 42 लाख रुपए दिया जा चुका है। इस दौरान मौके पर एआईजी स्टांप, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, तहसीलदार अकबरपुर, जिला सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार अकबरपुर तथा संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

किसानों को माला पहनाकर और साल देकर सम्मानित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

मजलिस का आयोजन 7 को

जलालपुर, अंबेडकरनगर। शायर-ए-अहलेबैत मेंहदी रजा शम्स के ईसाल-ए-सवाब की मजलिस नगर के सराय चैक स्थित वक्फ मस्जिद रोजा हजरत कासिम में आगामी सात फरवरी को नमाज मगरिब आयोजित होगी। मजलिस को इमाम-ए-जुमा मौलाना रहबर सुल्तानी खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व शायर कलाम पेश करेंगे। उक्त जानकारी अहसन रजा मीसम ने दी है।

सूचना

मेरे मकान के कागजात डिड नंबर 1777 वर्ष 05/06/1984 की फोटो कॉपी करवाने के लिए कलेक्ट्री के सामने 20 जनवरी को गई थी। बीच रास्ते में कहीं खो गया। अगर किसी सज्जन को मेरा बैनामे का कागज मिले तो मेरे मोबाइल नंबर पर 9838029527 पर फोन करके मुझे सौंपने का कष्ट करें। **उमा देवी निशु देवी जी. एनरोड पोस्ट ऑफिस चौराहा, सुल्तानपुर (उ.प्र.)**

बच्चों का चश्मा हटाए

GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें

जन कल्याण ऑख का अस्पताल

ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ

मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में

स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो०: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो०: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, नौ लोग घायल

▸▸ दाह संस्कार से लौटते समय तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन पलटा, दो की हालत गंभीर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अकबरपुर थाना क्षेत्र केअन्नावा बाजार में तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकप पलटने एक वृद्ध की मौत हो गई। वहीं पिकअप में सवार नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि पिकअप सवार श्रवण क्षेत्र से दाह संस्कार कर घर वापस जा रहे थे।

बता दें कि अकबरपुर थाना क्षेत्र के सेहरामऊ से कुछ लोग एक पिकअप पर सवार होकर श्रवण क्षेत्र दाह संस्कार करने गए थे। दाह संस्कार कर कुछ लोग एक पिकअप पर सवार होकर घर जा रहे थे। पिकअप सवार अन्नावा बाजार के पास पहुंचे ही थे तभी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार 70 वर्षीय रामलखन निवासी लालापुर अकबरपुर की मौत हो गई। जबकि पिकअप में सवार विपिन, आशू, राकेश, पिन्टू, रामबदन, राममूर्ति, जमुना प्रसाद, इन्द्रजीत, राजकुमार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बातया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

नगर पालिका क्षेत्र में जलभराव से लोग परेशान

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तारित क्षेत्र उस्मानपुर पूर्वी वार्ड-19 अली कालोनी में घरों से निकले दूषित जलभराव से सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। नाली निर्माण नहीं होने से सड़कों पर पानी जमा हो रहा है, जिससे राहगीर परेशान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी विद्यालय में पढ़ने वाले नौनिहालों को हो रही है। अली कालोनी में स्थापित निजी स्कूल में पढ़ रहे नौनिहालों को आने-जाने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। पालिका विस्तार के बाद लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलने की आस जगी थी। लेकिन वार्ड के बाशिंदे अभी तक जल निकासी को लेकर चिंतित हैं। वार्ड निवासी अली अकबर, जफर हसन, मोहम्मद तकी, मुन्नू सय्यदैन, झीनक कुरैशी ने पालिका परिषद से अविलंब जल निकासी और नाली निर्माण कराने की मांग की है। जिससे आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो सके।

वार्ड में सड़क पर बहता दूषित जल।

बदहाली पर आंसू बहा रहा प्राथमिक विद्यालय कहरा सलेमपुर

प्राथमिक विद्यालय कहरा सलेमपुर।

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। विकासखंड अकबरपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कहरा सलेमपुर आज तक मार्ग विहीन है। विद्यालय तक छात्र और शिक्षकों को पहुंचने के लिए निजी बाग से होकर जाना पड़ता है। 80 के दशक में स्थापित यह विद्यालय आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्रधानाध्यापक रईस अहमद ने बताया कि रास्ते की समस्या का समाधान करने के लिए उच्च अधिकारियों को कई बार लिखित सूचना दी गई है। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकाला जा सका है।

वर्ग पहेली-334

बाएं से दाएं

1.1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार

4. भारवाहक, भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति, कुली।

7.1. स्त्री, औरत 2. पत्नी, बहू।

ऊपर से नीचे

2.1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति, चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।

3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।

4.1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।

5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।

6. पवित्र करने वाली।



वर्ग पहेली - 333 का हल

1 खो	2 ख	ला	■	■	■
■	जु	■	3 सु	■	4 म
5 दु	रा	धा	र	■	नो
■	हो	■	धे	■	भ
6 पिं	■	7 अ	नु	भ	व
ड	■	टै	■	■	■
ल	■	8 क	पे	सि	टी

सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3		9			4			2
				1			3	
5			9			6		
					6		9	
	3	2				5	1	
	8		7					3
		4			5		2	
	7			8				
6			1			3		4

सुडोकू - 50 का हल

2	8	5	4	9	7	6	1	3
4	6	7	2	3	1	8	9	5
3	1	9	6	8	5	4	7	2
5	7	6	8	4	9	2	3	1
9	2	4	3	1	6	5	8	7
8	3	1	7	5	2	9	6	4
7	9	8	1	2	4	3	5	6
1	5	2	9	6	3	7	4	8
6	4	3	5	7	8	1	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 16.07 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- एकादशी व्रत।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 07.35 तक तत्पश्चात मूल 7 फरवरी 06.27 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज सहकर्मियों के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। अपने करियर को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

वृष — आज व्यापार से जुड़े लोगों को चोरी और सामान गुमने जैसी स्थितियों के लिए कुछ सावधान रहना चाहिए। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

मिथुन — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों से काफी लाभ हो सकता है। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

कर्क — आज साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा में आपको कुछ समस्या हो सकती है। ऑनलाइन कारोबार में उत्तम लाभ मिल सकता है। स्त्री वर्ग को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए।

सिंह — आज नए कार्यों की शुरुआत न करें। अनावश्यक बहसबाजी से अंतत: आपका ही नुकसान होगा। मंत्र और देवपूजा आदि की तरफ आप प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यक्षमता को लेकर कुछ शंका में रहेंगे।

कन्या — आज आप कई सारे काम होने के कारण थोड़े भ्रमित से रहेंगे। निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी होगी। परिजनों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

तुला — आज किसी सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बनेगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

वृश्चिक — आज अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों पर किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को सुनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

धनु — आज जॉब कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा काम मिल सकता है। मशीनी कार्यों में कुछ सुधार करना पड़ सकता है। व्यापार में सुधार होने से प्रसन्न रहेंगे, लेकिन अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें।

मकर — आज पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें।

कुंभ — आज लोगों के विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा हो सकती है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

मीन — आज इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 09.41
- अनाड़ी — रात : 07.00

SONY PIX
- जिओस्ट्राम — सुबह : 08.47
- स्पाइडर मैन :होमकमिंग — रात : 09.00

SONY SMAX
- पीके — सुबह : 09.50
- मलंग — रात : 07.00

ZEE CINEMA
- खलनायक — सुबह : 10.30
- यमला पगला दीवाना 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- चिराग — दोपहर : 12.25
- आंदोलन — रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे है। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी – क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

पीएम मानधन योजना से किसान होंगे लाभान्वित, रोजगार पर भी फोकस

प्रदेश सरकार के बजट में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की तरफ से पेश किए गए बजट में पीएम मानधन योजना पर विशेष जोर दिया गया है। इस योजना से जिले के किसानों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। बजट में इसके लिए प्रावधान किया गया है। इसी तरह युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी सरकार ने खास व्यवस्था की है।

जिले में करीब पांच लाख किसान खेती से जुड़े हैं। लघु एवं सीमांत कृषि भूजोत वाले किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार वर्ष 2019 में पीएम मानधन योजना प्रारंभ की थी। इस योजना के तहत किसानों को पेंशन दिए जाने का प्रावधान किया गया है। योजना के प्रारंभ में जिले के करीब तीन हजार किसानों ने बैंक में खाता खुलवाकर खुद को योजना से जोड़ा था लेकिन मॉनिटरिंग के अभाव में यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। अब सरकार ने इस योजना पर फिर से फोकस करते हुए बजट में भारी भरकम धनराशि की व्यवस्था की है। योजना से जुड़ने वाले किसानों को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद तीन हजार रुपये मासिक पेंशन दी जायेगी। इसी तरह बेरोजगारी दर को कम करने के लिए भी सरकार ने बजट में व्यवस्था की है। बेरोजगार युवाओं को ऋण देकर उन्हे स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। इसके लिए पं दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार व खादी एवं ग्रामोद्योग विकास तथा स्व रोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत बजट का प्रावधान किया गया है। शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना को लेकर वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। इस पहल से युवाओं को आसानी से ऋण मिल सकेगा और वह खुद का व्यवसाय कर सकेंगे।

बुद्धिजीवियों ने बजट को बताया लोकलुभावन

गोंडा, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के आम बजट को बुद्धिजीवियों ने लोकलुभावन बजट बताया है। लोगों का कहना है कि बजट में किसानों, महिलाओं या युवाओं के लिए कुछ खास नहीं है। बजट लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है। युवा अधिवक्ता रघुनंदन शुक्ला ने कहा कि बजट में आम आदमी को लिए कुछ भी नहीं है। किसानों को कोई सीधा लाभ बजट में नहीं मिला है। रोजगार की भी बात नहीं है। यह बजट लोकलुभावन है। प्रगतिशील किसान शुक्ला प्रसाद शुक्ला ने कहा कि कृषि को मनरेगा से जोड़ने की किसानों की मांग को अन सुना कर दिया गया है। गन्ना किसान परेशान है। मजदूर तो 60 रुपया प्रति क्विंटल गन्ने की छिलाई करके अपना मेहनताना बचा ले रहा है, लेकिन किसान को 50 रुपया प्रति क्विंटल भी नहीं बच रहा। नीम कोटेड यूरिया के नाम पर किसानों के जेब पर डाका डाला जा रहा है। 50 किलो की बोरी को 45 या कर दिया गया है। कृषि निवेश महंगा हो गया है। यह बजट पूरी तरह से लोक लुभावन है.इससे किसानों को निराशा हुई है। गृहणी अर्जिता सिंह का कहना है कि महिलाओं के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं हुई है। युवा सुधांशु मिश्रा का कहना है कि भले ही सरकार युवाएं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही है लेकिन बैंकों से ऋण लेना देना हमेशा से टेढ़ी खीर रहा है। सरकार को ऋण को प्रावधानों को सरल बनाना चाहिए तभी इसका लाभ युवाओं को मिलेगा।

शुक्ला प्रसाद

अर्जिता सिंह

सुधांशु फोटो

रघुनंदन शुक्ला।

समय से मिलेगी मौसम की जानकारी, बढ़ेगी पैदावार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने इस वर्ष के बजट में कृषि विकास पर खासा ध्यान दिया है। फसलों को मौसम की मार से बचाने के लिए अब ब्लॉक स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित किया जायेगा। वेदर स्टेशन की स्थापना से किसानों को समय से मौसम की जानकारी मिल सकेगी। इससे उनकी फसल मौसम की मार से तो बचेगी ही उनकी पैदावार भी बढ़ेगी।

जिले में करीब पांच लाख किसान है जो सीधे तौर पर खेती से जुड़े हैं। जिले में बड़े पैमाने पर धान,गेंहू, गन्ना, सरसों, आलू , मक्का, अरहर व अन्य दलहनी व तिलहनी फसलों की खेती होती है लेकिन मौसम की मार के कारण हर साल किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर फसल बर्बाद हो जाती है। चूंकि जिले में मौसम की जानकारी के लिए कोई सटीक व्यवस्था नहीं है इसलिए किसानों को समय से मौसम की जानकारी नहीं मिल पाती। मौसम की मार के कारण किसानों को खेती में घाटा उठाना पड़ता है। इस कारण किसानों का खेती से मोहभंग हो रहा है। अब सरकार ने किसानों को इस समस्या से बचने की पहल की है। कृषि प्रोत्साहन से लिए अब ब्लाक स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन बनाया जायेगा। वेदर स्टेशन की स्थापना से किसानों को समय से मौसम की जानकारी मिल जायेगी और वह अपनी फसलों को मौसम की मार से बचा सकेंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तर पर ऑटोमेटिक रेन गेज भी स्थापित किया जायेगा जो यह बताएगा कि किस क्षेत्र में कितनी वर्षा हुई है। इससे सरकार यह आसानी से पता लगा सकेगी कि किस क्षेत्र में सूखे की स्थिति है और किस क्षेत्र में अत्याधिक वर्षा हुई है। मनकापुर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक जा राम लखन सिंह का कहना है कि इससे किसानों को बहुत फायदा होगा। मौसम की जानकारी समय से मिलने पर किसान पहले ही उससे बचाव के उपाय कर सकेंगे और अपने फसलों की सुरक्षा कर सकेंगे। इस पहल से किसानों को समय से मौसम की जानकारी मिल सकेगी और वह मौसम के अनुकूल खेती कर सकेंगे।

फैक्ट फाइल

जिले में कुल ब्लॉक - 16
ग्राम पंचायत - 1192
कुल किसान - 5 लाख

ब्लॉक स्तर पर बनेगा वेदर स्टेशन ग्राम पंचायतों में लगेगा ऑटोमेटिक रेन गेज

तकनीकी रूप से सक्षम बनेंगी ग्राम पंचायतें, प्रत्येक गांव में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

गांवों में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए अब ग्राम पंचायतों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जायेगी। इससे न सिर्फ विकास कार्यों में पारदर्शिता आयेगी बल्कि सरकार के विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी भी गांव को लोगों को आसानी से मुहैया हो सकेगी। सरकार ने इस वर्ष के बजट में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किए जाने की पहल की है।

एक नजर

दिव्यांग बच्चों की दिनचर्या के प्रति किया जागरूक

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक के विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र ने प्राथमिक विद्यालय अड़बड़वा का भ्रमण किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के नामांकन व उनकी उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। घर आधारित शिक्षा के लिए नामांकित बच्चों के अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चों की दिनचर्या के संचालन के प्रति जागरूक किया।

मारपीट में मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, गोंडा : नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुरकौली गांव निवासी महिला कुमारी अधिकारी पत्नी तिलक राम ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि बीते शनिवार की शाम 6 बजे गांव के ही ओमप्रकाश, प्रेम प्रकाश, हनुमान और रामू बिजली के लिए हुए विवाद को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडे से मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

20 परिवार आवास विहीन

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया में आवास विहीन 20 परिवारों को आवास आवंटित कराये जाने की मांग प्रधान रिंकू मिश्र ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। विधायक ने शीघ्र ही जिला ग्राम्य विकास अधिकरण के परियोजना निदेशक से वार्ता किए जाने का आश्वासन दिया है।

महंत सुनील पुरी ने पद से दिया इस्तीफा

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के जिलाध्यक्ष महंत सुनील पुरी ने जिलाध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा दिया है। उन्होंने जिलाध्यक्ष पद का इस्तीफा यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह को भेजा है जिसमें कहा है कि वह लगातार यूनियन के जिलाध्यक्ष पद पर उत्तरदायित्व का निर्वाह करते रहे हैं मगर प्रसिद्ध श्री बरखंडी नाथ महादेव मंदिर पर पूजन-पाठ व व्यस्तता के साथ स्वास्थ्य ठीक न होने से स्वेक्षा से अपना इस्तीफा दे रहे हैं।

खड़े टैंकर को बचाने में हादसे की शिकार हुई बस

दुर्घटना

- हाईवे पर अनियंत्रित हुई बस बाल-बाल बचे यात्री
- दिल्ली से सवारी लेकर गोरखपुर जा रही थी टूरिस्ट बस

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार : दिल्ली से यात्रियों को लेकर गोरखपुर जा रही एक टूरिस्ट बस सोमवार की सुबह अयोध्या-गोरखपुर हाईवे पर लोलपुर के समीप सड़क पर खड़े टैंकर को बचाने में हादसे की शिकार हो गई। हादसे के वक्त बस यात्रियों से खचाखच भरी थी। गनीमत रही कि बस सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में जाकर फंस गयी और टकराने या पलटने से बच गयी जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और क्रेन से बस को गड्ढे से बाहर कराया।

बस चालक प्रेम सिंह के मुताबिक वह रविवार को दिल्ली से सवारी लेकर गोरखपुर जा रहा था। सोमवार की भोर में बस सरयू पुल को पार कर आगे बढ़ी तो अचानक चालक को सड़क पर खड़ा टैंकर नजर आया। टैंकर को बचाने के चक्कर में चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित हो गयी। हालांकि उसने बस को रोकने की भरसक कोशिश की लेकिन बारिश के चलते बस फिसल गई और टैंकर को बचाते हुए सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में जाकर फंस गयी। गनीमत रही कि बस पलटने से बच गयी और एक बड़ा हादसा टल गया। लोगों की मदद से यात्रियों को बाहर निकाला गया। बस में करीब 60 यात्री थे। यात्रियों का कहना है कि टैंकर बीच सड़क पर खड़ा था। मौसम की खराबी व कोहरे के चलते वह दूर से नजर नहीं आया। जब बस बिल्कुल करीब पहुंच गयी तो चालक ने सड़क पर खड़े टैंकर को देखा जबकि स्थानीय लोगों ने बताया कि बस चालक किसी वाहन को अपनी बाईं तरफ से ओवरटेक कर रहा था। सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला और यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कराया। सरयू घाट चौकी प्रभारी शिव लखन सिंह ने बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

हाईवे पर क्रेन से बस निकलवाते कर्मचारी। अमृत विचार

अवैध खनन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: डीएम

गोंडा, अमृत विचार : जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में साधारण बालू व मिट्टी के अवैध परिवहन व खनन को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में कहीं पर भी साधारण बालू व मिट्टी के अवैध परिवहन व खनन बिल्कुल नहीं होना चाहिए। तहसील स्तर पर गठित टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वर्तमान में जनपद में सदर तहसील में सात व कर्नलगंज तहसील में आठ स्वीकृत अनुज्ञाधारी के द्वारा ही खनन व परिवहन की अनुमति प्रदान की गई है। इसके अलावा किसानों के निजी उपयोग के लिए किए जाने वाले खनन के अलावा अन्य सभी खनन परिवहन व भंडारण अवैध है।

दबंगों ने पीएचसी का शीशा तोड़ा

बेलसर, गोंडा

हौसले बुलंद

- चोरों के सामने लाचार है मंगुरा पुलिस, नहीं लगा पा रही लगाम

अमृत विचार : पीएचसी पर पांच बार चोरी के बाद जब चोरों को मन नहीं भरा तो दंबगई पर उतर आए। पीएचसी के सभी खिड़कियों के सभी शीशे को तोड़ डाला। फार्मासिस्ट ने मंगुरा पुलिस चौकी पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला थाना उमरी बेगमगंज के चौकी क्षेत्र मंगुरा बाजार का है। चौकी क्षेत्र के दस कदम दूरी पर मंगुरा पीएचसी पर बीती रात दबंगों ने खिड़की में लगे सभी शीशे तोड़ डाला है। फार्मासिस्ट अमर नाथ ने घटना की सूचना चौकी प्रभारी मंगुरा बाजार को दी है। वरिष्ठ प्रभारी निरीक्षक उमरी बेगमगंज धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। इसके पूर्व एक वर्ष में पांच बार पीएचसी में चोरी हो चुकी है। एक जनवरी 2023 को ताला तोड़कर टुल्लू पंप एवं राउंड चेयर, 9 फरवरी 2023 को वाटर सप्लाई पाइप 24 मार्च 2023 को लेवी शुल्क, 26 जुलाई 2023 को लेवी शुल्क व स्टॉक रजिस्टर एवं चार पंखा 21 अगस्त 2023 को लेवी शुल्क व रजिस्टर, 6 नवंबर को 2023 को कुंडा तोड़कर कमरे में तोड़फोड़ एवं अभिलेख क्षतिग्रस्त किया था। लेकिन एक भी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है।

पीएचसी में टूटा खिड़की का शीशा।

गन्ना लदे दो वाहनों ने ली चार लोगों की जान

धानेपुर में मां-बेटे की मौत के बाद जुटी भीड़। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गन्ना लदे वाहनों ने चार लोगों की जान ले ली। एक घटना में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मां बेटे को रौंद दिया, वहीं एक खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ी बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के सेखुई गांव की रहने वाली वर्षा (30) सोमवार को अपने मायके छजवा जा रही थी। उसके साथ 3 साल का बेटा ऋषभ व 6 साल की बेटी प्रियांशी भी थी। वह बनगाई चौराहे के समीप पहुंची थी कि सामने से आ रहे एक गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सभी को रौंद दिया। हादसे में वर्षा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके बेटे ऋषभ को जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रियांशी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। हादसे से गुस्सा लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और जमकर हंगामा किया। सूचना पर धानेपुर व मोतीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। उधर, बभनान- हर्रैया मार्ग पर रविवार की शाम खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनपुर गांव निवासी शिवलाल पुत्र पलटू राम (29) दोस्त पैकोलिया थाना क्षेत्र के सोनहटी गांव निवासी संजय वर्मा पुत्र राम रतन वर्मा के साथ बाइक से कहीं निमंत्रण करने गए थे। रात करीब 12 बजे वे वापस घर लौट रहे थे। अभी वे हर्रैया -बभनान मार्ग पर पैकोलिया पाली गांव के समीप पहुंचे थे कि सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी बाइक जा भिड़ गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि शिवलाल ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। संजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल बस्ती भेजा गया इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। शिवलाल संजय के गांव पैकोलिया थाना क्षेत्र के सोनटी में एक टेलर की दुकान पर सिलाई का काम करता था। यह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था, जबकि संजय खोड़ारे थाना क्षेत्र के कूक नगर के आजाद नगर चौराहे पर एक पैथोलॉजी के लिए खून के सैंपल कलेक्ट करने का काम करता था। संजय के परिजनों ने बताया कि वह घर से निकलते समय सिर्फ इतना बताया था कि वह किसी दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहा है।

सार-संक्षेप

12 खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

चयनित खिलाड़ियों को जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार : सोमवार को 47वीं जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी का चयन ट्रायल राजा देवी बक्स सिंह अवधराज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह के प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 35 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। यह खिलाड़ी गाजीपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में गोंडा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक रमेश सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्रशासक आशीष तिवारी एवं प्राचार्य के एन मिश्रा ने भी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। अमित सिंह शारीरिक शिक्षा, प्रवक्ता साजन सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, उपस्थित रहे। प्रबंधक रमेश सिंह ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया उनमें मानसी देवी, मानसी निषाद, नासरीन खातून, पलक, अंशिका ठाकुर, शशि शुक्ला, लक्ष्मी देवी, पूजा चौबे, खुशी सिंह, पूजा साहनी, साक्षी चौहान, मुस्कान सिंह शामिल हैं।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यशाला में दिए टिप्स

कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार : स्थानीय सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोंडा में तीन से पांच फरवरी तक कनाडा से आए गणित विशेषज्ञ, शिक्षक ट्रेनर दिनेश रस्तोगी ने तीन दिवसीय कार्यशाला में बच्चों व शिक्षकों के समन्वय से सीखने की प्रायोगिक विधि की जानकारी दी। बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त हो सके इसके लिए किताबी ज्ञान से हट कर प्रायोगिक विधि पर बल दिया। सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने सीखने की विभिन्न कलाओं को प्रायोगिक विधि द्वारा सिखाया। उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों ने अपने प्रश्न रखे। विद्यालय की प्रबंधक सुजैन दत्ता, प्रधानाचार्य परमिंदर संधु ने कहा कि ऐसी कार्यशाला के माध्यम से बच्चों अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों का भी मानसिक विकास होता है।

शिव पुराण कथा सुनने से मिलती है पापों से मुक्ति: वेदांती

खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार : विकासखंड इटियाथोक के चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम महादेवा कला जयप्रभा ग्राम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा व्यास पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती ने व्यास पीठ से काशी ज्ञानवापी मंदिर में पूजन के आदेश पर काशी के हाईकोर्ट को धन्यवाद दिया। कहा कि प्रभु रामलला अपने दिव्य भवन में विराजमान हो गए, जल्द ही काशी व मथुरा में अपने महल में विराजमान होंगे, यह विश्वास है। हम सभी को करोड़ों शिव भक्त बहुत ही हर्षित है। शिव पुराण कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि ऐसा कहा गया है कि शिव पुराण को महज सुनने मात्र से ही व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा कि जिन्हें 'अशिव वेषधारी' और 'नाना वाहन नाना भेष' वाले गणों का अधिपति कहा है, वे शिव जन-सुलभ तथा आडम्बर विहीन वेष को ही धारण करने वाले हैं, वे 'नीलकंठ' कहलाते हैं। इस दौरान वृज मोहन मिश्रा, संतोष शुक्ल, अवनीश शुक्ल, माधव राज मिश्रा मोहन लाल पाल, शेष राज तिवारी, चंद्रभान चतुर्वेदी, राम शब्द दुबे, सौरभ तिवारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

कथा कहते राम विलास वेदांती।

रिश्वत लेते लेखपाल का वीडियो वायरल, निलंबित

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : तहसील करनैलगंज की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में तैनात लेखपाल का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें लेखपाल पर बंजर भूमि की पैमाइश के लिए रिश्वत लेने का आरोप लग रहा है। एसडीएम ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है। वायरल सीसीटीवी वीडियो में तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में तैनात लेखपाल रवि सिंह पहाड़ापुर बाजार स्थित बाबा टेंट हॉउस की दुकान में गुलजारी गोस्वामी से रुपये लेते दिख रहे हैं। लेखपाल पर बंजर भूमि की पैमाइश के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लग रहा है। उपजिलाधिकारी विशाल कुमार का कहना है कि वीडियो संज्ञान में आया है, लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आर्थिक सहायता गुब्बारा फूटने से झुलसे युवकों की मदद के लिए आगे आए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

युवकों के इलाज को अखिलेश ने दिए 5 लाख

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 3 फरवरी को गुब्बारा फटने से जले हुए 10 युवकों इलाज के लिए 50-50 हजार रुपये की मदद भेजी है। बताते चलें कि सपा नेता सूरज सिंह ने अखिलेश यादव को फोन पर गुब्बारा फटने से 10 लोगों के जलने की खबर दी थी। तत्पश्चात अखिलेश यादव ने तत्काल प्रत्येक 10 युवकों के लिए इलाज के लिए 50-50 हज़ार रुपए भेजने का काम किया। सूरज सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहले भी ऐसे कई मौके पर जनपद के लोगों की मदद की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तरबगंज में विश्वकर्मा समाज के लड़के की हत्या पर 2 लाख, बेलावां में यादव समाज के बच्चे की हत्या पर 1 लाख, ब्राह्मण परिवार के दो बच्चों के एक्सीडेंट होने पर 2 लाख, धानेपुर नवजात शिशु को जानवर काटने से मृत्यु पर 1 लाख, इमिलया में सर्पदंश से मरे युवक को 1 लाख, सुभागपुर में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए ढाई लाख रुपए, कस्टोडियल डेथ में मरे युवक को 2 लाख जैसी आर्थिक मदद के साथ-साथ न्याय दिलाने का भी काम किया है। सूरज सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन के साथ पहुंचकर पीड़ितों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता दे दी गई है। इस दौरान कई सपा नेता व युवकों के परिजन मौजूद रहे।

धनराशि देकर हालचाल लेने अस्पताल पहुंचे सपा नेता सूरज सिंह व अन्य।

इस बार 4964 कक्ष निरीक्षक कराएंगे यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

तैयारी

▸▸ चार स्तरीय कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे परीक्षा केंद्र, लगेंगे सीसीटीवी और होगी ऑनलाइन निगरानी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : 22 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में तैयारी पूरी कर ली गई है। बोर्ड परीक्षा में इस बार 4964 कक्ष निरीक्षकों की डियूटी लगाई गई है। इसके साथ ही इस बार चार स्तर पर स्थापित किए जा रहे कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी होगी। नकल रोकने को 5 सचल दल गठित किए गए हैं।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडियट की परीक्षा में इस बार 92072 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 51477 व इंटरमीडियट के 40595 हैं। परीक्षा के लिए 143 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर 4964 कक्ष निरीक्षक लगाए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बेसिक शिक्षा विभाग से करीब 3 हजार शिक्षकों की डिमांड की है।

हाईस्कूल		इंटरमीडिएट	
संस्थागत बालक	27038	संस्थागत बालक	20795
संस्थागत बालिका	24209	संस्थागत बालिका	18047
व्यक्तिगत बालक	156	व्यक्तिगत बालक	1200
व्यक्तिगत बालिका	74	व्यक्तिगत बालिका	553
कुल योग	51477	कुल योग	40595

इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक के साथ एक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। परीक्षा को नकल मुक्त बनाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी केंद्रों को सीसीटीवी से लैस किया गया है। परीक्षा की निगरानी के लिए राज्य स्तर के अलावा, माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर व जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों को इस चार स्तरीय कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा और उनकी ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर पूरे जिले को चार जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है। पांच सचल दलों का गठन किया गया है। सचल दल में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, बीएसए प्रेमचंद यादव, डायट प्राचार्य अतुल तिवारी, अरुण तिवारी व कंसापुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शामिल है। यह सचल दल सतत भ्रमणशील रहकर केंद्रों की निगरानी करेगा।

6.24 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जरूरत

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा के लिए 6.24 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता होगी। इनमें हाईस्कूल के लिए 2.60 लोक ए कॉपी व 1.04 लाख बी कॉपी और इंटरमीडियट के लिए 2 लाख ए व 60 हजार बी कॉपी मंगाई गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि करीब 70 फीसदी उत्तर पुस्तिकाएं आ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि कॉपियों के संबंध में बोर्ड को जानकारी दे दी गई है। साथ ही परीक्षा को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही हैं।

राजकीय इंटर कॉलेज बनाया गया संकलन केंद्र

बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए राजकीय इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। जिलेभर के परीक्षा केंद्रों की उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा के बाद इसी केंद्र पर जमा कराई जाएंगी।

बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र का वितरण शुरू

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल-इंटर के परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से वितरण शुरू कर दिया गया है। जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित 501 माध्यमिक विद्यालय हैं। इसमें पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 92000 है।

22 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं होंगी। सोमवार से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्रवेश पत्र के वितरण शुरू कर दिए गए। विद्यालय में प्रवेश के मिलान के बाद प्रधानाचार्य प्रवेश पत्र का वितरण कराएंगे। परीक्षा वर्ष 2023-24 के लिए 143 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए है जिनमे हाई स्कूल के 52000, इंटर के 46000 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। वित्तविहीन विद्यालयों में अतरिक्त केंद्र व्यवस्थापक लगाए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि प्रवेश पत्र वितरण के नाम पर वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रधानाचार्य पर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

गो आश्रय केंद्र संचालित करने की मांग

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत पकड़ी मारूडीह के प्रधान पप्पू शुक्ल ने खंड विकास अधिकारी से मिलकर ग्राम पंचायत में गो आश्रय केंद्र संचालित कराए जाने की मांग की है। बताया कि ग्राम पंचायत में गो आश्रय केन्द्र संचालित न होने से जगह-जगह आवारा पशु घूम रहे हैं तथा किसानों के फसलों को छति पहुंचा रहे हैं जिससे किसान परेशान है।

भूमाफिया ने आवासीय पट्टे पर बना ली दुकान

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार : इटियाथोक थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिलौली में भूमाफिया ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ग्राम समाज की जमीन पर आवासीय पट्टा कराया और उक्त जमीन पर दुकाने बना ली। सदर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गिलौली में गोंडा बलरामपुर सड़क किनारे बेशकीमती जमीन गाटा संख्या 495 को गांव के ही राजकुमार शुक्ल, राजनरायन शुक्ल, विष्णु शुक्ल ने आलीशान दुकान खड़ी कर ली जिसकी शिकायत राजेश शुक्ला ने आयुक्त देवीपाटन मंडल से की है।

बिजली के तार व खंभे बदलने की मांग

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरा भोदर के अकबरपुर गांव में लगे बिजली के तार व खंभे जर्जर हो गए हैं। प्रधान प्रतिनिधि जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि इन जर्जर तारों व खंभो को बदलवाये जाने की माँग विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर के अवर अभियंता से की गई है।

मारपीट में चार गिरफ्तार

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के रामापुर गांव निवासी शाह मोहम्मद, किताब उल निशा, सोनू व शबाना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

आस्था स्पेशल ट्रेन से कटरा-शिवदयाल गंज आज पहुंचेंगे एक हजार श्रद्धालु

ई-बसों से अयोध्या भेजे जाएंगे श्रद्धालु, रेलवे के अधिकारियों ने लिया जायजा

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार : भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों को सुलभता के साथ बाल्य स्वरूप रामलला के दर्शन कराने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की पहली आस्था स्पेशल ट्रेन बिहार राज्य के मुंगेर से सोमवार शाम 6.20 पर रवाना हो गई। गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर होते हुए मंगलवार को सुबह सरयू के तट पर स्थित कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर यह आस्था स्पेशल ट्रेन मंगलवार प्रातः आठ बजे पहुंचेगी। रेलवे स्टेशन से इलेक्ट्रॉनिक बसों से श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए रवाना किया जाएगा। इसे लेकर रेलवे विभाग की तरफ से सोमवार को डीआरएम आदित्य कुमार सहित तमाम रेलवे के अधिकारी शिवदयाल गंज स्टेशन पहुंचे और राम भक्तों के आवभगत के लिए तैयारियों का जायजा लिया। स्टेशन को सजाया संवारा गया है। स्टेशन पर प्रभु श्रीराम की तस्वीरें और ट्रेन का चित्र उकेरा गया है। सरयू के तट पर स्थित यह एनईआर का पहला स्टेशन है। जहां पहली आस्था स्पेशल ट्रेन पहुंच रही है। अभी तक यह अयोध्या धाम और कैंट रेलवे स्टेशन तक ही आ रही थी। इससे आ रहे रामभक्तों के स्वागत के लिए नवाबगंज-कटरा के लोग तैयारी में लगे हुए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के बड़े अधिकारी यहां लगातार तैयारियों का जायजा लेते रहे।

कटरा-शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर आस्था स्पेशल ट्रेन के आने की तैयारियों का जायजा लेते डीआरएम व अन्य कर्मी। अमृत विचार

कटरा स्टेशन पर लगी इलेक्ट्रानिक बसें।

रेलवे के खास मेहमान होंगे आस्था से आने वाले रामभक्त

रामलला के दर्शन के लिए मंगलवार को स्टेशन पर पहुंच रहे रामभक्तों के जत्थे को मेहमानों को खास की तरह स्वागत करने के लिए बीते दो महीने से रेल विभाग तैयारी में जुटा है। स्टेशन को पूरी तरह सभी संसाधनों से लैस करने के बाद सर्कुलेटिंग एरिया में एक एक हजार व्यक्ति के क्षमता वाले दो विशाल जर्मन टेंट लगवाए गए है। आकस्मिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ से विशेष एम्बुलेंस बुलाई गई है। खान-पान के कई स्टालों के संचालन शुरू किए गए है। नए शौचालय के निर्माण के साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी की है। सूचना के सभी आधुनिक प्रणाली से स्टेशन को लैस कर दिया गया। स्टेशन पर रेल विभाग के 450 अधिकारी और कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। डीआरएम लखनऊ आदित्य कुमार भी सोमवार के देर शाम स्टेशन पर तैनात किए गए सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप देते नजर आए।

गोंडा के तीन युवकों की मुंबई में मौत

दुखद

▸▸ गैस रिसाव बताई जा रही वजह करनैलगंज नगर के भैरवनाथ पुरवा के रहने वाले थे तीनों

करनैलगंज, गोंडा

आजम

सफी

सईद फाइल फोटो।

अमृत विचार : कर्नलगंज नगर के मोहल्ला भैरवनाथ पूरवा के रहने वाले तीन युवकों की रविवार को मुंबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की वजह गैस रिसाव बतायी जा रही है। पुलिस का मानना है कि गैस रिसाव के चलते तीनों युवकों की दम घुटने से मौत हुई है। युवकों की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मचा है। परिवार के लोग शव लेने के लिए मुंबई रवाना हो गए हैं।

करनैलगंज नगर के मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के रहने वाले आजम (30) पुत्र मोहम्मद सलीम राइनी, सफी अहमद उर्फ छोटकऊ (32) पुत्र रशीद भुल्लर व सईद अली (35) पुत्र अमजद अली मुंबई के वसई इलाके में फल बेचने का कारोबार करते थे और वसई पश्चिम के मानिक नगर इलाके के नौपाड़ा मोहल्ले में स्थित आशा सदन में किराए का कमरा लेकर साथ में रहते थे। शनिवार की रात तीनों ने एक साथ खाना खाया था और फिर सो गए थे। रविवार को जब पड़ोस के लोगों ने उनके कमरे से गैस की गंध महसूस की तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो तीनों के शव कमरे में पड़े थे। एक का शव किचन में तो दो युवकों का शव हॉल में पड़ा था। पुलिस का कहना है कि तीनों युवकों की मौत गैस रिसाव के चलते हुई है। युवकों की मौत की सूचना से उनके परिवार में कोहरा मचा है परिजन शव लेने के लिए मुंबई रवाना हो गए हैं।

ट्रैक्टर ट्रॉली की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत

खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार : ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक में टक्कर से बाइक सवार वृद्ध महिला की मौत हो गई। बाइक सवार किशोरी घायल हो गई। थाना क्षेत्र के निधिनगर निवासी पिंटू पुत्र नकछेद अपनी मां उर्मिला (65) व लड़की ममता (12) के साथ रिश्तेदार के यहां तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने इकौना जा रहे थे। सोमवार शाम अमवा खोदाई नगर में एक ईंट-भट्ठे के पास मोड़ पर गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। उनकी मां ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गई जिससे कुचलकर उनकी मौत हो गई। ममता गंभीर रूप से घायल हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन की।

किशोर की हत्या में 6 आरोपियों पर पुलिस मेहरबान

रुपईडीह, गोंडा

▸▸ नहीं हुई गिरफ्तारी, न्याय के लिए भटक रहे परिवार वाले

अमृत विचार : दो माह पहले कौड़िया के चकई पुरवा बनगाई में दो पक्षों के मध्य लाठी-डंडों से हुई मारपीट में किशोर की हुई मौत की घटना में नामजद आरोपियों में से छः आरोपी पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहें हैं। इससे मृतक के स्वजन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर थाना मुख्यालय का आये दिन चक्कर काट रहे हैं।

दो माह पहले कौड़िया के चकई पुरवा बनगाई मे सुबह खेत मे भैंस चरने चली गई थी। जिसको लेकर गांव के रामजागे और ओम प्रकाश के बीच कहासुनी हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने लाठी डंडों से अचानक एक दूसरे पर प्रहार करना शुरू कर दिया। इस घटना में रामजागे के चौदह वर्षीय पुत्र राजकुमार उर्फ निरहू को गंभीर चोट आई। उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रामजागे द्वारा गांव के ही नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा नामजद आरोपितों में से ओम प्रकाश, नागेश्वर व शिवकुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य आरोपितों को घटना के दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। वादी रामजागे ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से उसकी भी जान के लिए खतरा बना हुआ है। आरोपितों की गिरफ्तारी किये जाने के लिए लगातार पुलिस से मांग की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी न होने के संबंध में थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि घटना में जिन आरोपितों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है, उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 8 फरवरी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जनपद के ग्राम सिसवा ब्लॉक मनकापुर स्थित अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 व 9 की प्रवेश परीक्षा 25 फरवरी को प्रस्तावित है। उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया कि वे पंजीकृत श्रमिक जिनका पंजीकरण 3 वर्ष पुराना है औश्र जिनके बच्चे कक्षा 6 या 9 में प्रवेश के इच्छुक हैं, वे श्रम विभाग के कार्यालय से प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सभी अभिलेखों सहित भरा हुआ फॉर्म 8 फरवरी तक जमा कर सकते हैं।

सार-संक्षेप

बुनियादी शिक्षा पर गणित आधारित प्रशिक्षण शुरू

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक शिक्षिकाओं व शिक्षामित्रों का बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का पांचवा चरण सोमवार से ब्लॉक ससांधन केंद्र पर शुरू हो गया है। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए केआरपी बालमुकुंद पांडेय, एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष द्विवेदी, घनश्याम शुक्ल व अनुज तिवारी को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण दो दो समूह में शुरू किया गया है। एक समूह में 50-50 लोगों को शामिल किया गया है।

बाल श्रम उन्मूलन को लेकर किया जागरूक

दुकानदार को बाल श्रम उन्मूलन के बारे में बताते हुए टीम के सदस्य।

गोंडा, अमृत विचार : बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत सोमवार को थाना एएचटीयू टीम और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने मोतीगंज क्षेत्र के कहोबा कस्बा व मोतीगंज बाजार में जांच अभियान चलाया। टीम ने बाजार में संचालित दुकानों और होटलों की चेकिंग की तथा बाल श्रम की रोकथाम के लिए शासन की तरफ से चलाई जा रही नीतियों के बारे में दुकानदारों को जागरूक किया। साथ ही बाल श्रम न कराए जाने की हिदायत दी। टीम ने बताया कि अगर कोई दुकानदार बाल श्रम कराता पासा जाता है तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जायेगी। अभियान के दौरान महिला एवं बच्चों को भी जागरूक किया गया। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा, अपराजिता संस्था से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आत्रेय त्रिपाठी, थाना एएचटीयू प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक रामकिशोर प्रसाद, मुख्य आरक्षी गऊचरन और आरक्षी चंद्रशेखर मौजूद रहे।

तीन युवकों की मौत से परिवार सदमे में

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : मुंबई में रोजी रोटी की तलाश में नगर के मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के मोहम्मद आजम, सफी अहमद उर्फ छोटकउ व सईद अली काफी अरसे से वहीं रहकर फल व सब्जी का ठेला लगाकर व्यापार करते थे। मोहल्ले वालों के अनुसार तीनों युवक काफी मिलनसार व व्यवहारिक प्रवृति के थे। तीनों युवकों की एक साथ मौत होने की खबर ने सबको सन्न कर दिया। उधर भैरवनाथ पुरवा में स्थित इन युवकों के घरों पर तो कोहराम सा मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।मृतक सफी के परिजनों ने बताया कि सफी की मिटटी मुंबई में ही होगी। कुछ परिजन व रिस्तेदार मुंबई गए हैं। अन्य दो युवकों के परिजन शव लाने के प्रयास में लगे हैं। घटना की खबर आने के बाद से पूरे मोहल्ले में कोहराम मचा हुआ है। रिस्तेदारों व मिलने वालों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है।

कैमरों से 24 घंटे करें वेयर हाउस की निगरानी

वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेतीं जिलाधिकारी।

श्रावस्ती, अमृत विचार : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में स्थित ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का आंन्तरिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवी पैट को व्यवस्थित ढंग से रखने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी की जांच भी की। कहा की कैमरों से 24 घंटे निगरानी भी की जाएं। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट अमरेंद्र कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल सहित अन्य रहे।

वृद्धा सहित दो महिलाएं रहस्यमय ढंग से लापता

परसपुर, गोंडा

गुमशुदा

▸▸ अलग-अलग गांवों की रहने वाली हैं दोनों, परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : अलग-अलग गांवों से एक वृद्ध महिला के साथ नव विवाहिता घर से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूपी पुरवा विशुनपुर कला निवासी विजय कुमार ने बताया कि उसकी नवविवाहिता पत्नी बिंदु (24) सुबह घर से निकली जो वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला। वहीं, सकरौर डीहा निवासी अरुण पाठक ने दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बृद्ध चाची यशोदा देवी पत्नी गंगा प्रसाद 5 फरवरी को सुबह 6 बजे शौच के लिए घर से निकली थीं जिनके वापस घर न आने पर नाते-रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन करने पर भी कुछ पता नहीं चल सका। इस संबंध में थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि दोनों मामलों में तहरीर के आधार पर गुमशुदगी पंजीकृत कर ली गयी है।

4 साल लिवइन में रही, दो बच्चे भी हुए, अब प्रेमी ने भगाया

रिश्ते शर्मसार

▸▸ विवाह के लिए 2 लाख रुपये दहेज मांगने का लगाया आरोप प्रेमी समेत 4 पर केस दर्ज

धानेपुर, गोंडा

अमृत विचारः धानेपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को बिना शादी के अपने प्रेमी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहना भारी पड़ गया है। पीड़िता का कहना है वह 4 साल तक पत्नी की तरह उसके साथ रही। 2 बच्चे भी हुए। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो उससे 2 लाख रुपये दहेज की मांग की गई। दहेज न मिलने पर उसकी पिटाई की गई। उसे घर से भगा दिया गया। बेवफाई और प्रताड़ना से परेशान युवती ने प्रेमी व उसके परिजनों के खिलाफ धानेपुर थाने में दहेज उत्पीड़न व मारपीट समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

धानेपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती का कहना है कि 4 साल पहले उसकी शादी रमेश मिश्रा के साथ तय हुई थी। रमेश कई दिनों तक उसके साथ रहा। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई। जब उसकी मां ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी रमेश पैसे का इंतजाम न होने का बहाना बनाकर टालता रहा। जब रमेश पर दबाव बढ़ा तो वह उसकी मां को झांसा देकर उसे साथ लेकर दिल्ली चला गया। दोनों 4 साल साथ रहे। इस दौरान युवती ने दो बच्चों को जन्म दिया। इनमें एक की मौत हो गई जबकि ढाई साल बेटा साथ है। उसने कई बार रमेश से विवाह के लिए कहा लेकिन वह उसे झांसा देता रहा। एक दिन रमेश और उसके परिवार वालों ने शादी के बदले 2 लाख रुपये दहेज की मांग रख दी। उसने अपनी विधवा मां की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इस रकम को देने में असमर्थता जताई तो रमेश उसके परिवार वालों ने उसकी पिटाई की।

जनसुनवाई में की शिकायत तब दर्ज हुआ मुकदमा

पीड़िता ने जनसुनवाई में इसकी शिकायत की थी। प्रभारी थानाध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि पीडिता की शिकायत पर उसके प्रेमी रमेश, ससुर राम छबीले, देवर चंद्रप्रकाश मिश्र व लकी के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

शादी से पहले प्रेमी के साथ प्रेमिका फरार

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : शादी से पहले प्रेमी संग प्रेमिका फरार हो गई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षी पुत्री को गांव के युवक शादी करने की नियत से शनिवार की रात्रि में करीब 10 बजे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोपी के भाई व मां ने भी सहयोग किया है। लड़की की शादी बस्ती जिले में तय की थ्झी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी और लड़की की तलाश की जा रही है।

पिता की हत्या का आरोपी बेटा गिरफ्तार

श्रावस्ती, अमृत विचार : थाना क्षेत्र मल्हीपुर के ग्राम बढ़ाई गांव में शनिवार को एक व्यक्ति ने अपने पिता को मारकर लहूलुहान कर दिया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस हत्यारोपी बेटे की तलाश में जुटी थी। सोमवार को थानाध्यक्ष मल्हीपुर जयहरि मिश्रा ने टीम के सहयोग से आरोपी अक्षय कुमार पुत्र रामनिवास निवासी बढई गांव दा. ओदाही थाना मल्हीपुर को मुखबिर की सूचना पर माल्ही चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। रामनिवास अपनी बेटी की शादी के लिए सामान खरीदने को खेत बेचना चाह रहा था जिससे उसका बेटा नाराज था। शनिवार सुबह करीब 8 बजे पिता-पुत्र में जमीन बेचने की बात पर झगड़ा हुआ।

आस्था ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर के 20वें वार्षिकोत्सव में रातभर बही भजनों की बयार

बाबा श्याम और सती दादी का सजा भव्य दरबार, झूमे भक्त

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर के 20वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में रविवार की रात्रि श्रीश्याम मंदिर में बाबा खाटू श्याम और श्रीराणी सती दादी जी की भजन आंमत्रित गायक, गायिका द्वारा भजनों का गुणगान हुआ। रविवार को नवमी तिथि पढ़ने पर बाबा श्याम की लाडली भजन गायिका मानसी अग्रवाल ने दादीजी के मंगल पाठ और भजनों का गुणगान अपने सुरों से गाकर भक्तों को सुनाया, उन्होंने गाया..लाया थारी चूनरी करियो मां स्वीकार... बालकिया बुलावें आ जाओ म्हारा दादीजी .. आदि भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद भजन गायक पंकज निगम ने गाया ..सुन लो मेरी पुकार, पवन सुत बिनती बारमबार... कुछ तो है सरकार तेरी सरकारी में....,खाटू वाले मेरी भी सुन लीजिए .. आदि भजनों की प्रस्तुति दी। उसके बाद कोलकाता से भजन गायक रवि बेरीवाल ने गाया - श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है ...सांवरिया आता है सांवरिया आता है ...हाथ कभी देखे नहीं फिर भी सर फिराता है पैर कभी देखा नहीं फिर भी दौड़ा आता है .... आयेगा आयेगा आयेगा लीले चढ़ सांवरा आयेगा ..हाथ उठा ताली बजा बोलो जय श्री श्याम मंदिर.. अपने दिल का हाल सुनावन आया हूं, परिवार मेरा तेरे हवाले, खाटू वाले वो खाटू वाले ...मैं तो म्हाने श्याम को रिझावन आवा है ... आदि भजनों पर श्याम प्रेमी खूब झूमे। मन्दिर प्रांगण और बाबा खाटू श्याम, श्री राणी सती दादी जी का दरबार बहुत ही मनमोहक सजा हुआ था। सभी श्याम प्रेमी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रातभर भक्त भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान अनिल मित्तल, गोविंद जालुका, सुशील पचेरिया, अरिहंत जैन, उत्कर्ष सिंघल, विशाल बंसल, अजय अग्रवाल, राम मनोहर अग्रवाल, विशाल जायसवाल, चंदू मित्तल, नितेश मित्तल, सरोज अग्रवाल, बेनू अग्रवाल, शगुन मित्तल, सुधा टेकरीवाल, सरोज गर्ग, नीतू गर्ग, संतोष अग्रवाल सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

श्री श्याम मंदिर में भजनों की हाजिरी लगाते गायक व नृत्य करते श्रद्धालु।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तथोमैत्री न जीवर्यति॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है, जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

संपादकीय

कदाचार रोकने के लिए

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए केंद्र ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024, लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें प्रश्नपत्र लीक करना, अभ्यर्थियों की सहायता करना, कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करना शामिल है। विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। परीक्षा आयोजित करने में लगे सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है और उन्हें भविष्य में जिम्मेदारियों से रोका जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार युवाओं को लेकर चिंतित है, जिस तरह से परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है उसे सरकार गंभीरता से ले रही है। लिहाजा फैसला लिया गया है कि परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए नया कानून बनाया जाए। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं पर एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है, जो डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षित करने, फुल प्रूफ आईटी सुरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी लागू करने और बुनियादी ढांचे के लिए राष्ट्रीय मानक तैयार करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित करेगी।

गत वर्षों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे परीक्षा को रद करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। सख्त कानून न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रही। ऐसे में इस तरह का कानून बहुत जरूरी था। प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे-जैसे कदाचार हाईटेक होता जा रहा है दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी बच्चों को मानसिक आघात लग रहा है, वहीं कार्यशैली को लेकर पूरा सिस्टम भी कठघरे में खड़ा हो रहा है। प्रत्येक नौकरी का पहला चरण प्रतियोगी परीक्षा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। परंतु सवाल है कि क्या दुनियाभर में सम्मान पाने वाले भारतीय युवा परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों के चलते अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपेक्षित सम्मान हासिल कर पाएंगे? शिक्षा भले ही समवर्ती सूची का विषय हो और अलग-अलग राज्यों में परीक्षा में कदाचार को लेकर कानून हों लेकिन यदि उससे पूरे देश में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों तो केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। विधेयक आने से परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा।

यूपी में आर्थिक विस्तार व समृद्धता लाएगा बजट

डॉ. विकास प्रधान
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए।

सोमवार को देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत हुआ जिसने सीधे गत वर्ष के 6.90 लाख करोड़ से 7.36 लाख करोड़ का उछाल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले सात सालों में दोगुना होकर 25 लाख करोड़ हो गई। निश्चित ही अर्थव्यवस्था का विस्तार सुखद है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि राजकोषीय अनुशासन वित्तीय अनुशासन बात चौमुखी विकास का अब संरचनात्मक प्रोत्साहन वाला बजट है। कारण है राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट के अनुसार महज 3.46 प्रतिशत रह गया है और साथ ही उत्तर प्रदेश रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में संतुलित आर्थिक विकास का समीकरण इस बजट में स्पष्ट दिख रहा है। पूरे बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होना जिसमें 17 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यय होना।

उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का लक्षण है, क्योंकि नए राजमार्गों का विकास, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे बनाना, सड़क निर्माण करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को आगे बढ़ाना, 4000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क बनाना, 31500 मेगावाट अधिक बिजली उत्पादन संयंत्रों की स्थापना करना, रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण करना, ग्रामीण स्तर पर सेतुओं का निर्माण करना, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की स्थापना, कानपुर व आगरा में मेट्रो बनाना आदि उत्तर प्रदेश की अवसंरचना को अधिक मजबूत कर रोजगार सृजन करते हुए संतुलित आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ने कृषि की बुनियादी समस्याओं व आवश्यकताओं को चिन्हित कर दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, नलकूपों की व्यवस्था करना, मत्स्य संपदा योजना को बल देना, सस्ती बिजली दर पर सिंचाई व्यवस्था आदि का बजटीय प्रावधान अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करेगा, क्योंकि कृषि बिना विकास की संभावना होती है। कृषि के भी मजबूत पक्ष को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने चीनी मिल निर्माण व पुनर्निर्माण हेतु 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

> ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए। किंतु ग्रामीण विकास, ग्रामीण बाजार व छोटे हाट पर कोई नीतिगत विवरण आंकड़ागत विकास की बात न होना इन योजनाओं में लीकेज उत्पन्न कर सकता है। केंद्रीय योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता क्षेत्रीय विकास की अवधारणा, बुंदेलखंड विकास निधि व पूर्वांचल विकास निधि के प्रस्ताव के साथ-साथ केंद्रीय उत्तर प्रदेश के जनपदों लखीमपुर, हरदोई, भदोही, मिर्जापुर आदि में औद्योगीकरण टेक्सटाइल पार्क की स्थापना आदि संतुलित आर्थिक विकास के सिद्धांत पर खरा उतरता है। किंतु इसमें तराई का क्षेत्र व श्री अन्न विकास कहीं छूट गया है। पीलीभीत जनपद के गन्ना किसानों व चीनी मिलों को शायद चीनी मिल निर्माण के 500 करोड़ रुपये में से कुछ अधिक मिले तो अच्छा होगा या पीलीभीत टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थल विकास हेतु आवंटित राशि का अधिक हिस्सा आवश्यक है ताकि बरेली मंडल को नाथ कारिडोर के अतिरिक्त भी कुछ मिल सके।

कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाना, निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाना, ग्रामीण आवास बनाना, ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का प्रावधान स्वस्थ उत्तर प्रदेश को जन्म देगा और महिला को आर्थिक रूप से उत्पादकीय बनाएगा जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ में अपना योगदान दे सकेंगे, लेकिन यहीं पर महिला उद्यमी योजना महिलाओं हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि की आवश्यकता व आकांक्षा थी जो अधूरी रह गई। धार्मिक स्थलों का विकास अब केवल धर्म की बात नहीं है, अब अर्थ की बात बन गई है, जो रोजगार सृजन अवसंरचना विकास पर्यटन आदि से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाएंगे और राज्य को रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में पुनः स्थापित करेंगे, किंतु रास्तों व सड़कों का निर्माण आवागमन के साधनों व पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकास के बिना दुर्घटनाओं के रूप घातक सिद्ध हो सकते हैं तथा अर्थव्यवस्था समय विडंबना का शिकार हो सकती है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकता है, सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

पशु चिकित्सा कॉलेज की आवश्यकता पशुधन संख्या के आधार पर अन्य जनपदों में भी है, जो संभवतः अग्रिम बजट में पूर्ण हो सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना टैबलेट मोबाइल फोन वितरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है, इसे प्रोत्साहन की आवश्यकता है। तुरंत आर्थिक विकास हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान, 24000 करोड़ की योजनाएं छात्रवृत्ति हेतु, लगभग 1000 करोड़ का प्रावधान मांग व पूर्ति शक्तियों को प्रबल बाजार व अर्थव्यवस्था के विस्तार में प्रबल भूमिका निभाएंगे और गुणक व विनियोग गुणक मजबूत होगा, किंतु भौतिकवादी प्रवृत्ति विकास व मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक बाधाओं को विनियमित करने की भी चुनौती है।

निष्कर्षतः यह उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट है, जो पूर्ण लगता भी है और साथ ही संतुलित व सर्वज्ञ विकास का एक बेहतर दस्तावेज है, जो लागू होने पर आर्थिक विस्तार व समृद्धता दोनों लाएगा।

प्रसंगवश

देर से किया कम दुरुस्त निर्णय

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके बारे में 'देर आयत दुरुस्त आयत' की कहावत अर्द्धसत्य ही होगी। आडवाणी जी का कद राष्ट्रपति बनाए जाने के योग्य था। 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई थी और जुलाई 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव होना था। तब रामनाथ कोविंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आडवाणी से खुन्नस मानते थे, क्योंकि मोदी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के समय आडवाणी ने उनके रास्ते में कांटे बिछाए थे। इसे मोदी नहीं भूले और पीएम बनने पर उन्हें एकदम महत्वहीन कर दिया। यही नहीं 2017 में ऐन राष्ट्रपति चुनाव से पहले सीबीआई ने बाबरी मस्जिद ध्वंस कांड संबंधित तत्समय 6 साल से सुप्रीम कोर्ट में पड़ी याचिका को जागृत कर दिया और प्रार्थना की कि आडवाणी, जोशी आदि बड़े नेताओं पर षडयंत्र का मामला बनता है। लोग चकित रह गए कि आडवाणी की अपनी ही सरकार की सीबीआई ने ऐसा कर दिया। तब राष्ट्रपति पद हेतु उनके दावे का सवाल ही नहीं रह गया। यहां बता दें कि गोधरा कांड के घटित होने पर उनके गुजरात के मुख्यमंत्री पद को बचाने वाले आडवाणी ही थे, क्योंकि तत्समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्हें (मोदी को) पद से हटाना चाहते थे। अयोध्या के नए राम मंदिर प्रकरण में भूमि पूजन से लेकर सद्यः संपन्न प्राण प्रतिष्ठा तक आडवाणी को वहां फटकने तक नहीं दिया गया। बहाना उनके स्वास्थ्य का था। अब 10 साल से मोदी सरकार है। आडवाणी को भारत रत्न देने की याद नहीं आई। उन प्रणव मुखर्जी को यह सम्मान दिया गया, जो कांग्रेस में रहकर हिंदुत्व और सनातन धर्म की जड़ें खोदते रहे। इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान देने की घोषणा के बाद कुछ सोच समझकर आडवाणी के नाम की घोषणा की गई है। क्या कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व आडवाणी जी से विराट था? मेरा ख्याल है कि मंदिर प्रकरण में उन्हें एकदम अलग-थलग रखने से भाजपा का अपना हिंदुत्ववादी वोट बैंक बिखर रहा था और अंदर अंदर पुराने समर्पित लोग क्षुब्ध थे। आरएसएस और भाजपाई कार्यकर्ताओं ने यह अंदरूनी फीडबैक दिया होगा जिससे यह निर्णय लिया गया। जो भी हो उन्हें यह अलंकरण देने से अलंकरण की ही महिमा बढ़ी है।

आरक्षण समानता की गारंटी नहीं

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया।

जाति प्रथा हमारे समाज का कलंक है और उससे भी बड़ा कलंक है पूंजीवाद जो जाति व्यवस्था को बनाए रखना चाहता है। जाति की किसी भी रूप में हिमायत मानवता का अपमान है। दलित हो या गैर दलित हो, या कोई अन्य कैटेगरी की जाति हो। जाति के आधार पर राजनीति, नौकरी, शिक्षा, बैंक कर्ज, जमीन, मकान आदि सबका जिस तरह वितरण हुआ है, उसने जाति को क्रूर और उत्पीड़नकारी बनाया है। जाति प्रथा पहले भी उत्पीड़नकारी थी, आज भी है। बेहतर हो संसदीय जनतंत्र में सबको समान अवसर की बात को ईमानदारी से लागू करें। जातिभेद, जाति आरक्षण, जाति विशेष के लिए विशेष सुविधाओं से तब ही निकल पाएंगे।

बेवकूफ और निकम्मा कर्मचारी, शिक्षक, इंजीनियर, क्लर्क आदि किसी भी जाति का हो सिस्टम के लिए कलंक है। सिस्टम बेहतर ढंग से चले इसके लिए जरुरी है कि निकम्मे, हरामखोर और बेवकूफ को ठिकाने कैसे लगाया जाए। इस पर सोचें, फिलहाल जो व्यवस्था है उसमें एक निकम्मा-बेवकूफ कर्मी अपनी जाति का रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करता है। वह जाति कनेक्शनों और जाति कानूनों का अपनी नाकामी को छिपाने के लिए इस्तेमाल करता है और इस तरह के दुरुपयोग के हजारों मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। हजारों योग्य युवा इस तरह के अक्षम लोगों की कु-क्षमताओं के मारे दर-दर भटक रहे हैं।

आरक्षण किसी भी रूप में समानता की गारंटी नहीं है। समानता की आधारभूत संवैधानिक मान्यताओं को जातिकेन्द्रित आरक्षण ने बाधित किया है। जिस तरह पांच दशक बाद पता चला कि मुसलमानों के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ, ठीक एक दिन भारत में यह भी सर्वे आएगा कि आरक्षण के कारण कितना बड़ा बौद्धिक-प्रशासनिक-उत्पादन क्षमता का नुकसान हुआ। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर जिस तरह के अक्षम-नाकारा लोगों ने विगत पचहत्तर सालों में कब्जा किया है उनकी जाति का जरूर सर्वे किया जाना चाहिए।

ऑफिसों में जाति विशेष का सदस्य होने के कारण अक्षमता पर सवाल नहीं किए जा सकते। अक्षमों के आधार पर आप देश को चीन की कोटि में खड़ा नहीं कर सकते। हम ध्यान से सोचें विदेशों में प्रतिभा पलायन करके जाने वाले कितने लोग किस जाति के हैं? भारत में ज्ञानियों की स्थिति यह है कि वे जाति विशेष के आग्रहों -दुराग्रहों-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर जाति समस्या पर विचार करते हैं, जो दलित हैं वे दलित होने के कारण सवर्णों को मनमाने ढंग से गरियाते हैं। यही हाल सवर्णों का है वे भी असवर्णवों को आए दिन गरियाते रहते हैं। जाति न तो प्रेम करने की चीज है और न गरियाने से जाने वाली है। जातिबोध को अंदर से नष्ट करने की जरूरत है। उसकी जगह नागरिक बोध पैदा करें। व्यक्ति को जाति के सदस्य के रूप में न देखकर व्यक्ति के रुप में देखें, नागरिक के रूप में देखें। नागरिक के रूप में सबको समान अधिकार दें, किसी को विशेष अधिकार न दें। हमारे यहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं में जाति विशेष के लिए विशेष अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। इसके चलते समूचे सिस्टम का असमान विकास हुआ है।

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया। हमें सारी दुनिया में इसके कारण लज्जित होना पड़ता है। हमें अभी भी वह इल्म सीखना है, जो सामाजिक मुक्ति का सपना पैदा करे। आरक्षण का सामाजिक मुक्ति के सपने से सामाजिक बैर है। जातिप्रेम के कारण ही भारत में विगत दो हजार साल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हो पाई। हम धन्य हैं। हमारा जातिबोध धन्य है और सारी दुनिया हमारे जातिप्रेम पर हंस रही है। जातिदंश किस तरह युवाओं में घृणा का संचार करता है, इसे देखना हो तो विज्ञापित पदों के लिए मांगे गए बैंक ड्राफ्ट आदि पर नजर डालें। आरक्षित जातियों के प्रत्याशी आवेदन शुल्क से मुक्त होते हैं। अन्य को शुल्क देना पड़ता है। जबकि बेकारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बेकारों से नौकरी के फार्म के साथ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए चाहे आवेदक किसी भी जाति का हो। जातिप्रेम की यह सबसे घटिया सरकारी नीति है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

सोशल फोरम

निरंतर क्रिया है पलटना

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पलटने में कोई बुराई नहीं। ये जीवित रहने का लक्षण है। पलटना भूमिका है लुढ़कने की। लुढ़कना गंतव्य पर जल्दी पहुंचने में मदद करता है। पलटना आगे बढ़ना है, ऐसे में जब भी मौका मिले आदमी को पलट जाना चाहिए। आप न अलटे न पलटे।

एक ही जगह अंगद का पांव बने जमे रहे तो कोई, क्यों भाव देगा आपको? यदि एक बार आपके बारे में यह धारणा बन जाए कि इसे पूछो या न पूछो, इज्जत दो या न दो इसे कहीं आना जाना नहीं है तो कौन आपसे नमस्ते करेगा। जहां है वहीं पड़े रहेंगे तो न घर वाले पूछेंगे आपको न बाहर वाले, जो अपने विचारों पर स्थिर रहे। एक ही गाना गाते रहे जिंदगी भर उससे ज्यादा बोर आदमी कौन हो सकता है?

अचानक पलट जाने में जो आश्चर्य का भाव है वही तो नमक है जिंदगी का। जीवन में कुछ नया शामिल करने के लिए पलटना जरूरी है। पलटेंगे तभी तो दूसरे पक्ष को जान पाएंगे। पलटेंगे तो तरोताजा बने रहेंगे। बिना पलटे तो रोटी भी जल जाती है। ऐसे में पलटना और अनुकूल समय पर पलटना एक योग्यता है, जो आपको जीवन में सफल होने में मदद करती है। पलटना चरावैती चरावैती वाला दर्शन है। जब भी आप पलटते हैं आगे बढ़ते हैं। नए चेहरे, नए विचार आपको और परिपक्व करते हैं। लगातार पलटते रहने वाला व्यक्ति स्थितप्रज्ञ हो जाता है।

दुनिया को दृष्टा भाव से देखता है वो। वो जानता है कि सब मेरे हैं और कोई मेरा नहीं। वो किसी का नहीं होकर भी सबका होता है। कीचड़ में कमल की तरह निर्लिप्त रहने का यह भाव उसे आदरणीय बनाता है। लगातार पलटना आपके अजातशत्रु और व्यवहार कुशल होने का प्रमाण पत्र है।

जब भी आप पलटते हैं, जिस दिशा से पीठ करते हैं, वो आपको अनादर भाव से ही देखें ये जरूरी नहीं। जिस से भी मुंह फेरते हैं आप वो भी जानता है कि एक न एक दिन आप फिर उसकी और मुंह जरूर करेंगे। ऐसे में सारी दिशाएं आपकी मित्र हो जाती हैं। पलटना निरंतर क्रिया है। जब एक बार पलटते हैं आप दोबारा पलटते ही हैं। पलटना उम्मीदें जगाने वाली क्रिया है और यह दुनिया उम्मीद पर ही टिकी है।

-फेसबुक वॉल से

हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं

देवेन्द्र सिंह
इतिहासकार, उरई

> क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अत: ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। इसमें ये हरबोले कौन हैं। मित्र हरबोलों को ओरछा के राजा हरदौल से जोड़कर देख रहे थे। पहली बात साफ कर दूं कि हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं है।

हरदौल का जन्म और मृत्यु 1857 की क्रांति से सैकड़ों वर्ष पहले ही हो चुकी थी। सुभद्रा जी 1857 की क्रांति में लक्ष्मी बाई के बारे मे लिख रही हैं। एक बात और सुभद्रा कुमारी चौहान मेरे चाचा वीके चौधरी (एडवोकेट इलाहाबाद) की पत्नी कृष्णा की बुआ थी। उनका लिखा साहित्य और मशहूर ग्रामोफोन रिकार्ड हम लोग बचपन से ही सुनते रहे हैं। अब मुख्य बात हरबोलों की। जब मैं स्वास्थ्य विभाग में सेवारत था तब मेरे एक कुलीग थे जिनके नाम के साथ सरनेम में हरबोला जुड़ा था। उनका पूरा नाम मैं भूल गया हूं। वे उत्तराखंड के निवासी थे। तब मुझे सुभद्रा जी की कविता के हरबोलों की याद और पता चला कि हरबोले एक समुदाय के रूप में उत्तराखंड में रहते हैं।

अब सवाल यह है कि क्रांति के विवरण से इनका क्या संबंध हो सकता है जिसको सुभद्रा कुमारी चौहान ने कविता में पिरोया। उत्तराखंड में जाड़े के दिनों में जब वहां बर्फ जम जाती है तब पुराने समय से वहां के पंडे झुंड के झुंड में मैदानों में अपने यजमानों के यहां आकर दान आदि प्राप्त करते और गर्मी आते-आते फिर वापस लौट जाते और बद्रीनाथ केदारनाथ में अपने पुश्तैनी कार्य में लग जाते। मुझे ये सब कैसे पता चला तो एक घटना सुनता हूं। उरई में मेरे घर के सामने एक प्रिंसिपल साहब रहते हैं। उनके घर में एक जाड़े में बड़ी चहल-पहल देख कर मैंने पूछा कि कि क्या मामला है? उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ गया था वहां अपने पंडे जी को पांच कुंटल गेहूं दान करने का संकल्प किया था उसी को लेने के लिए आए हैं।

ऐसा बहुत से लोग करते हैं और उनके आने पर यहां दे देते हैं। अब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर इतना गल्ला वे ले कैसे जाते होंगे? तो एक दिन एक पंडे को पकड़ कर इंटरव्यू ले ही लिया। उन्होंने बताया कि गल्ला ले जाना संभव नहीं है। सब यहीं बेचकर नकद ही ले जाते हैं। अब हरबोलों की बात सुनो। हरबोले भी ठंड के मौसम में पहाड़ों से उतरकर मैदानों में आते थे, लेकिन इनके यजमान नहीं होते थे। ये गांव-गांव जाते। आबादी के हिसाब से एक एक गांव में कई-कई दिनों तक किसी धर्म प्रिय के यहां रुकते। फिर सुबह निकलकर हर घर के द्वार पर गए और हरिबोल का उद्घोष किया। घर से कोई निकला और अपने सामर्थ्य के अनुसार इनकी झोली में डाल दिया। वे अगले घर में पहुंचे फिर हरिबोल की आवाज और यही क्रम चलता रहता। जब एक गांव पूरा हो जाता तो फिर अगला गांव। चूंकि ये लोग मांगने के लिए केवल हरिबोल शब्द का ही उच्चारण करते थे। अतः हरबोले कहलाए। अब सुभद्रा जी ने हरबोलों से क्रांति की कहानी सुनने के बारे में जो लिखा उसका स्पष्टीकरण यह कि ये हरबोले जब एक गांव से दूसरे गांव में जाकर नाइट हाल्ट करते तो पिछले गांवों में जहां भी वे रुके थे, वहां के समाचार और घटनाओं के बारे में बतलाते, चर्चा स्वाभाविक रूप से करते। चूंकि वे उत्तर भारत से होकर बुंदेलखंड में आए। अतः उनके पास सूचनाओं का भंडार था।

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

व्यंग्य

वृद्धों के लिए घड़ियाली आंसू भी नहीं

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

भारत का बजट अंतरिम हो या अंतिम, प्रायः शेर-ओ-शायरी के खुशगवार मौसम में ही पेश होता है। पर, इस बार के अंतरिम बजट में शाइ'री-आइ'री कुछ नहीं था। बजट में वृद्धों के लिए एक भी घोषणा नहीं थी। सहूलियत और सुविधाओं के उल्लेख को छोड़िए मुझे संपूर्ण बजट में चश्मा लगाकर भी, 'बुड्ढा' या 'वृद्ध' शब्द पढ़ने को नहीं मिला।

बूढ़ों के प्रति इतनी सहानुभूति केवल सरकार ने ही दिखाई हो ऐसा नहीं है, बल्कि विपक्षियों ने भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। ऐसा लगता है कि ये लोग वृद्धावस्था जैसी कोई चीज ही नहीं मानते हैं। जैसे कुछ वर्षों पूर्व तक 'राम' और 'रामसेतु' का अस्तित्व नहीं मानते थे। जबकि बचपन-युवापन आदि जितने भी जीवन के पन हैं, सब संचारी हैं। केवल वृद्धावस्था ही अपरिहार्य, अपरिवर्तेय और अंत समय तक साथ देने वाला, अंतिम सत्य होता है। किसी तजुर्बेकार ने कहा भी है कि 'यह दुनिया सरायेपानी है, हर चीज यहां की आनी-जानी है।/जो जाके न आए, जवानी देखी, जो आके न जाए, बुढ़ापा देखा'।।

इन लोगों ने निर्धन, महिला, युवा, कृषक, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार आदि सभी वर्गों के प्रति बजट में छींटे छिड़के, पर वृद्धों के लिए एक घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाया। संभव है कि सरकार और संपूर्ण विपक्ष का मानना हो कि जब पहले से ही वृद्धों को सरकारी स्तर पर सभी प्रकार के यात्रा-किरायों में छूट आदि की विशेष सुविधाएं दी जा चुकी हैं तो अब उन्हें देने के लिए बचा ही क्या है!

मैं अपने वृद्ध भाइयों, जिन्हें सरकार की चापलूस भाषा में, 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है कि खातिर 'आल इंडिया ओल्ड आर्गेनाइजेशन' का नेतृत्व कर सकता हूं। वे चाहें तो इस मुद्दे पर कुछ करने या धरने के लिए अकिंचन को अपना नेता बना सकते हैं। जहां तक मुद्दे की सच्चाई की बात है तो हंसिया दूर न पड़ोसी की नाक। परसों का अखबार देख लो।

बजट से किसानों में खुशी, 60 पार को मिलेगी पेंशन

▸▸ स्वच्छ भारत मिशन के साथ मौसम पूर्वानुमान का भी रखा ख्याल

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की ओर से सोमवार को विधान सभा में बजट पेश किया गया। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ने किसानों के लिए खुशखबरी दी है। 60 वर्ष पूरी करने वाले किसानों को तीन हजार पेंशन दिया जाएगा। साथ ही पीएम कुसुम योजना के लिए करोड़ों का बजट जारी किया है। इसके अलावा जिले के कई विद्यालय सरकार के कायाकल्प योजना से अच्छादित होंगे। इसके लिए भी वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट जारी किया है। बजट में स्वच्छ भारत मिशन, आटोमेटिक वेदर मशीन, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना से लोगों को साधने का प्रयास किया है। बजट से सभी वर्ग को सरकार ने खुश करने का प्रयास किया है। हालांकि इस बजट से किसान, शिक्षा और स्वच्छता अभियान को काफी गति मिलेगी। सरकार द्वारा प्रस्तुत किए बजट के बारे में प्रस्तुत हैं लोगों से बातचीत पर खबर :

शिक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

प्रिया प्रसाद वार्डन।

सरकार की ओर से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कायाकल्प योजना की शुरुआत की गई थी। जिसके लिए बजट में एक हजार करोड़ रुपये बजट में दिया गया है। इससे शिक्षा मजबूती मिलेगी। सरकारी विद्यालय कॉन्वेंट को मात देंगे।

सरकार के बेहतर कदम

एसके चौबे शिक्षक।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बजट वर्ष 2024-25 मे परिषदीय विद्यालयो के भौतिक परिवेश को आकर्षक बनाने हेतु आपरेशन कायाकल्प हेतु एक हजार करोड़ की धनराशि प्रस्तावित करना स्वागत योग्य कदम है।

सरकार का अच्छा कदम

संदीप वर्मा किसान।

प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में 60 वर्ष पूरा करने वाले किसानों के लिए पेंशन की शुरुआत की है। इसके लिए बजट भी जारी किया है इससे किसानों की दैनिक ज़रूरतें पूरी होगी। यह अच्छा कदम है।

किसानों के हित का रखा ख्याल

राम गोपाल वर्मा।

सरकार ने अपने बजट में किसानों के हित का काफी ख्याल रखा है। पेंशन के अलावा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन विकास करो एवं ग्राम पंचायत में स्थापना होने से प्राकृतिक आपदाओं की पूर्ण जानकारी हो सकेगी यह किसानों के हित का बजट है।

महिला सुरक्षा के लिए दिया बजट

मनोरमा गुप्ता।

प्रदेश सरकार के बजट में महिला सुरक्षा को भी ध्यान में रखा गया है महिला सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के लिए बजट जारी किया गया है। यह महिला सुरक्षा को बेहतर बनाएगा।

रसोई का नहीं रखा ख्याल

उषा त्रिपाठी गृहणी।

महंगाई के चलते रसोई का बजट बिगड़ रहा है पहले केंद्र सरकार के अंतरिम और प्रदेश सरकार के बजट से गृहणियों को कोई फायदा नहीं हुआ है। सरकार के बजट ने रसोई का कोई ध्याननहीं रखा है।

यूपी एग्रीज योजना है बढ़िया

कृष्णा मिश्रा व्यापारी।

प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक की सहायता से यूपी एग्रीज योजना को बढ़ावा दिया है। इसका लाभ सभी को मिलेगा व्यापारी भी लाभान्वित होंगे। बस इसे धरातल पर उतारने की जरूरत है।

चिकित्सा क्षेत्र में दिया धन

आशाराम गुप्ता।

सरकार की ओर से पेश किया गया बजट में मुख्यमंत्री विवेक का दिन कोर्स से 6970 व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता के रूप में 638 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार का अच्छा कदम उठाया गया है।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार डीजे संचालक की मौत

बहराइच, अमृत विचार: जिले के बहराइच राजीपुर चौराहा मार्ग के नौव्वनपुरवा गांव के पास रविवार रात तेज रफ्तार लकड़ी से लोड ट्रैक्टर ट्राली ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया । परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

रामगांव थाने के मुकेरिया गांव निवासी 22 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र गोपाल सिंह डीजे संचालन करता था। रविवार रात वह मिठवा गांव डीजे संचालन को बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह नौव्वनपुरवा गांव के समीप पहुंचा। तेज रफ्तार लकड़ी लोड ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित फरार हो गया । आसपड़ोस के लोगों ने एंबुलेंस मंगाकर घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया । वहां चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया । परिजन उसे लखनऊ न ले जाकर शहर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है । युवक की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया है।

एक नजर

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच : रूपईडीहा पुलिस ने नेपाली नागरिक हत्या के प्रयास में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नेपाल निवासी एक नागरिक की भारत नेपाल सीमा पर 24 जनवरी को कुछ लोगों ने अपहरण कर हत्या का प्रयास किया था। पुलिस ने नेपाली नागरिक को छुड़ाते हुए हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। जबकि फरार एक अभियुक्त लखीमपुर खीरी के निघासन थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर गांव निवासी रोहित गुप्ता पुत्र राम मनोहर को सोमवार को प्राइवेट बस स्टैंड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। टीम में उप निरीक्षक जितेश कुमार सिंह, दीवान अरविंद यादव और सिपाही धनंजय कुमार शामिल रहे।

सगे भाइयों को जेल

रूपईडीहा, बहराइच : रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पुजारी गांव निवासी राधेश्याम पुत्र जमुना और रंगलाल उर्फ शालिकराम सगे भाई हैं। दोनों के विरुद्ध के दर्ज है। सभी फरार चल रहे थे जिस पर सीजेएम द्वारा वारंट जारी किया गया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार को उप निरीक्षक बिहारी सिंह यादव, दीवान अवधेश यादव और राकेश कुमार की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एनबीडब्ल्यू के वारंटी को किया गिरफ्तार

बहराइच : कोतवाली देहात के मोहल्ला बंजारी मोड़ शेखदहीर निवासी बब्बू खान पुत्र नसीर के विरुद्ध न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी किया है। कोतवाल देहात ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि उप निरीक्षक विकास कुमार वर्मा, सिपाही जितेंद्र कुमार और अंकित राणा की टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

49 राजकीय विद्यालयों का होगा जीर्णोद्धार

प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालय को मिलेगा लाभ, सरकार ने जारी किया बजट

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : जिले के विभिन्न विकास खंडों में संचालित 49 राजकीय इंटर कॉलेज और माध्यमिक विद्यालयों का जीर्णोधार किया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से बजट जारी कर दिया गया है इसी माह के अंत में विद्यालयों में मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा। इस बजट से होने वाले कार्य से विद्यालयों की व्यवस्थाओं में काफी सुधार होगा।

जिले के विभिन्न विकासखंड में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से राजकीय हाई स्कूल और राजकीय इंटर कॉलेज का संचालन होता है। कई ऐसे विद्यालय हैं जो मरमतीकरण के अभाव में काफी जीर्ण शीर्ण हो गए हैं। इसको देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से शासन को पत्र लिखा गया था। विद्यालयों की स्थिति को देखते हुए सरकार ने अलंकार प्रोजेक्ट के तहत बजट को मंजूरी दे दी है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जिले के 49 विद्यालयों का मरमतीकरण कार्य होगा। इसके लिए सरकार की ओर से बजट जारी कर दिया गया है इनमें जिले के राजकीय हाई स्कूल और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शामिल है। उन्होंने बताया कि संबंधित विद्यालय में मरम्तीकरण के हिसाब से सरकार की ओर से बजट जारी किया गया है। जब इन विद्यालयों में मरम्मत का कार्य हो जायेगा तो विद्यालय बेहतर होंगे। मालूम हो कि चयनित विद्यालयों की स्थिति काफी खराब है।

डीएम मोनिका रानी।

यह विद्यालय हैं शामिल

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत राजकीय हाई स्कूल बसहिया पाते, उर्रा, राजकीय इंटर कॉलेज नवाबगंज, शहर, राजकीय विद्यालय रामपुरवा, हुजूरपुर, कैसरगंज समेत अन्य शामिल हैं। कुल 49 विद्यालयों का जीर्णोधार होगा।

यह होंगे निर्माण

प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जिन विद्यालयों में बरम्मत का कार्य होगा वहां पर भवन और दीवार निर्माण के अलावा पानी, प्रसाधन, मल्टी पर्पज हाल का भी निर्माण किया जाएगा। जिससे स्थिति में काफी सुधार होगा।

–मोनिका रानी, जिलाधिकारी

नुक्कड़ नाटक से किया कैंसर के प्रति जागरुक

बहराइच

अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज में सोमवार को विश्व कैंसर दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को कैंसर बीमारी से बचाव और इलाज की जानकारी दी गई। जिसमें स्वास्थ्य कर्मी भी शामिल हुए।

प्रतिवर्ष चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस बार कैंसर दिवस रविवार को पड़ा। जिसके चलते सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि सोमवार को विश्व कैंसर दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा कैंसर पर रोक के लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा बीमारी पर अंकुश और इसके इलाज की जानकारी दी गई।

इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों के साथ स्वास्थ्य अधिकारियों ने कैंसर को मिटाने के लिए शपथ लिया। मेडिकल कॉलेज में उसके उपचार और जांच के बारे में बताया गया। प्राचार्य ने बताया कि अगर समय से जांच और इलाज शुरू हो तो कैंसर जैसी बीमारी को भी मात दिया जा सकता है। इस दौरान सीएमएस डॉ एमएमएम त्रिपाठी, हॉस्पिटल मैनेजर रिजवान, प्रोफेसर और डॉक्टर मौजूद रहे।

कैंसर दिवस पर नुक्कड़ नाटक करते कलाकार और मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी।

मतदान से लेकर मतगणना तक सतर्क रहें कार्यकर्ता: जिलाध्यक्ष

बहराइच

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर एक दिवसीय संविधान बचाओ PDA महापंचायत का आयोजन डा० भीमराव अंबेडकर सभागार मे हुआ। महापंचायत के मुख्य अतिथि समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती रहे।

सपा कार्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। पीडीए महापंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एड० व संचालन जिला उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खान ने किया। संयोजक अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष पेशकार राव रहें। महापंचायत मे उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओ, बूथ व सेक्टर प्रभारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। वर्तमान भाजपा सरकार मे संविधान खतरे मे है लोकतंत्र की खुले आम हत्या हो रही है। आरक्षण पर भाजपाईओं द्वारा डांका डाला जा रहा है। पिछड़े दलितों के लिए यह चुनाव एक चुनौती है, उनका अस्तित्व समाप्त कर रही है भाजपा। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अत्याचार के खिलाफ संविधान बचाने की लड़ाई में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही एक नेता हैं जो दलित ,पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग का सम्मान और संविधान बचा सकते है। पीडीए का हक और सम्मान बचा सकते है।

भाजपा उत्तर प्रदेश से 2014 में केन्द्र की सत्ता में आई थी। 2024 में उत्तर प्रदेश से ही भाजपा सत्ता के बाहर जाएगी। पूर्व विधायक रमेश गौतम ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। पंचायत उपरांत पूर्व विधायक रमेश गौतम के नेतृत्व मे करीब 100 से अधिक संख्या मे बहुजन समाज पार्टी के नेताओ व पदाधिकारीयों ने बसपा छोड़कर मुख्य अतिथि मिठाई लाल भारती की उपस्थिति मे समाजवादी पार्टी की सक्रिय सदस्यता दिलाकर उन्हे सपा मे शामिल हुए। इस महापंचायत मे पूर्व विधायक रामतेज़ यादव, पूर्व विधायक अलगू चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, देवेश मिश्रा, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी, नगर अध्यक्ष सुमन शर्मा, रेखा राव, अफशाल सानू, नंदेश्वर यादव, मो० आसिफ, जवाहर यादव, कृपा राम यादव, बच्चाराम पासवान, डॉ, फातमा सहित तमाम जन उपस्थित रहे।

सपा की ओर से आयोजित महापंचायत में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

सार-संक्षेप

अयोध्या के लिए रवाना हुए भाजपा कार्यकर्ता

अयोध्या के लिए दल को रवाना करते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं को 250 बसों से सोमवार को अयोध्या में श्री राम लला में दर्शन के लिए भेजा गया है। अयोध्या धाम में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए सैकड़ों रामभक्त हुये रवाना। भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक प्रदीप त्रिपाठी 'छोट' मण्डल महामंत्री अजीत शुक्ल के नेतृत्व में क्षेत्र पयागपुर से सैकड़ों राम भक्त बस द्वारा सोमवार सुबह अवध धाम के लिए जय श्री राम का उद्घोष करते हुए रवाना हुए ।टीम की अगुवाई कर रहे भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रत्येक बूथ से पाँच सदस्यों को राम लला का दर्शन कराने ले जाया जाएगा। बस द्वारा रामभक्तों की टीम विधायक सुभाष त्रिपाठी के दिशा निर्देशों पर निकली है जो अयोध्या पहुँचकर सरयू में स्नान कर विराजमान राम लला के साथ ही हनुमान गढ़ी, नागेश्वरनाथ, कनक भवन,आदि का दर्शन करेंगे ।टीम में अजय तिवारी,आनंद पांडे, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी,धर्मेंद्र त्रिपाठी, रवि मिश्रा सहित तमाम भक्त खुशी से लवरेज भक्तिमय भजन का आनंद लेते हुए पावन ओयोध्या धाम को रवाना हुये।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में रिमझिम, काजल व गौतम अव्वल

संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता छात्र। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित हुवा जिसमे रिमझिम,काजल और गौतम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी को सम्मानित किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित संस्कृति ज्ञान परीक्षा माह अक्टूबर में सम्पन्न हुई थी जिसका परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। जिसमे उच्च प्राथमिक विद्यालय पयागपुर की छात्रा रिमझिम निगम,काजल कश्यप और गौतम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक गोपाल जी शुक्ल ने बच्चों को मेडल व प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षक गोपाल जी शुक्ला ने कहा कि बच्चे नियमित विद्यालय आते हैं और उनको नैतिकता तथा संस्कृति पर विशेष ध्यान दिया जाता है। परीक्षाफल सभा को एआरपी राजेश मिश्रा,विद्यालय की सहायक अध्यापिका श्रेया शुक्ला, अनुपमा शुक्ला, राजदेव गिरी, अभिकैश त्रिपाठी आदि शिक्षकों ने भी संबोधित किया।

देखरेख के अभाव में गौशालाओं में दम तोड़ रहे मवेशी

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार : ग्राम पंचायत अमृतपुर में स्थित गोशाला में देखरेख के अभाव में मवेशी दम तोड़ रहे हैं। लेकिन सूचना के बाद भी अधिकारी अंजान बने हुए हैं। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा अमृतपुर में नवनिर्मित गौशाला अब गायों के लिए आश्रयस्थल के बजाय निर्वाणस्थल साबित होती जा रही हैं। यहाँ रजिस्टर्ड मात्र 91 गायों की हालत पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है। कई बीमार गायों के इलाज हेतु न तो डॉक्टर आते है और न ही कोई अधिकारी इनकी परवाह करने आते है। गौशाला की हालत इतने ख़राब है कि जिन्दा गायों की आंखे कौवे फोड़ कर खा लेते है। परन्तु कोई केयर टेकर को इन सबसे मतलब नहीं रख रहा है। इस सम्बन्ध में जब ग्राम पंचायत के सचिव से बात करना चाहा परन्तु उनका फोन नहीं उठा तत्पश्चात अमृतपुर के ग्राम प्रधान कमलेश प्रजापति को फोन किया गया तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया।

गौशाला में बेहोश पड़ी गाय।

आरटीआई कार्यकर्ता ने धमकी देने का लगाया आरोप

बहराइच : नगर पंचायत कैसरगंज निवासी समाजसेवी और आरटीआई कार्यकर्ता तौहीद आलम ने धमकी देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विकास कार्यों और घोटाले का पर्दाफाश करने के लिए उनके द्वारा आरटीआई के तहत जानकारी मांगी गई है। जिसमें सीएचसी अधीक्षक और सीपीडीओ शामिल हैं। जिसकी पेशी भी आयुक्त के यहां इसी माह लगी है। इसको देखते हुए अधिकारियों की ओर से उन्हें धमकी दिलवाया जा रहा है। उन्होंने इसकी जांच के बाद कार्यवाई की मांग की है।

युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर किया दुष्कर्म

जरवल, बहराइच

अमृत विचार : जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पांच दिन तक लखनऊ में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि 23 जनवरी को वह बाजार सामान की खरीदारी के लिए जा रही थी। तभी अली नगर गांव निवासी अंकुर यादव आ गया। उसने समान खरीदवाने की बात कहते हुए उसे किसी वस्तु में नशीला पदार्थ खिला दिया। इसके बाद युवती को लखनऊ के इंजीनियरिंग चौराहा स्थित एक मकान में ले गया। उसका कहना है कि पांच दिनों तक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद वह छोड़कर कहीं चला गया। 28 जनवरी की शाम को उसने दूसरे के सहयोग से पुलिस को सूचना दी। लखनऊ पुलिस ने जरवल रोड पुलिस के सुपुर्द उसे करते हुए केस दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने जांच के बाद रविवार को केस दर्ज किया है। जिसमें दुष्कर्म, एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराएं लगाई है। सीओ रूपेश गौड़ मामले की जांच कर रहे हैं।

मदरसा पोर्टल से प्रवेश डाउनलोड करें अभ्यर्थी

बहराइच : उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फरसी एवं अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष 2024 की परीक्षाएं 13 फरवरी से 21 फरवरी तक होंगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र, डेस्क स्लिप एवं उपस्थिति पत्रक मदरसा पोर्टल मदरसाबोर्ड डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित मदरसे अपने लॉग इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रधानाचार्य के हस्ताक्षरोपरान्त सम्बन्धित परीक्षार्थी को उपलब्ध कराए जाएंगे। जबकि डेस्क स्लिप एवं उपस्थिति पत्रक परीक्षा केन्द्र की लागिंग पर उपलब्ध हैं, जिसे परीक्षा केन्द्र द्वारा स्वयं डाउनलोड किया जायेगा। परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में व्यवस्था दी गई है कि परीक्षा पाली की समाप्ति के उपरान्त परीक्षा केन्द्र द्वारा अपनी लॉग इन से तत्सम्बन्धी सूचना मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जाएगी।

शत-प्रतिशत मतदान करें मतदाता : एसडीएम

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार : जिले के बलहा विधानसभा के मिहीपुरवा में सोमवार को बीएलओ बैठक एसडीएम ने की। उन्होंने लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की दृष्टि के तहत मतदाता सूची की उपलब्धता व शत प्रतिशत मतदाताओं की चुनाव में सहभागिता के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार ने विकासखंड सभागार में बैठक आयोजित की। जिसमें बीएलओ सुपरवाइजर व निर्वाचन से जुड़े कर्मचारियों ने भाग लिया । एसडीएम ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी। एसडीएम ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी लोग मतदाताओं को जागरूक करें मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो सभी मतदाताओं का नाम सूची में उपलब्ध हो जिसके तहत कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहने पाए । एसडीएम ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भी कर्मचारियों को निर्देश दिया जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इस मौके एसडीएम संजय कुमार, तहसीलदार अंबिका चौधरी व बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बीएलओ को संबोधित करते एसडीएम। अमृत विचार

उपलब्धि | चार दिवसीय प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा शुरु, विभागाध्यक्ष की देखरेख में मरीजों की जांच कर रहे एमबीबीएस छात्र

मार्च माह में जिले से निकलेंगे 100 एमबीबीएस छात्र

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : स्टेट मेडिकल कॉलेज के 100 एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई पूरी होने के करीब है। एबिन छात्रों का प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा शुरू हो गया है मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग अध्यक्ष की देखरेख में सभी परीक्षा दे रहे हैं। जिसमें इलाज और अन्य जांच कैसे की जाए, इसकी जानकारी उनको दी जा रही है।

बहराइच में स्थित स्टेट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों की पढ़ाई चल रही है। 100 छात्राओं की एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी हो गई है। जिसके चलते इन छात्र-छात्राओं की प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि सर्जरी विभाग के सेकंड फ्लोर पर छात्रों की परीक्षाएं चल रही हैं। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित श्रीवास्तव की देखरेख में सर्जन डॉक्टर एफआर मालिक, डॉक्टर राहुल अग्रवाल, डॉ विजय शुक्ला, डॉक्टर सौरभ अग्रहरि, डॉक्टर अवनीश की टीम एमबीबीएस छात्रों की परीक्षा ले रही है। डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि 25 25 के छात्रों का बैच प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा में शामिल है। उन्होंने बताया कि इन छात्रों को वार्ड में भर्ती मरीजों की जांच, इलाज और अन्य जानकारी दी जा रही है। जिसके चलते यह सभी छात्र यहां से बाहर जाने के बाद बेहतर तरीके से इलाज कर सकें। उन्होंने बताया कि आठ फरवरी तक परीक्षा चलेगी।

बहराइच मेडिकल कॉलेज में मौजूद प्रोफेसर और प्री यूनिवर्सिटी की परीक्षा देते एमबीबीएस छात्र। अमृत विचार

सरकारी अस्पतालों का कर सकते हैं चयन

मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस के छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। सभी छात्राओं की प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा चल रही है मार्च माह में यह सभी छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कर बाहर निकल जाएंगे। इसके बाद वह अपने मन के मुताबिक प्राइवेट या सरकारी अस्पतालों का चयन कर इलाज कर सकते हैं। इसका उन्हें लाभ मिलेगा।

–डॉक्टर संजय खत्री, प्राचार्य

पुलिस ने चार वारंटियों को भेजा जेल

पयागपुर, बहराइच : क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय, चंद्रशेखर प्रजापति, रमेश यादव, हे का0शेख असफाक आलम, सन्तोष कुमार, का0राम सहाय, आशुतोष गुप्ता, सच्चिदानंद द्वारा सोमवार को चार वारण्टी खूंटी पुत्र राम अधार निवासी गोगे पुरवा ककरहा कुट्टी, अजय मौर्या पुत्र राम हर्ष निवासी आदिलपुर सुमेरपुर, गुड्डू उर्फ विजय कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी पयागपुर, असऊ उर्फ आशाराम पुत्र हल्ला निवासी चांती पयागपुर के घर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि गिरफ्तार चारों वारंटियों को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेज दिया गया है।

एक नजर

पांच पुलिस कर्मी हुए लाइन हाजिर, अन्य के हुए बदलाव

बहराइच : पुलिस अधीक्षक ने जिले के 73 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 73 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिसमें महिला और पुरुष सिपाही के अलावा हेड कांस्टेबल भी शामिल हैं। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर किए गए हैं।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, 3 यात्री घायल

मटेरा, बहराइच : बहराइच नानपारा हाईवे के असवा मोहम्मदपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसके चलते ई रिक्शा टक्कर लगते ही दूर जा गिरा। जिसके चलते तीन यात्री घायल हो गए। घायलों को मटेरा सीएचसी लाए जाने पर एक घायल को चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

बिना परमिट के हरे पेड़ों की हो रही कटान

नानपारा, बहराइच : जिले के परसपुर भगवानपुर गांव में बिना परमिट के हरे पेड़ों पर आरा चल रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई है। लेकिन पुलिस और वन विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मटेरा थाना क्षेत्र में लगातार बिना परमिट हरे प्रतिबंधित पेड़ो को काटकर ठिकाने लगाया जा रहा हैं। मटेरा थाना क्षेत्र के परसपुर भगवानपुर के मजरा भगवानपुर गांव में ठेके दार ने 25 से 30 हरे आम के पेड़ काट डाले है। इसकी शिकायत गांव के लोगों द्वारा पुलिस और वन विभाग से की गई है। इस मामले में डीएफओ अजीत कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच के लिए रेंजर को दिशा निर्देशित किया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

एचटी लाइन की चपेट में आए युवक की मौत, भाई घायल

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता,बहराइच

अमृत विचार : जिले के बकैना गांव में सोमवार सुबह सगे भाई सरिया काट रहे थे। एक भाई ने सरिया ऊपर किया, इसी दौरान वह एचटी लाइन को छू गया। चपेट में आकर सगे भाई झुलस गए। परिवार के लोग अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक की मौत हो गई। दूसरे भाई का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पवन कुमार मौर्य के यहां काम कर चल रहा है। जिसके चलते उनके बेटे राहुल (19) और संदीप (22) सोमावर सुबह 11 बजे के आसपास सरिया काट रहे थे। सरिया काटने के दौरान पवन ने सरिया को ऊपर उठाया। तभी लोहे की सरिया ऊपर एचटी लाइन की चपेट में आ गई और उसे करंट लग गया। भाई को बचाने के लिए संदीप ने भी सरिया पकड़कर भाई को अलग करने का प्रयास किया। दोनों करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गए। परिवार के लोगों ने सरिया को तार से अलग करते हुए अस्पताल ले जाने की तैयारी शुरू की। तभी राहुल की मौत हो गई। जबकि संदीप का इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। राहुल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की जानकारी गांव के लोगों ने पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि करंट लगने से मौत हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

करंट लगने से युवक की मौत के बाद वार्ता करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

घर के सामने से बालिका को उठा ले गया तेंदुआ

उर्रा, बहराइच, अमृत विचार : मुर्तिहा रेंज के सेमरीघटही गांव निवासी एक बालिका पर सोमवार शाम को घर के सामने मौजूद बालिका को तेंदुआ उठा ले गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ बालिका को खेत में छोड़ जंगल की ओर चला गया। बालिका की हालत गंभीर बताई जा रही है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांव में तेंदुओं के हमले बढ़ गए हैं। किसी न किसी दिन जंगल से सटे गांव के लोग हमले का शिकार हो रहे हैं। मुर्तिहा रेंज के ग्राम पंचायत सेमरीघटही के मजरा गिरधरपुरवा निवासी संतोषी (10) पुत्री जगदीश पाल सोमवार शाम को सात बजे घर के सामने परिसर में मौजूद थी। तभी जंगल से निकलकर एक तेंदुआ आ गया। तेंदुआ ने बालिका के गर्दन को जबड़े में दबा लिया। इसके बाद उसे जंगल की ओर ले जाने लगा। गांव के लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ बालिका को मौके पर छोड़कर जंगल की ओर चला गया। बालिका को सीएचसी मोतीपुर एंबुलेंस से पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डीएफओ बी शिवकुमार ने बताया कि तेंदुए के हमले की जानकारी मिली है। वन कर्मियों को मौके पर भेजा जा रहा है।

तेंदुए के हमले में घायल बालिका।

ब्लॉक स्तर पर होने वाले रोजगार मेले की तिथि घोषित

बहराइच, अमृत विचार : जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर कौशल विकास मिशन के दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य योजना अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में 5 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य रोज़गार मेलों का आयोजन किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 5 फरवरी को ब्लॉक हुजूरपुर में राजकीय आईटीआई कटघराकलां, 6 फरवरी को ब्लॉक विशेश्वरगंज व ब्लाक कैसरगंज, 7 फरवरी को ब्लाक जरवल व फखरपुर, 8 फरवरी को ब्लाक पयागपुर व महसी, 9 फरवरी को ब्लॉक बलहा, 10 फरवरी को राजकीय आईटीआई बहराइच, 11 फरवरी को राजकीय आईटीआई कटघराकलां, 12 फरवरी कोब्लॉक तेजवापुर, 13 फरवरी को ब्लॉक नवाबगंज, 14 फरवरी को मिहींपुरवा, 15 फरवरी को शिवपुर, 16 फरवरी को फखरपुर, 17 फरवरी को विशेश्वरगंज, 18 फरवरी को राजकीय आईटीआई महसी, 19 फरवरी को ब्लॉक कैसरगंज व जरवल, 20 फरवरी को ब्लाक पयागपुर व रिसिया बहराइच में रोज़गार मेला आयोजित होगा।

शहर की गली में युवक को घेरकर पिटाई, वीडियो वायरल

बहराइच, अमृत विचार : शहर के मेडिकल कालेज चौराहे के यूनिक पैथोलॉजी के पास गली में शनिवार रात एक युवक को लाठी डंडों से लैस हमलावरों ने जमकर दौड़ा दौड़ा कर पीटा। यह वीडियो सोमवार को वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। हालांकि नगर कोतवाली पुलिस ने ऐसी किसी वारदात से अनभिज्ञता जताई है। सोशल मीडिया पर सोमवार को एक मारपीट मामले का वीडियो वायरल होते ही पुलिस इस मामले की जानकारी को सक्रिय हुई। तहकीकात को यूनिक पैथोलॉजी के पास गली में भी गई। आसपास के सीसीटीवी फुटैज भी खंगाले गए है। इसमे एक युवक पर लोग लाठियां बरसा रहे है। जबकि युवक इधर उधर जान बचाने को भाग रहा है। सीओ राजीव सिसोदिया ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। लेकिन किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। पीड़ित युवक की पहचान की जा रही है।

151 बेरोजगार अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

हुजूरपुर, बहराइच

अमृत विचार: राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत राजकीय आईटीआई कटघराकला हुजूरपुर बहराइच मे विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया हुआ।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 11 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी 203 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 151 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले को सम्बोधित करते हुए सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति पाण्डेय ने अभ्यर्थियों का आहवान किया कि ऐसे अवसरों का भरपूर उठाकर अपने लिए रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करें। उन्होंने सेवायोजन पोर्टल पर स्किल वर्कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए मौजूद अभ्यर्थियों का आहवान किया कि दसरे सहपाठियों व ईष्ट मित्रों को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित करें ताकि उनके द्वारा रजिस्टर्ड ई-मेल पर उनकी योग्यता के अनुसार वैकेनसी की जानकारी प्राप्त होती रहे। राजकीय आईटीआई के कार्यदेशक रामतेज ने आईटीआई व कौशल विकास मिशन अन्तर्गत प्रशिक्षित युवक-युवतियों का आहवान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें। इस अवसर पर मेला प्रभारी राहुल बाजपेई, एमआईएस प्रबन्धक रवि शंकर पाठक व भानु प्रताप, अभय शर्मा, पीयूष तिवारी, एमबी उत्तम, अबू बकर व नदीम अहमद अन्य कार्मिक, अभ्यर्थी व आमजन मौजूद रहे।

हुजूरपुर ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेले में पत्र वितरित करते अधिकारी।

खलिहान की जमीन बेचकर हड़प लिए दो लाख रुपये

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार : मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत झाला निवासी रीना देवी पत्नी मंगल प्रसाद एक गरीब महिला है। जिन्होंने सहज राम पुत्र वीपत व उनके पुत्र दीप नारायण पुत्र सहजराम निवासी अहिरन पैरुआ से लगभग दो लाख रुपए की जमीन खरीदी थी। उस पर लगभग पांच लाख रुपए खर्च करके पक्का मकान भी बना लिया गया था। कुछ दिन बाद तहसील प्रशासन द्वारा खलिहान एवं आबादी की जमीन चिन्हित कर खाली करने के लिए नोटिस जारी की गई जो नोटिस महिला को न देकर खुद जमीन बेचने वाले ने फाड़ कर फेंक दिया और बताया कि आप परेशान न हो आपका मकान नहीं टूटेगा। इसकी जिम्मेदारी मेरी है।लेकिन महिला का मकान तहसील प्रशासन के द्वारा गिरवा दिया गया।तत्पश्चात महिला द्वारा जमीन बेचने वाले से यह कहा कि मुझे मेरा पैसा वापस कर दीजिए।लेकिन विपक्षियों ने पैसा वापस नहीं किया। इसके पश्चात महिला ने तहसील से लेकर जिले के अधिकारियों के दरवाजे पर इंसाफ मांगने पहुंची।जिसमें एसपी वृंदा शुक्ला द्वारा आदेश दिया गया कि धोखाधड़ी कर आबादी एवं खलिहान की जमीन बेचने वाले भ्रष्टाचारियों को गिरफ्तार कर उनसे महिला को पैसा दिलाया जाए।इसके पश्चात भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। 3 फरवरी को आयोजित मिहींपुरवा विकास सभागार में समाधान योजना में फिर पीड़ित महिला एसपी के पास पहुंच गई। जिस पर एसपी वृंदा शुक्ला ने मोतीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह को फटकार लगाते हुए कहा कि कल हर हाल में उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर पीड़ित महिला को पैसा वापस कराया जाए। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे महिला इधर-उधर इंसाफ के लिए भटक रही है। लेकिन कोई अधिकारी एवं कर्मचारी पीड़ित महिला की गुहार नहीं सुन रहा है।

मछली काटने वाले हंसिए से किशोर की गर्दन पर किया वार

बहराइच, अमृत विचार। एक किशोर रविवार रात अपना जन्मदिन मनाने को मड़हा में तैयारी कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने विवादित भूमि पर पार्टी मनाने पर एतराज जताया। कहासुनी होने पर हमलावर ने मछली काटने के हंसिए से किशोर की गर्दन के पीछे वार कर दिया। परिजनों ने हमलावर को पीटकर मरणासन्न कर दिया। रानीपुर थाने के ऐलिहा के मजरे बटुहा में रविवार को 16 वर्षीय राज मिश्रा पुत्र पवन कुमार मिश्रा का जन्म दिन था। वह मड़हा को सजा कर अपने साथियों के आने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान गांव का रिक्खी राम कश्यप पुत्र बदलू पहुंचा। उसने मड़हा की भूमि अपनी बताकर एतराज जताया। कहासुनी पर रिक्खी राम ने मछली काटने के हंसिए से राज की गर्दन पर पीछे से वार कर घायल कर दिया। किशोर के परिजनों ने रिक्खीराम को पकड़ा और पीट दिया। दोनों भर्ती हैं।

सौंपे गये दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर कराएं निर्वाचन

दिशा-निर्देश

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर की समीक्षा

श्रावस्ती, अमृत विचार। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष सुचारू रूप से, शान्तिपूर्वक निर्विघ्न तथा निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों सहायक नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बिंदुवार कार्यो की गहन समीक्षा की और निर्देशित किया कि उन्हें जो भी दायित्व सौंपा गया है, उसका समय से सम्पादन कर लोकसभा निर्वाचन को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करायें।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आदर्श आचार संहिता, मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानिटरिंग कमेटी/सोशल मीडिया, व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी तैनात नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कर सौंपे गये दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करें और निर्वाचन को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न करायेंगे। अपने प्रकोष्ठ से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्ण कराने हेतु आवश्यकतानुसार अल्पतम संख्या में अपने अधीनस्थ विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों का सहयोग लेकर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरते।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमरेन्द्र कुमार वर्मा, तहसीलदार भिनगा जागृति सिंह, तहसीलदार इकौना विपुल सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थनीय उमेश आर्या जिला पंचायत राज अधिकारी नन्दलाल, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भिनगा डा० अनीता शुक्ला सहित निर्वाचन कार्य में लगाये गये अन्य नोडल/सहायक नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक। अमृत विचार

रोजगार मेले में 103 को सौंपे गए स्वीकृत पत्र

बलरामपुर। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड परिसर मे किया गया। जिसमे 140 लाभार्थीयो ने पंजीकरण कराया। 103 लाभार्थीयो को तुरंत स्वीकृत पत्र सौप दिया गया। नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य आईटीआई बिशुनपुर बिश्राम आशीष भूषण ने बताया कि मेले मे कुल 12 कम्पनी 6 आनलाइन 6 आफलाइन ने भाग लिया। मौके पर 140 लाभार्थीयो ने भाग लिया। जिसमे 103 लाभार्थीयो को तुरंत ज्वानिंग लेटर दे दिया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत इरफान उल्ला खां, सुरेंद्र गिरी प्रभारी आईटीआई उतरौला, रामनरायन, महेन्द्रपाल सिंह, कृष्णदेव यादव, सतीश कुमार, सत्यम शुक्ला, पंकज सिंह, रोशन कुमार, रतन कुमार, पवन कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

शक्ति सम्मान समारोह 11 व 12 फरवरी को

अटल भवन कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में शामिल जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी।

बलरामपुर। शक्ति वंदन अभियान के तहत सोमवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सम्पर्क व सम्मान के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन चारों विधानसभाओं में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 10 फरवरी को शक्ति संवाद के तहत एनजीओ के प्रमुखों के साथ चाय पर चर्चा की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में आगामी 11 व 12 फरवरी को शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एनजीओ व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई महिलाओं का सम्मान पार्टी की ओर से किया जाएगा। आगामी 12 से 21 फरवरी तक जिले के समस्त मंडल में स्वयं सहायता समूह की बहनों से व्यक्तिगत सम्पर्क करते हुए पत्र का वितरण किया जाएगा। इसी क्रम में एनजीओ व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से एलईडी टीवी के माध्यम से आगमी 22 फरवरी को पीएम मोदी लाइव वार्ता करेंगे। इसी के साथ 25 व 26 फरवरी को एनजीओ प्रमुखों का सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष पचपेड़वा रवि वर्मा, ब्लाक प्रमुख राकेश तिवारी, मंजू त्रिवेदी, वरुण सिंह मोनू, अजय मिश्रा, बिन्दू विश्वकर्मा, ललिता तिवारी, कृष्ण गोपाल गुप्ता, मंजू तिवारी, अवधेश पाण्डेय, संजय शर्मा, विजय गुप्ता, साधना पाण्डेय, रमेश जायसवाल, दयाराम प्रजापति, जयंत सिंह, सरोज तिवारी, नंदनी शुक्ला, झूमा सिंह, आद्या सिंह पिंकी, सुनीता मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

234 मरीजों का निशुल्क इलाज कर दी दवाइयां

ललिया, बलरामपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के श्री राम इंटर कॉलेज बसंतपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करके विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 234 मरीजों का निशुल्क इलाज कर दवाइयां दी है। रविवार को श्रावस्ती के पूर्व सांसद और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कराया। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि समग्र विकास संस्थान की ओर से चलाए जा रहे स्वास्थ्य मेला गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। शिविर में हड्डी रोग, लिवर, थायराइड, चर्म रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज समेत अन्य बीमारियों से संबंधित मरीजों का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया। समग्र विकास संस्थान के संरक्षक और श्री राम इंटर कॉलेज बसंतपुर के प्रबंधक नीलमणि शुक्ल ने बताया कि तराई आंचल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। जिसके चलते इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ज्ञान प्रकाश तिवारी, फिजिशियन डॉ प्रभाकर पाण्डेय, फिजीशियन डॉ शुभम सिंह, डॉ आशीष, सर्जन डॉ मनोज ने तराई के 234 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सीय सलाह दी। नीलमणि शुक्ला ने बताया कि समग्र विकास संस्थान की ओर से मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गयी है। उन्होंने कहा कि तराई के अलग-अलग जगहों में नियमित शिविर लगाकर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसका लाभ तराई के हर जरूरतमंद को मिलेगा। इस मौके पर चन्द्रमणि शुक्ल, आशीष त्रिपाठी, देव शंकर मिश्र, रामकुमार वर्मा, सत्यदेव शुक्ला, अभिषेक पांडेय, शुभम तिवारी, इंद्रमणि, दीनबंधु वर्मा, वीरेंद्र शुक्ला प्रधान, अनूप तिवारी प्रधान, छोटकऊ, ओमप्रकाश, रामकुमार, रामनिवास, मनोज कुमार, दानबहादुर समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

युवा भाजपा नेता का किया गया स्वागत

धनघटा, संतकबीरनगर। युवा भाजपा नेता मृगेंद्र राम त्रिपाठी का सोमवार को धनघटा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। बताते चलें कि पूर्व सांसद स्व. शरद त्रिपाठी के पुत्र मृगेंद्र राम त्रिपाठी आगामी लोकसभा चुनाव में संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। स्वागत करने वालों में अनिरुद्ध प्रसाद शुक्ल, छट्ठू चौहान, राम सरीक यादव, प्रमुख पौली राम मिलन यादव, जिला पंचायत सदस्य बंधू प्रसाद चौहान, अंशु शुक्ल, जितेंद्र कुमार राय, महेंद्र दुबे, शिव प्रसाद मद्धेशिया, शिव कुमार सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

युवा भाजपा नेता मृगेंद्र राम त्रिपाठी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

खलीलाबाद डिवीजन बिजली चोरी में अव्वल

संतकबीरनगर, अमृत विचार। बिजली विभाग ने वर्ष 2023 के आखिरी महीनों में ओटीएस योजना संचालित किया था। इसके तहत बकाया बिलों को जमा करने में अधिभार की शत प्रतिशत छूट रही। लेकिन इस बार इस योजना की सबसे खास बात यह रही कि इसमें बिजली की चोरी के प्रकरण को भी सम्मिलित किया गया था। जिससे चोरी के आरोपी विभाग से छुटकारा पा सकें। लेकिन सबसे अधिक उदासीनता तो बिजली चोरी के मामलों में देखी गई। जिले में तीन हजार 692 मामले पंजीकृत रहे। इनमें खलीलाबाद क्षेत्र में दो हजार 449 मामले दर्ज रहे। वही मेंहदावल क्षेत्र में एक हजार 242 मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन यदि बिल जमा करने की बात करें तो सबसे अधिक तो खलीलाबाद क्षेत्र में ही जमा हुआ है। यहां पर एक करोड़ 62 लाख व मेहदावल डिवीजन में एक करोड़ दस लाख रूपये जमा हुए। इस प्रकार कुल दो करोड़ 72 लाख रूपये जमा हुए। लेकिन विभागीय आंकड़े के अनुसार 22.72 करोड़ रूपये जमा होने थे। बिजली चोरी के मामले में रूपया जमा करने में लोगों ने रुचि नहीं दिखाई। विभागीय सूत्रों की मानें तो बिजली विभाग के अधिकारी अब गांवों और शहरी क्षेत्रों में ब्यापक रूप से चेकिंग अभियान शुरू करने की तैयारियों में जुटा है।

इनामी महिला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

संतकबीरनगर, अमृत विचार। महुली पुलिस ने 20 हजार रुपए की इनामी महिला हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम छपरा मगरबी निवासी राशिदा खातून पत्नी मोहम्मद लैश पर क्षेत्र की भोली भाली लड़कियों को बहला फुसलाकर भगाने के रैकेट चलाने का आरोप है। इस आरोप के तहत उक्त अभियुक्ता के खिलाफ तमाम मुकदमों के साथ ही गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। बीते दिनों पुलिस अधीक्षक ने उक्त अभियुक्ता पर 20 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। अभियुक्ता को गिरफ्तार कर जेल/न्यायालय भेज दिया गया है।

कबीर विज्ञान केंद्र पचरा को पर्यटक स्थल बनाने की मांग

मुख्यमंत्री से मुलाकात करते धनघटा विधायक। अमृत विचार

संतकबीरनगर, अमृत विचार। धनघटा क्षेत्र के भाजपा विधायक गणेश चौहान ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को धनघटा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने कबीर विज्ञान केंद्र पचरा को पर्यटक स्थल घोषित करने, कम्हरिया घाट पर बने पुल के गर्भगृह को चौड़ा करने और धनघटा में 100 बेड का अस्पताल बनाने का आग्रह किया। विधायक गणेश चौहान के आग्रह पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए सभी मांगों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

छात्रों को खिलाई गई कृमि मुक्ति दवा

बलरामपुर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत सीएमओ मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर सोमवार को उतरौला के एमवाई उस्मानी इंटर कॉलेज में अध्यनरत 19 वर्ष तक के छात्रों को एल्बेंडाजोल की कृमि मुक्ति दवा खिलाई गई। अधीक्षक डॉ सीपी सिंह ने कहा कि जो बच्चे बीमार होने या अनुपस्थित रहने के कारण छूट गए हैं तो उन्हें 20 फरवरी तक गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि खुले में शौच जाने से अस्वच्छता के कारण बच्चों के आंतों में कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं जिसके कारण बच्चे जल्दी-जल्दी बीमार पड़ते हैं। इस कारण बच्चों में खून की कमी (एनिमीया) कुपोषण से ग्रस्त हो जाते हैं। अतः कृमि मुक्ति दवा खिलाने से बच्चों के पेट में कृमि नहीं होते हैं।

पहल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार व होमगार्ड विभाग ने जिला कारागार का किया भ्रमण

कैदियों को दिलाया सन्मार्गी बनने का संकल्प

बलरामपुर, अमृत विचार। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार व होमगार्ड विभाग, उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति द्वारा जिलाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह व एसपी केशव कुमार, डिवीजनल कमांन्डेण्ड, होमगार्ड सुनील कुमार,जिला कमांन्डेण्ट होमगार्ड चंदन सिंह के साथ जिला कारागार का भ्रमण किया गया। कारागार के स्वागत कक्ष में सर्वप्रथम कारागार में बंदियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें यहसंकल्प दिलाया गया कि वे सन्मार्गी बनेगें, जिससे उन्हें दोबारा कारागार में न आना पड़े।

बंदियों के हृदय में सदविचार उत्पन्न करने हेतु राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने उन्हें अपने अपने ईष्टदेव की आराधना करने के लिए प्रेरित किया। बंदियों कि तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत कक्ष गूंज उठा। तत्पश्चात मंत्री जी ने बंदियों को कारागार में संचालित कौशल विकास मिशन के तहत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यकमों में रूचि लेकर निरन्तर सीखते रहने के लिए उत्साहित किया।

राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जरूरतमंद बदियों जैसे जो मानसिक व शारीरिक रूप से असहाय हैं व 70 वर्ष से ऊपर वाले बंदियों को कम्बल व गर्म कपड़े के साथ-साथ हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड भी वितरण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भी मंत्री जी के अमृत वचनों को जीवन में लागू करने के लिए बंदियों को अनुप्राणित किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राम कुबेर सिंह के नेतृत्व में कारापाल शैलेष कुमार सिंह सोनकर, उपकारापाल निर्भय कुमार सिंह, जन्मेजय सिंह, धीरेन्द्र यादव, संयोगिता यादव, शारदा यादव व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कैदियों के मुलाकात करते राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति व अन्य।

कार्डधारकों को फरवरी से मिलेगा मोटा अन्न

संतकबीरनगर, अमृत विचार। राशन कार्ड धारकों को अन्न के साथ अब श्रीअन्न का भी लाभ मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी के मुताबिक फरवरी में गेहूं-चावल के साथ कार्ड धारकों को बाजरा भी दिया जाएगा। इसके लिए उसकी मात्रा भी निर्धारित कर ली गई है।

श्रीअन्न योजना को प्रमोट कर रही केंद्र सरकार आम लोगों को एक और तोहफा देने जा रही है। अधिक से अधिक लोग अपने आहार में मोटे अनाज शामिल कर सकें इसके लिए फरवरी में ठंड के बीच सभी राशन कार्ड धारकों को सरकारी राशन की दुकानों से मुफ्त बाजरा दिया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को पहले 21 किग्रा चावल व 14 किलो गेहूं मिलता था। इसके स्थान पर 3 किलो गेहूं और 5 किलो बाजरा दिया जाएगा। वहीं चावल पहले जितना ही मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को पहले 3 किग्रा चावल प्रति यूनिट व 2 किलो गेहूं मिलता था, लेकिन अब उन्हें 1 किलो गेहूं व 1 किलो बाजरा दिया जाएगा। चावल 3 किलो ग्राम प्रति यूनिट ही दिया जाएगा। सरकार की ओर से फरवरी माह से सभी राशन दुकानों के जरिए अब गेहूं और चावल के साथ बाजरा भी मुफ्त में दिए जाने का फैसला किया गया है। फरवरी से सरकारी राशन की दुकानों पर बाजरा वितरण किया जाएगा।

एक नजर

बीए शिक्षाशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा आज

सुलतानपुर, अमृत विचार। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर शिक्षाशास्त्र विषय की प्रयोगिक मौखिकी परीक्षा छह फ़रवरी को सुबह आठ बजे से कॉमर्स फ़ैकल्टी के ऊपरी तल पर महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी सिंह ने बताया कि सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपनी प्रयोगात्मक फाइल, प्रवेश-पत्र, परिचय-पत्र के साथ उक्त तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

बीए रक्षा अध्ययन की प्रायोगिक परीक्षा कल

सुलतानपुर, अमृत विचार। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के रक्षा अध्ययन विषय के बीए एवं बीएससी प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर-2024 के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उनकी प्रायोगिक परीक्षा 7 फरवरी को प्रात : 9 से सम्पन्न होगी। विभागाध्यक्ष डॉ हीरालाल यादव ने बताया कि सभी परीक्षार्थी अपना परिचय पत्र, प्रवेश-पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा का फाइल रिकॉर्ड साथ में अनिवार्य रूप से लेकर आयें, प्रायोगिक परीक्षा के छूट जाने पर समस्त उत्तरदायित्व छात्र का होगा। यह परीक्षा मेजर विषय के परीक्षार्थियों की होगी। माइनर विषय लेने वाले परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी।

शिक्षाशास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा कल

सुलतानपुर, अमृत विचार। कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान के शिक्षा शास्त्र विषय की बीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा सात फरवरी को कला संकाय में होगी। यह जानकारी शिक्षाशास्त्र विषय की असिस्टेंट प्रोफेसर अश्विनी मिश्रा ने दी।

मोदी सरकार में दुनिया में बढ़ी देश की ताकत: राज्यपाल

सिक्किम के पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होगी डॉ. एमपी सिंह की नवीन कृति: लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, क्षत्रिय भवन सभागार में हुआ लोकार्पण समारोह

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा कि पुस्तकें हमें नयी राह दिखाती हैं। अपने भ्रमण को संस्मरण के रूप में प्रस्तुत कर डॉ. एमपी सिंह ने समाज की बेहतर सेवा की है। डा. सिंह की कृति 'हिमालय के आंगन से' सिक्किम के पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

वह क्षत्रिय भवन सभागार में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष व भाजपा नेता डॉ. एमपी सिंह की दो कृतियों के लोकार्पण समारोह व कृति चर्चा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि कश्मीर की तिरंगा यात्रा में मैं डॉ. एमपी सिंह के साथ था। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों का भ्रमण कर उसके बारे में जो लिखा है उसे पढ़ कर देश विदेश के पर्यटक इन क्षेत्रों में भ्रमण के लिए काफी आकर्षित होंगे। उन्होंने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि देश की दुनिया में ताकत बढ़ी है। देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। देश एक बार फिर अपने पुराने गौरव को प्राप्त कर रहा है। ये सभी स्वीकार करते हैं।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डा. आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप ने कहा कि साहित्य समाज को रास्ता दिखाता है। डॉ. एमपी सिंह की कृतियां साहित्य जगत को अनमोल उपहार हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. राधेश्याम सिंह ने कहा कि बिरवा काव्य संग्रह पके हुए कवि की नवोदित कृति है। संवेदना, दर्शन और रमणीयता इन कविताओं के केंद्र में हैं। कृतिकार डॉ. एमपी सिंह ने अपनी दोनों कृतियों की रचना प्रक्रिया को बताते हुये कहा कि हिमालय के आंगन पुस्तक में कश्मीर, दार्जिलिंग और सिक्किम की यात्राओं पर संस्मरण लिखे गए हैं। बिरवा पुस्तक में विभिन्न समयों पर उपजी बत्तीस कविताओं का संग्रह है।

सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य का किया गया स्वागत। अमृत विचार

सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुए समारोह में मंचस्थ अतिथियों ने डॉ. एमपी सिंह की दो नवीन कृतियों का लोकार्पण किया। स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, आभार ज्ञापन क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह व संचालन प्रो. निशा सिंह ने किया। क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, एमजीएस इंटर कालेज के प्रबंधक डॉ. विनोद सिंह, प्रधानाचार्य महेश सिंह, भाजपा नेता राम चंद्र मिश्र आदि ने भी स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

बिजेथुआ धाम पहुंचकर राज्यपाल ने टेका माथा

कार्यक्रम के बाद सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य कादीपुर के सूरापुर स्थित कालनेमि बध स्थल बाबा बिजेथुआ धाम में माथा टेकने पहुंच गए। यहां पर हनुमानजी का दर्शन किया। पुजारियों ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। समिति के लोगों ने हनुमानजी का चित्र देकर उनका सम्मान किया। मौके पर करौंदीकला प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्र, कादीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री दिनेश सिंह, भाजपा नेता मोहित सिंह मन्दिर समिति अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, पुजारी शनि पांडेय, विक्की वर्मा, जगदम्बा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

पत्नी पर जानलेवा हमले में पति को सात साल की जेल

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ **अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

अमृत विचार। जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के सरैया माफी गांव में आठ साल पूर्व अपनी पत्नी आभा शुक्ला पर जानलेवा हमला करने के दोषी पति इंद्रेश शुक्ल को अपर सत्र न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने सोमवार को सात साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर कुल 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदण्ड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़ित पत्नी को देने का आदेश भी कोर्ट ने दिया है।

एडीजीसी वेद प्रकाश के मुताबिक 16 अक्टूबर 2016 को आरोपी ने अपनी पत्नी को प्रेस से जलाकर व लोहे की राड से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई। तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला कर दोषी पति इन्द्रेश शुक्ल को सात साल तक जेल की राह दिखाकर पीड़िता के साथ न्याय किया।

भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले की सुनवाई टली

- **आचार संहिता के उल्लंघन का मामला, अब सुनवाई 12 फरवरी को**

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। पूर्व विधायक की तरफ से बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने हाजिरी माफी दी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख अभियोजन साक्ष्य के लिए नियत की है।

अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने आरोप तय किया था। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उन्होंने बिना अनुमति जुलूस निकाला था। केस में दरोगा आरपी शाही का साक्ष्य होना है।

साक्ष्य के अभाव में दुराचार का आरोपी बरी

डेढ़ साल पूर्व दलित किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के आरोपी भुवाल को पॉक्सो कोर्ट के जज ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।जयसिंहपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में नौ जून 2022 की घटना में आरोपी पर अपहरण दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया। आरोपी के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कोर्ट में जिरह पर पीड़िता और अन्य गवाहों ने विरोधाभासी बयान दिए। विरोधाभासी बयान के आधार पर घटना को संदिग्ध मानकर साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया।

पूर्व विधायक संतोष के केस में तय नहीं हो सके आरोप

सुलतानपुर। लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व 12 आरोपियों के खिलाफ जारी मुकदमे में सुनवाई साल भर से लंबित है। मुकदमे के आरोपियों को एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने आरोपियों को अंतिम अवसर देते हुए आरोप तय करने के लिए पांच फरवरी को तलब किया था, परंतु वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। मामले में सुनवाई 8 फरवरी को होगी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, उनके दर्जन भर साथियों पर बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने दर्ज कराए थे। आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया।

पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई 12 को

सुलतानपुर। थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा ,धमकी व गाली गलौज के मामले में सोमवार को सुनवाई टल गई। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है। लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने में सरकारी कामकाज मे बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

विद्युत निजीकरण के विरोध में माकपा का प्रदर्शन

- **मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रदेश व्यापी आह्वान पर सोमवार को पार्टी की जिला कमेटी के नेतृत्व में बिजली के निजीकरण के खिलाफ कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी सदर चन्द्र प्रकाश पाठक को सौंपा गया।

माकपा जिला सचिव नरोत्तम शुक्ल ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने रेखांकित किया था कि बिजली एक सामाजिक जरूरत है। इसलिए इसे सार्वजनिक क्षेत्र में ही रखा जाए। कहा कि हमारी सरकार डीजल सहित दूसरे पेट्रोलियम पदार्थों से अपना नियंत्रण पहले ही हटा चुकी हैं। मिट्टी के तेल की आपूर्ति पहले से ही रोक दी गई है। ऐसे में बिजली का निजीकरण आम बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली पाने से वंचित कर देगा। जिला सचिव मंडल सदस्य राधेश्याम वर्मा ने कहा कि सरकार बैंक, रेलवे, दूरसंचार की तरह बिजली को भी पूजीपतियों को सौंपने की तैयारी कर चुकी है। इसका सीधा असर किसानों, मजदूरों सहित आम बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। जिला सचिव मंडल सदस्य शशांक पांडेय ने कहा कि बिजली का निजीकरण एक धोखा है। सरकार जनता के हितों के नाम पर सार्वजनिक क्षेत्रों को बेचती जा रही है, लेकिन इसके परिणाम बहुत ही भयावह साबित हुए हैं। लोगों के रोजगार छिने है। महंगाई बढ़ी है। जिला सचिव मंडल सदस्य राजबहादुर यादव व ओम प्रकाश ने भी अपनी बात कही। यहां पर जिला कमेटी सदस्य राजकरन तिवारी, विवेक विक्रम सिंह, सुनील सिंह, बिंद्रा पाठक, श्यामू मौर्य, अमर बहादुर यादव, लाल बहादुर यादव, राम उजागिर, राम सिंहासन, राम निहाल, अनुरूप यादव, रामकृष्ण मिश्रा, बालकृष्ण मिश्रा, सूरज, अरशद, छोटेलाल, जैसराम मौर्य, लालबहादुर, जंगबहादुर वर्मा व पार्थ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

एसडीएम सदर को ज्ञापन देते माकपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

भाकियू के नेताओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर। भारतीय किसान यूनियन अंबावता की ओर से किसान समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट गेट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया गया। किसान नेताओं ने यहां घेराव कर प्रदर्शन किया। संगठन की ओर से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना को सौंपा गया। ज्ञापन लेने में देरी होने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। भाकियू अम्बावता जिलाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने कहाकि भारत वर्ष के अन्दर आगामी सभी चुनाव ईवीएम मशीनों से न कराकर वैलेट पेपर से कराए जाने की मांग की। उन्होंने पूरे भारत के किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने, देश के अन्दर वृद्धा पेंशन 5000 रुपए करने, किसानों के गन्ने भुगतान नियमित रूप से करने तथा निर्धारित मूल्य से 100रुपए प्रति कुन्तल मूल्य बढ़ाया जाए। उन्होंने देश के अन्दर चिकित्सा एवं शिक्षा नि :शुल्क किए जाने, देश के अन्दर बेरोजगार तथा शिक्षित नौजवानों को रोजगार और नौकरी दिए जाने की मांग की। दैवीय आपदा से किसानों की बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा प्रत्येक तहसील के लेखपाल की ओर से निष्पक्ष सर्वे कराकर दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के कार्यकर्ता पूरे देश के अन्दर आन्दोलन करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव आनंद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ संतोष मिश्र, जिलाध्यक्ष यूथ राजपति तिवारी, जिला प्रभारी यूथ दिलीप तिवारी, विनोद मिश्र, संदीप, राकेश मिश्र, धर्मेंद्र यादव, विनय यादव, गुलाब चौहान आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट गेट के पास धरना देकर प्रदर्शन करते भाकियू के सदस्य।

नहर की झाड़ियों में अटका मिला युवक का शव

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नेवाजी सरैया के पास शारदा सहायक खंड 16 नहर में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पहचान के लिए रखवा दिया है। सोमवार दोपहर को नेवाजी सरैया के पास शारदा सहायक खंड 16 नहर में लगभग 38 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिट्टी में धंसा हुआ दिखाई पड़ा। नहर में शव दिखाई पड़ने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज और भटमई इंचार्ज पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर गए। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को रखवा दिया है। पुलिस ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

सुलतानपुर, अमृत विचार। कटका क्लब शिक्षा प्रकोष्ठ की ओर से सोमवार को श्रीमती सुमित्रा देवी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज बेलहरी में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों और विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कटका क्लब शिक्षा प्रकोष्ठ की ओर से विद्यालय स्तर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर विजई छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। अब तक 40 विद्यालयों सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है।

कटका कलब संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि ऐसे बच्चों को और प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है, जो कम संसाधनों में भी बेहतर परिणाम लाकर अपनी प्रतिभा को दर्शातें हैं। कहाकि जो भी छात्र सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा में पास हुए हैं, उन सभी को शुभकामनाएं। उन्होंने बताया कि विद्यालय राम दुलारी इंटर कालेज, सुमित्रा देवी शिक्षण संस्थान, बरियाशाह इंटर कॉलेज, क़ासिम पब्लिक स्कूल, जगमोहन शिक्षण संस्थान, धर्मदेवी इंटर कॉलेज समेत जिले के 40 विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया।

छात्रा ने गोलाघाट पुल से लगाई छलांग

सुलतानपुर, अमृत विचार। नगर कोतवाली क्षेत्र में गोलाघाट के पास गोमती नदी के पुराने पुल से एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय गोताखोरों ने युवती को निकल कर जान बचाई। सोमवार को कादीपुर थाना क्षेत्र के सूरापुर बाजार निवासी एंजेल पुत्री डॉ. आजाद खान ने गोलाघाट के पुराने पुल से नदी में छलांग लगा दिया। स्थानीय लोगों ने गोताखोरों की मदद से युवती को बाहर निकलवाया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सक ने उसका परीक्षण किया। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि युवती के परिजनों को सूचना दे दी गई है। युवती लखनऊ के किसी विद्यालय की बीकॉम की छात्रा है।

सीएचसी, ब्लाक मुख्यालय मार्ग पर कीचड़

- **संपर्क मार्ग से होकर गुजरने वाले लोग गिरकर हो रहे चोटिल**

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। रविवार की रात व सोमवार की सुबह हुई हल्की बारिश से सीएचसी व ब्लाक मुख्यालय सम्पर्क मार्ग पानी भर गया है। जिससे इस रास्ते से आने जाने वाले लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

जिले के जयसिंहपुर विकासखंड मुख्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग वर्षों से बदहाल था। शारदा सहायक नहर की पटरी पर बना मार्ग नहर के बहाव से कट कर सकरा हो गया था। स्थानीय विधायक की पहल से सम्पर्क मार्ग को बनाया जा रहा है। सड़क निर्माण के क्रम में पहले शारदा सहायक नहर में दीवाल बनाई गई साथ ही सड़क को चौड़ी की गई थी। अभी मिट्टी का ही कार्य शुरु हुआ था कि बरसात से पानी भर कर सम्पर्क मार्ग पर कीचड़ हो गया। विकासखण्ड मुख्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होन के चलते लोगो को इस सड़क से जाना ही पड़ रहा है। जिससे कीचड़ में फिसल कर राहगीर चोटिल हो रहे हैं। सोमवार की सुबह सीएचसी पर तैनात वार्ड ब्वॉय ओम प्रकाश, बिकास खंड के अन्य कर्मी जा रहे थे जो गिरकर चोटिल हो गए।

जयसिंहपुर सीएचसी जाने वाला संपर्क मार्ग दुर्घटना को दे रहा दावत। अमृत विचार

सार-संक्षेप

गारवपुर के सैनिक की लेह में बिगड़ी तबियत, निधन

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार। लेह में तैनात सैनिक का इलाज के दौरान अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मौके पर मौजूद सैनिकों की टुकड़ी ने धोपाप में गॉड आफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी। लंभुआ तहसील क्षेत्र के गारवपुर निवासी श्रीकांत वर्ष 2003 में सेना में शामिल हुए थे। मौजूदा समय में वे हवलदार पद पर तैनात थे। लेह में तैनाती के दौरान तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया और इलाज शुरू हुआ। लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। सैनिक अस्पताल में उनका निधन हो गया। रविवार की देर शाम विशेष वाहन से उनका शव उनके पैतृक निवास स्थान गारवपुर लाया गया। सोमवार को धोपाप घाट पर सैनिकों ने गॉड ऑफ़ ऑनर देते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। मुखाग्नि उनके भाई जीत बहादुर ने दी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कर्नल पंकज वर्मा व एलके द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी आनंद कृष्ण जायसवाल का निधन

सुलतानपुर, अमृत विचार। लोकतंत्र रक्षक सेनानी, पत्रकार व अधिवक्ता आनंद कृष्ण जायसवाल (84) का सोमवार को निधन हो गया। वह गोंडा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रहे थे। आपातकाल के समय 22 महीने सुलतानपुर, लखनऊ व बरेली जेल में बंद रहे। नवगठित भाजपा के जिला महामंत्री के साथ वह सदर विधानसभा से भाजपा के टिकट से चुनाव भी लड़ चुके थे। वह अधिवक्ता के साथ काफी दिनों तक पत्रकारिता से जुड़े रहे। उनका विशेष रुझान पेंटिंग व कविता लेखन में भी रहा। छह माह पूर्व उनकी पत्नी राज दुलारी जी का भी निधन हो गया था। स्व . जायसवाल अपने पीछे भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं। वह अपने पांचों भाइयों में अंतिम भाई के रूप में जीवित रहे। वह वनवासी कल्याण आश्रम, आर्य समाज, चिन्मय मिशन आदि संगठनों से भी जुड़े रहे।

फाइल फोटो।

रंजिश के चलते विपक्षियों ने घर में घुस पिता-पुत्र को पीटा

सुलतानपुर, अमृत विचार। बंधुआकला थाना क्षेत्र सेराह, सेन्दुरी गांव निवासी राजकुमार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि विपक्षी राममिलन से पुरानी रंजिश चल रही है। जिसके चलते उक्त लोगों द्वारा गाली गलौज व मारने-पीटने का प्रयास रहता है। रविवार की शाम करीब सात बजे राम मिलन, रामेश्वर, रिंकू, लवकुश गंदी गालियां देते हुए घर में घुस आए। विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा मुझे व मेरे पुत्र दीपक को लाठी डंडे से पीटने लगे। हल्ला गुहार पर ग्रामीणों को आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। विपक्षियों की पिटाई से मुझे व मेरे बेटे पंकज को गंभीर चोट आई है। बंधुआ कला थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

स्कूटी सवार युवकों से छीना नकदी व चेन, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के बलुआ, बीरी हाजीपुर निवासी मयंक मिश्रा ने थाने में तहरीर दी है। मयंक मिश्रा ने बताया कि रविवार की शाम करीब साढ़े छ बजे हरि प्रवेश के साथ स्कूटी से अलीपुर बाज़ार जा रहा था। जैसे ही वह राम हरख सिंह मेमोरियल कलेज के पास पहुंचा तो मौसम, यश व छोटू अपने अन्य साथियों के साथ उसे रोक लिया। कहाकि जो कुछ तुम्हारे पास है दे दो। मना करने पर उक्त लोग लाठी डंडे से पीटने लगे। आरोप है पीटने के दौरान उक्त लोगों ने जेब में रखा 20 हज़ार व सोने की चेन छीन ली। जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नाकामी रविवार की रात चोरों ने पंचायत भवन से कंप्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, फिंगर डिवाइस व राउटर कर दिया गायब

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का नहीं हुआ खुलासा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। पखवारे भर से कुड़वार क्षेत्र में हो रही चोरी व अन्य घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर पा रही है, जिससे आए दिन घटनाएं हो रही है।

विधित हो कि भगवानपुर ग्राम सभा के पंचायत भवन में रविवार की रात चोरों ने कंप्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, फिंगर डिवाइस, राउटर गायब कर दिया। सुबह जब ग्राम प्रधान अनंतराम को चोरी की जानकारी हुई तो उन्होंने चोरी की लिखित सूचना पुलिस को दी। 28 जनवरी की रात चोरों ने भगवानपुर प्राइमरी पाठशाला में ताला तोड़कर अभिलेख जलाते हुए चोरी की गई थी, जिसकी लिखित सूचना धर्मेंद्र कुमार प्रधानाध्यापक द्वारा दी गई थी। 30 जनवरी को कस्बे के नूरी मस्जिद में चोरों ने ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी, एंप्लीफायर, साउंड, सीसीटीवी कैमरे सहित डीवीआर पार कर दिया था। जिसकी सूचना लिखित सूचना मस्जिद की देखरेख करने वाले नजर हुसैन निवासी कस्बा ने की थी। 21 जनवरी को थाना क्षेत्र के चितईपुर गांव निवासी विकास पांडेय की बाइक घर के सामने से चुराकर ले जाकर कस्बे के भावगिरि बाबा के स्थान के पास कृष्ण चंद्र निवासी चितईपुर की दुकान पर ले जाकर आग के हवाले कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर पा रही है।

प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने बताया कि सभी घटनाओं की जांच की जा रही थी, जल्द ही घटनाओं का खुलासा होगा।

विद्यालय में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय बलरामऊ का टूटा ताला, हजारों की चोरी

गोसाईगंज, सुलतानपुर। थाना क्षेत्र के बलरामऊ प्राथमिक विद्यालय को रविवार की रात चोरों ने निशाना बनाया। विद्यालय रसोईघर और स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए के सामान को पार कर दिया। थाना क्षेत्र के बलरामऊ गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार की रात दरवाजे का ताला तोड़कर चोर किचन और स्टोर रूम में घुस आए। यहां से चोर गैस सिलेंडर, कुकर, कड़ाही, एक कुंतल गेहूं सहित अन्य सामान चुरा ले गए। सोमवार सुबह जब अध्यापक विद्यालय पहुंचे तो उन सबको चोरी की जानकारी हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जय प्रकाश सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर पुलिस को दी है।

शक्ति वंदन अभियान से जोड़ी जाएंगी महिलाएं

सुलतानपुर, अमृत विचार। मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला में भाजपा की प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे शामिल होंगी। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि शक्ति वंदन अभियान का जिला संयोजक पार्टी के जिला महामंत्री घनश्याम चौहान को बनाया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए 17 सदस्यीय शक्ति वंदन टीम में विधायकों व पार्टी पदाधिकारी को भी शामिल किया गया है। इस अभियान के माध्यम से पार्टी स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ व मातृशक्ति से संपर्क व संवाद स्थापित कर केन्द्र सरकार की योजनाओं व को आधी आबादी के बीच ले जाएंगी।

एक नजर

महिला को पीटने पर देवर, ससुर व नंदोई पर केस

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के करौंदा चौराहा पर कुछ लोगों ने एक महिला को बेरहमी से पीट दिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता के मायके वालों की तहरीर पर तीन ससुरालियों देवर, ससुर व ननदोई पर केस दर्ज करके पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी उत्तम का मकान करौंदा चौराहे पर है। इसी में पूरा परिवार रहता है। शनिवार की रात परिवार की एक महिला को उसी के देवर व ससुर, नंदोई ने मिलकर मारापीटा। इसमें महिला का हाथ टूट गया है। सूचना पर पहुंची जोगिया पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही महिला के पिता उस्का थाना क्षेत्र के दुमदुमवा गांव निवासी रामकुमार की तहरीर पर देवर, ससुर व नंदोई पर केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में जोगिया कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया की मामला संज्ञान में है। महिला का इलाज चल रहा है। उसका हाथ टूट गया है। उसके बयान और तहरीर के आधार पर सर्वजीत, उत्तम और गोविंद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

प्रवेश फार्म का वितरण शुरू

गोरखपुर, अमृत विचार। एनई रेलवे हायर सेकेण्ड्री स्कूल, जटेपुर रेलवे कालोनी, गोरखपुर में नये सत्र-2024-25 हेतु कक्षा-06 से 09 एवं 11वीं में प्रवेश के लिए फार्म वितरण शुरू हो गया है। प्रवेश फार्म पूर्ण रूप से भरकर 26 फरवरी से 19 मार्च तक किसी भी कार्य दिवस में जमा किया जा सकता है। सीबीएसई बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय में योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा उच्चस्तरीय शिक्षा दी जाती है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

हादसे में दो युवक घायल

गोरखपुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के समधिया चौराहे पर सोमवार शाम 5 .50 बजे सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजनों द्वारा सभी को जिला अस्पताल संतकबीरनगर ले जाया गया है। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रिदुआखोर निवासी प्रेम कुश 55 वर्ष व जसवंत 32 वर्ष के रूप में हुई है।

योगी सरकार के बजट को कुछ ने सराहा तो कुछ हुए निराश

उत्तर प्रदेश के बजट 2024 को सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बताते हुए कहा कि योगी सरकार के इस आठवें बजट से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। बजट में किसानों नौजवानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब नौकरी पेशा व्यापारियों आदि सभी वर्गों का विशेष ध्यान दिया गया है साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, धार्मिक पर्यटन स्थल, परिवहन मार्ग आदि विभिन्न क्षेत्रों में यह बजट कारगर साबित होगा। बजट से शिक्षा के क्षेत्र में एक आयाम स्थापित होगा तथा युवाओं के कौशल विकास तथा रोजगार के क्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिए भी प्रावधान किया गया है। रोजगार सृजन के बढ़ावा तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाला यह सफल बजट कि श्रेणी में है। वर्तमान बजट में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सभी वर्गों को ध्यान में रखकर आर्थिक जगत में एक नई कीर्तिमान स्थापित करने के लिए एक मजबूत कार्यशील 7.36 लाख करोड़ के बजट की घोषणा किये है जो भविष्य मे उत्तर प्रदेश के चहुमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा तथा भविष्य में प्रदेश के युवाओं के लिए कुशल साबित होगा। बजट गांव, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करेगा

कुलदीप पाण्डेय, समाजसेवी व अध्यक्ष युवा जनकल्याण समिति, गोरखपुर

यह उत्तर प्रदेश का उत्तम बजट है। श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह यूपी सरकार का पहला बजट है जो रामराज्य को समर्पित है। यह बजट कई मामलों में ऐतिहासिक है और इस बजट से जिस रामराज्य की हम कल्पना करते रहें है उसकी शुरुआत हो गयी है। इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। अयोध्या और काशी को सोलर सिटी बनाने के साथ ही साथ धार्मिक पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया गया है जिससे प्रमुख शहरों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास तथा अधुनकीकरण के साथ ही साथ रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। किसानों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति, राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण, निराश्रित महिलाओं का पेंशन बढ़ाना, खेल को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तर पर ग्रामीण स्टेडियम बनाना तथा सेमीकंडक्टर नीति लागू करना जैसे निर्णय योगी सरकार का प्रशंसनीय निर्णय है।

कन्हैया पासवान, जिला अध्यक्ष भाजपा, सिद्धार्थनगर

यूपी बजट से एक बार फिर सिद्धार्थनगर को निराश होना पड़ा। बुद्धभूमि कपिलवस्तु के लिए भी कोई अतिरिक्त बजट का प्रावधान नहीं हुआ। ओडीओपी के तहत बहुप्रचारित कालानमक चावल का उत्पादन करने वाले किसानों के उपज का उचित मूल्य की दिशा में इस बजट ने मायूस किया। बजट में सिद्धार्थनगर की अनुपस्थिति यह साबित करती है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता में यह जिला महत्व नहीं रखता है। 2024-25 का यह बजट युवाओं को रोजगार देने में विफल रहा है। रोजगार के नाम पर सरकार मनरेगा के मानव दिवस की गणना कर रही है।

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाजवादी शिक्षक सभा, सपा

उम्मीद थी कि इस बार केन्द्र या राज्य सरकार के बजट में कर्मचारियों के हित में कुछ तो ऐलान होगा लेकिन दोनों जगह से निराशा ही हाथ लगी। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकारों की उपेक्षा से हम सब निराश हैं। सरकारों को बजट में कर्मचारी हितों को ध्यान देना चाहिए था। फिलहाल पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

सुजीत कुमार जायसवाल, जिलाध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, सिद्धार्थनगर

योगी सरकार का यह बजट कर्मचारी एवं शिक्षक वर्ग को हतास करने वाला है। आज के बजट से कर्मचारियों एवं शिक्षकों में बड़ी निराशा हुई है। कर्मचारी एवं शिक्षक पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकार की ओर से कुछ राहत की आशा कर रहे थे, लेकिन सरकार ने कोई सकारात्मक विचार नहीं किया। कर्मचारियों एवं शिक्षकों को बजट में कुछ नहीं मिला।

रामकरन गुप्ता, जिलाध्यक्ष, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा, सिद्धार्थनगर

युवाओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करने की बनाई रणनीति

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। कांग्रेस पार्टी की ओर से खुनियांव ब्लॉक के भैंसाही और इटवा में पार्टी कार्यालय में ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। रविवार देर शाम तक चलीं दोनों कार्यशालाओं में युवाओं को पार्टी से जोड़ते हुए नये कार्यकर्ता नये बनाकर संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति बताई गयी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि कोई पार्टी तभी बलशाली हो सकती है जब उसके पास प्रति गांव कम से कम दस युवा कार्यकर्ताओं की टीम हो। इसकेबिना चुनावों में जीत की कल्पना नहीं की जा सकती है। कहा कि सभी लोग आज से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और गांवों में जाकर हर बूथ पर दस-दस युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करें। जिससे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बन सके। इस मौके पर पूर्व सांसद मोहम्मद मोकीम, पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर तिवारी, प्रदेश सचिव नादिर सलाम, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रमण त्रिपाठी, खूनियांव ब्लाक अध्यक्ष मैनुद्दीन प्रधान, सुरेश शुक्ला, आसिफ रिज्वी, हयात खान, भीखुल्लाह, ताउल्लाह सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित थे।

बाग में मिला लापता बालक का शव, हत्या की आशंका

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

कठेला समय माता थाना क्षेत्र के पचपेड़वा गांव में कक्षा चार के छात्र की रविवार की रात गांव के सागौन के बाग में लाश मिली है। 12 वर्ष का यह बालक दोपहर से ही गायब था। उसका नाम राम सुमेर है। आशंका है कि उसे गला दबा कर मारा गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी है। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

क्षेत्र के पचपेड़वा गांव निवासी श्याम सुंदर 12 वर्ष पुत्र राम सुमेर कक्षा चार का छात्र था। दोपहर सेवा संदिग्ध हाल में गायब हो गया। परिवार के लोग पूरे दिन ढूंढते रहे। रात तकरीबन 11 बजे गांव के पास स्थित सागवान के बाग में उसका शव मिला। इसके बाद तो घर में कोहराम मच गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार उसकी आंखें में सूजन थी। शव पर भी कुछ नीलापन था। जो अमूमन गला बाने के बाद का लक्षण माना जाता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है। ग्रामीण चर्चा कर रहे हैं कि बिना किसी रिजिश के कोई बच्चे की हत्या क्यों करेगा। परिवार के लोग हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में कठेला समय माता थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिवार की तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन अधिकारी समय से कर लें सभी तैयारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए जरूरी निर्देश

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने संबधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है अपनी सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सभी कार्मिकों की फीडिंग हो गयी है। स्वीप का प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को वृहद रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाये। जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन/वीवीपैट का प्रशिक्षण समय से करा लिया जाये। सभी अधिकारीगण अपनी-अपनी तैयारी पूर्ण कर ले इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कन्ट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया। समस्त संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदेय स्थलो पर सी.सी.टी.वी. कैमरो की व्यवस्था एवं मतदेय स्थलो की कार्यवाही को देखने हेतु सर्वर, कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि डाक्टरो की टीम तैयार कर ले। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री पवन अग्रवाल ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं नोडल ऑफिसर को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग मतदेय स्थलो का निरीक्षण कर ले। बूथो पर पीने के पानी की व्यवस्था, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, बरामदा, मतदेय स्थल पर बाउन्ड्री वाल, बूथ संख्या अंकित है या नही, इन्टरनेट कनेक्टिविटी, तथा मतदेय स्थत भवन की स्थिति आदि के बारे में निरीक्षण कर ले। जो भी कमियां है उन्हे समय से ठीक करा ले। इसके अलावा बूथ तक जाने के लिए सड़क ठीक होनी चाहिए इसको भी देख ले। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि आप लोग निरीक्षण समय से सभी कमियों को ठीक कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों को निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल। अमृत विचार

नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, दी तहरीर

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। विदेश भेजने के नाम पर बेरोजगार नेपाली नागरिकों से 45 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगी करने के साथ ही जालसाज ने पासपोर्ट भी रख लिया और रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

ऐसा पीड़ित ने आरोप लगाते हुए मोहाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। आरोपी मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर कस्बे के बताए जा रहे हैं। रफीक अहमद निवासी आमा वार्ड नंबर-12, नगर पालिका व थाना लुंबिनी, जिला रूपनदेही (नेपाल) के मुताबिक उसके के गांव के एक व्यक्ति की रिश्तेदारी सिद्धार्थनगर के मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर में एक व्यक्ति के घर के पास है। गांव के लड़के ने कहा कि उसके संपर्क में एक एजेंट है जो लोगों को विदेश में भेजकर नौकरी लगवाते हैं। हम विदेश जा रहे हैं, यह बात सुनकर प्रार्थी अपने लड़कों तथा साले को विदेश भेजने के लिए बताए हुए व्यक्ति से मिला तो, उसके ऑफिस में उसकी पत्नी और लड़का भी मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वह लोग विदेश में नौकरी दिलाते हैं। कई लोगों को नौकरी दिलवा चुके हैं। उनकी बातों पर विश्वास करके अपने पुत्र सबरे आलम धोबी तथा हुश्न आलम धोबी, अपने साले नूर मोहम्मद धोबी निवासी बांसखोर थाना पकड़ी जिला कपिलवस्तु नेपाल को विदेश में नौकरी दिलवाने के लिए कहा तो विश्वास दिलाए कि अगर हिन्दुस्तान से विदेश जाओगे तो भारतीय मुद्रा में ज्यादा वेतन मिलेगा और वहां नौकरी की गारंटी है। यह बात सुनकर रफीक अहमद धोबी तैयार हो गए और नेपाल का बना पासपोर्ट चार लाख रुपये दे दिया। आरोपियों की बातों पर कैलाश लोध, सुभाष मल्लाह लुंबिनी, दुर्गेश चाई निवासी अमहवा, रामदीन लोध निवासी बेलहिया, मनोज कुमार लोध निवासी बरगदया, दिनेश कुमार लीच, सुनील प्रसाद मल्लाह, शैलेष कलवार, जिर्योधन लोध, रमेश लोध, महेंद्र प्रसाद धरिकार, सोनू लोध, रघुनाथ कोहार निवासी आमा थाना लुंबिनी जिला रूपनदेही नेपाल ने विश्वास कर लिया। आरोपी, उसकी पत्नी और बेटे ने विभिन्न तिथियों में 45 लाख रुपये भारतीय मुद्रा तथा नेपाल का बना सभी लोगों का पासपोर्ट विदेश भेजने के लिए ले लिया। जब गड़बड़ी की जानकारी हुई तो रुपये मांगने लगे। रुपये और पासपोर्ट देने के बजाय जाने से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने मोहाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज करके कार्रवाई कराने और रुपये और पासपोर्ट दिलवाने की मांग की है। इस संबंध में एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

गाड़ियों का संचालन पूर्व की भांति बहाल किया गया

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता के लिए पीलीभीत-शाही रेलखण्ड के मध्य सीमित ऊंचाई के सब-वे कार्य के परिप्रेक्ष्य में 7 फरवरी को दिया गया ब्लाक स्थगित कर दिये जाने के कारण निरस्त एवं शार्ट ओरिजिनेट कर चलाई जाने वाली विशेष गाड़ियों को बहाल किया जाता है। 7 फरवरी को निरस्त की गई 05321/05322 बरेली सिटी-टनकपुर-बरेली सिटी विशेष गाड़ी, 05386/05329 पीलीभीत-बरेली सिटी-पीलीभीत विशेष गाड़ी, 05330 पीलीभीत-बरेली सिटी विशेष गाड़ी को बहाल कर दिया गया है।

सार-संक्षेप

रक्तदान शिविर में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल व चिकित्सक।

नगर पंचायत सभागार में लगा रक्तदान शिविर

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ नगर पंचायत सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। लोगों ने शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान में विक्की कसौधन, विकास कुमार, अजय अग्रहरि, गौरव कसौधन, राजेश जायसवाल, वकील खान (सभा सद), विवेक पांडे, अशरफ अंसारी(सभासद), विक्रांत सिंह, सिद्धार्थ गौतम, मनीष श्रीवास्तव आदि लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में डॉ राजेंद्र वर्मा चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्नीशियन एलके पांडे व शंभू नाथ त्रिपाठी, स्टाफ पंकज मिश्रा, वार्ड बॉय दिनेश मिश्रा, लैब अटेंडेंट राजकुमार त्रिपाठी व ड्राइवर शिव प्रताप विश्वकर्मा तथा नगर पंचायत के राजेश त्रिपाठी, कमलेश कुमार गुप्ता, बीडी कसौधन, अंकित गुप्ता, अक्षय गुप्ता, राहुल भारती, सूरज निगम आदि लोग मौजूद रहे।

आईपीएस अंशिका वर्मा को क्षेत्राधिकारी कैंट का प्रभार

गोरखपुर, अमृत विचार। क्षेत्राधिकारी कोतवाली का प्रभार देख रहीं आईपीएस अंशिका वर्मा को एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी कैंट का प्रभार सौंपा। अंशिका शर्मा ने क्षेत्राधिकारी कैंट का प्रभार ग्रहण किया। सीओ कैंट तीन जनवरी को कोतवाली का प्रभार ग्रहण किया था उनके बेहतर कार्यों को देखते हुए एसएसपी ने कैंट /लाइन का प्रभार सौंपा दिया अब कैंट सर्किल के साथ पुलिस लाइन के कार्यों को अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए निर्वाह करेंगी। आईपीएस अंशिका वर्मा ने बताया कि कैंट सर्कल को अपराध मुक्त बनाना पहली प्राथमिकता होगी अपने उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपराध व अपराधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाएगी जिससे कैंट सर्कल अपराध मुक्त रहे।

12 ब्लॉकों में टीम बनाकर खोजे जाएंगे टीबी मरीज

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। देश को 2025 तक टीबी बीमारी से मुक्त बनाने के लिए सरकार और स्वास्थ्य महकमे की ओर से कई प्रकार के उपाय किए जा रहे हैं। मरीजों को दवा देने के साथ ही पौष्टिक भोजन के लिए भत्ता भी दे रही है। अब टीबी मुक्त बनाने के लिए गांवों को टारगेट कर रही है। जिले के 12 ब्लॉकों की 14 ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चिह्नित किया है। यहां की लगभग 15 हजार से अधिक आबादी के बीच से संभावित मरीजों की जांच करेंगे। जांच में पुष्टि होने पर दवा करेंगे। साथ ही बीमारी बढ़ने के कारण की जानकारी हासिल करके निवारण पर कार्य करेंगे। क्षय रोग, जिला समन्वयक पंकज पांडेय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिन गांवों को चिन्हित किया गया है उसमें विकास खंड नौगढ़ में मनोहरी, उसका बाजार में सियरापार, लोटन में सपह, जोगिया में महला, ककरही, बडग़ो, बांसी में सोरांव, खेसरहा में भुसौला, मिठवल में बूढ़ापार, डुमरियागंज में भगवानपुर, इटवा में चूहीग्रांट, भनवापुर में गड़ावर, खुनियांव में मटेहना, औरविकास खंड शोहरतगढ़ में मदरहना ग्राम पंचायत शमिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान चलाकर समय-समय पर टीबी के मरीजों को चिह्नित करता है। इसके साथ ही सरकार की ओर से मरीजों को खोजकर उनका इलाज करने का लक्ष्य देता है। नए साल में टीबी मरीजों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। टीबी मुक्त पंचायत के लिए ग्राम पंचायत को 1000 से अधिक की जनसंख्या पर एक से कम रोगी का लक्ष्य रखा है। क्षय रोग, जिला समन्वयक पंकज पांडेय के अनुसार जिले के 12 विकास खंडों की 14 ग्राम पंचायतों में लक्ष्य तय किया गया है। इन्हें स्वास्थ्य विभाग ने टीबी मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में जिला क्षयरोग अधिकारी एमएन त्रिपाठी ने बताया कि गांवों को चिह्नित कर लिया गया है। टीमें गठित कर ली गई और जांच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के दो खिलाड़ियों ने जीते पदक

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में, 02 से 05 फरवरी तक जयपुर में आयोजित सीनियर नेशनल कुश्ती चैम्पियनशिप-2024 में ग्रीको रोमन स्टाइल में भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व करते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के आशु ने 67 किग्रा. में स्वर्ण तथा रोहित यादव ने 55 किग्रा. में कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में प्रतिदिन अभ्यास करने वाले तीन सब जूनियर हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन उत्तर प्रदेश हैंडबॉल टीम में हुआ है। ये हैंडबॉल खिलाड़ी 07 से 11 फरवरी, 2024 तक चित्तौड़गढ़ में आयोजित होने वाले 38वीं सब जूनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। ज्ञातव्य है कि जयपुर में आयोजित इस चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे के दो पुरुष पहलवान आशु एवं रोहित यादव तथा दो महिला पहलवान अंकुश एवं मानसी का चयन भारतीय रेल की टीम में किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, हैंडबॉल/सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह, कुश्ती/सचिव जय प्रकाश सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह, कुश्ती कोच जितेंद्र सिंह तथा हैंडबॉल कोच अरविन्द कुमार यादव ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। हैंडबॉल खिलाड़ियों के चयन से पूर्वोत्तर रेलवे के अन्य हैंडबॉल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

ट्रेनों का ठहराव जारी रहेगा

गोरखपुर

अमृत विचार। परिचालनिक कारणों से उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर दरियाबाद एवं सैदखानपुर स्टेशन के स्थान पर पतरंगा स्टेशन पर दिया गया ठहराव जारी रहेगा। 2 से 6 फरवरी तक प्रस्थान करने वाली 15083 छपरा-फर्रूखाबाद एक्सप्रेस दरियाबाद एवं सैदखानपुर स्टेशन के स्थान पर पतरंगा स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा। 4 एवं 6 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस दरियाबाद एवं सैदखानपुर स्टेशन के स्थान पर पतरंगा स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा। 5 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस का दरियाबाद एवं सैदखानपुर स्टेशन के स्थान पर पतरंगा स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा। इसके अलावा 15013/15014 काठगोदाम-जैसलमेर-काठगोदाम एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर पश्चिम मध्य रेलवे के जोधपुर मण्डल अन्तर्गत मरवार लोहावत स्टेशन पर पूर्व में दिया गया ठहराव अगले आदेश तक जारी रहेगा।

सम्मान यूपीपीसीएस परीक्षा 2023 में 21वीं रैंक प्राप्त करने वाले कृष्णकांत विश्वकर्मा को किया गया सम्मानित

जीवन में कुछ बनने के लिए सपने देखना बहुत जरूरी

गोरखपुर

अमृत विचार। सफलता के मार्ग में बाधाएं हमेशा आती रहती हैं। सफलता उन्हें ही मिलती है जो इन बाधाओं से डटकर लड़ाई लड़ते हैं और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं। ईमानदारी से किया गया परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। पढ़ाई में निरंतरता अनिवार्य है। सफलता प्राप्ति के लिए सोच सदैव सकारात्मक रखें।

यह बातें महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित सम्मान समारोह में यूपीपीसीएस परीक्षा 2023 में 21वीं रैंक प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के पूर्व छात्र कृष्णकांत विश्वकर्मा ने कही। डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जीवन में कुछ बनने के लिए सपने देखना बहुत जरूरी है, सपनों के साथ लक्ष्य का होना दूसरी आवश्यकता है। लक्ष्य निर्धारण के बाद इसकी प्राप्ति तक निरंतरता से कठिन परिश्रम करना चाहिए। समय के सही प्रबन्धन एक लक्ष्य के प्रति समर्पण से कठिन से कठिन लक्ष्य आसान हो जाता है। विद्यार्थियां द्वारा पूछे गये विविध प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सिविल सेवा की तैयारी में प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु अलग-अलग प्रकार के रणनीति की आवश्यकता होती है।

इस अवसर पर महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज, जंगल धूसड़ के पूर्व प्रधानाचार्य ब्रह्मदेव यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी सफलताओं से शिक्षण संस्थानों का मान बढ़ता है। पूर्वांचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस बात को कृष्णकांत विश्वकर्मा ने डिप्टी कलेक्टर बनकर साबित कर दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में चयनित कृष्णकांत विश्वकर्मा आज एक प्रेरणा स्रोत के रूप में महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित कर रहे हैं। महाविद्यालय परिवार उनकी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित है। संचालन विनय कुमार सिंह एवं संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

यूपीपीसीएस परीक्षा पास करने वाले पूर्व छात्र को सम्मानित करते शिक्षक।

रि-शिड्यूलिंग कर चलाई जाएंगी गाड़ियां

गोरखपुर, अमृत विचार। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल पर लक्सर यार्ड में प्वाइंट संख्या-178बी के अनुरक्षण के लिए यातायात एवं पावर ब्लाक लिये जाने के कारण गाड़ियों का रि-शिड्यूलिंग रहेगा। काठगोदाम से 6 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 12092 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस काठगोदाम से 150 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। देहरादून से 6 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 15006 देहरादून-गोरखपुर एक्सप्रेस देहरादून से 90 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। देहरादून से 6 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 12091 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस देहरादून से 80 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी।

इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व: रोहित

पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों को सराहा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की चला रही श्रृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। जीत के लिए 399 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 292 रन पर आउट हो गई। रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह

के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में कहा, वह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई। पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

मैं आंकड़ों को नहीं देखता: बुमराह

बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। बुमराह ने पहली पारी में ओली पोप को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

पहली पारी
ओवर 15.5 विकेट 06

दूसरी पारी
ओवर 17.2 विकेट 03

हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि लक्ष्य पा सकते हैं : स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गयी। स्टोक्स ने कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य पा सकते हैं। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने

कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

खेल डायरी

फज़ बैडमिंटन चैलेंज: मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी विजेता

नई दिल्ली, एजेंसी। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।

मेस्सी के हांगकांग में नहीं खेलने से प्रशंसक नाराज

हांगकांग, एजेंसी। हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के आयोजक को

लियोनल मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। मैच आयोजक टैटलर एशिया के अध्यक्ष मिशेल लामुनिअर ने कहा कि इंटर मियामी के साथ उसके अनुबंध के अनुसार मेस्सी और टीम के कुछ अन्य फुटबॉल सितारों को मुकाबले में खेलने की जरूरत थी, बशर्ते वे चोटिल नहीं हों।

बांग्लादेश से हार के बाद नेपाल से भिड़ेगा भारत

ढाका, एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार से उबरकर मंगलवार को यहां अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। रविवार को भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल खाया था जिससे उसे शिकस्त मिली। भारतीय टीम ने बांग्लदेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बावजूद मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता लग रहा था। बांग्लादेश ने मैच के अंतिम लम्हों में गोल दागकर जीत दर्ज की। 2019 में हुई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसका सामना बांग्लादेश से हुआ था।

अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप

अर्जेंटीना, फ्रांस डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण में

रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी। अर्जेंटीना ने क्वालीफाइंग दौर में कजाकिस्तान को 3-2 से हराकर डेविस कप फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई। सेबेस्टियन बेज ने रविवार को दो मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए दिमित्री पोपको हराकर अर्जेंटीना की जीत पक्की की। अन्य मुकाबलों में बेल्जियम ने जिजौ बर्ग्स की डुजे अजदुकोविच को, चेक गणराज्य ने इजराइल को तो फ्रांस ने ताइवान को मात दी।

फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में होगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी। फुटबॉल विश्व कप 2026 का फाइनल अमेरिका के न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यू जर्सी ने टेक्सास और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों को पछाड़कर यह अधिकार पाया। 48 देशों और 104 मैचों वाले इस विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। फीफा ने रविवार को मियामी टेलीविजन स्टूडियो में 39-दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी का अधिकार न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम को दिया। विश्व कप का आगाज 11 जून को होगा और इस मैच की मेजबानी का अधिकार मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका को मिला है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने कहा कि यह हमारी विविधता और हमारे मूल्यों का उत्सव होगा। बड़ी तस्वीर यह है कि हम आने वाले दशकों के लिए क्या पैमाना तय करते हैं।

106 रन की जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में की 1-1 की बराबरी

इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेटकर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर किया कड़ा प्रहार

पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। भारत के यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था। दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। इंग्लैंड ने हैदराबाद में हुए पहले मैच को 28 रन से जीता था। श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा।

इंग्लैड के लिए जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जड़ा। भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट का कारनामा पूरा नहीं कर सके और इस रिकॉर्ड से एक विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाये लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था। लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी। बेन फॉक्स (36) और टॉम हार्टले (36) ने आठवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की। अश्विन की गेंद पर हार्टले के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों की कैच अपील को मैदानी अंपायर ने मान लिया। जिसके बाद हार्टले ने डीआरएस लिया।

दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 292/10 (69.2 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशजैक क्राउली पगबाधा कुलदीप	73	132	8/1
बेन डकेट का भरत बो अश्विन	28	27	6/0
रेहान अहमद पगबाधा अक्षर	23	31	5/0
ओली पोप का रोहित बो अश्विन	23	21	5/0
जो रूट का अक्षर बो अश्विन	16	10	2/1
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह	26	36	5/0
बेन स्टोक्स रन आउट (अय्यर)	11	29	1/0
बेन फॉक्स का एवं बो बुमराह	36	69	4/1
टॉम हार्टले बो बुमराह	36	47	5/1
शोएब बशीर का भरत बो मुकेश	00	08	0/0
जेम्स एंडरसन नाबाद	05	08	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, **गेंदबाजी:** बुमराह 17.2-4-46-3, मुकेश 5-1-26-1, कुलदीप 15-0-60-1, अश्विन 18-2-72-3, अक्षर 14-1-75-1

युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को परखने का मौका

भुवनेश्वर, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा।

उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। भारत पिछले सत्र में पोडियम स्थान हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया था। भारतीय टीम नीदरलैंड,

ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है।

भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप

भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई

मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं। भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली जब टीम 62 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। विरोधी टीमों को भारतीय उप कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने ने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

पांडे ने रन गति पर अंकुश लगाकर विरोधी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा जिसका फायदा नमन तिवारी (नौ विकेट) और राज लिम्बानी (चार विकेट) को मिला। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।



बॉलीवुड हलचल

अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है ।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है ।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।

फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल फिल्म क्रैक में नजर आयेंगे ।विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्रैक का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इंटेंस अवतार में विद्युत और अर्जुन चीखते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बाजू पर बम टाइमर लगा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा, डर नहीं डार्लिंग से। क्रैक- जीतेगा तो जीयेगा। फिल्म क्रैक 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।इस फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा

मुंबई, एजेंसी । बॉलीवुड अभिनेता नील नितीन मुकेश ने अपनी आने वाली फिल्म मायावन का पहला शेडयूल पूरा कर लिया है। नील नितीन मुकेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मायावन' के सेट से तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कि उन्होंने फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। नील नितिन मुकेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की है। इन फोटो में वह अभिनेता सुदीप किशन के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब 'हीरो' और 'विलेन' खुश होते हैं, निर्देशक खुश है। यह तेलुगु, तमिल और हिंदी में बनी एक अखिल भारतीय एक्शन साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'मायावन' के मेरे पहले शेड्यूल का समापन है'। 'चाहे यह कितना भी कठिन और थका देने वाला हो, पूरी टीम के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा। आपके प्रिय होने के लिए प्रिय सुदीप किशन को धन्यवाद। इतना शानदार अभिनेता, कोस्टार, दोस्त और सपोर्ट सिस्टम। इतना अद्भुत निर्देशक होने के लिए सी वी कुमार सर को धन्यवाद। आप और आपकी टीम तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं और अद्भुत हैं। मैं हमारे अगले कठिन कार्यक्रम का इंतजार कर रहा हूं'। फिल्म मायावान में संदीप किशन, आकांशा रंजन कपूर और नील नितिन मुकेश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

31 मई को रिलीज होगी वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' 31 मई को रिलीज होगी। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है .फिल्म 'बेबी जॉन' के टीजर में वरुण धवन काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज डेट भी आउट हो गई है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज किया है। वरुण धवन बड़े बालों में नजर आ रहे हैं और हाथ में बंदूक लिए अपना खूंखार अंदाज दिखा रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का खतरनाक अंदाज देखने को मिलने वाला है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली कुमार के साथ ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी प्रोड्यूस कर रहे हैं।



प्रदीप पांडेय- आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर

प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 फरवरी को होगा। फिल्म विवाह 3 का ग्रैंड टेलिविजन प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा और दंगल प्ले ऐप पर 10 फरवरी को संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। फिल्म का प्रसारण रविवार 11 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से किया जाएगा। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह सीरीज की फिल्म को टेलीविजन पर भी खूब प्यार मिलता रहा है। इसके पहले और दूसरे पार्ट को भी खूब सराहा गया था। यह तीसरा पार्ट तो उससे भी धमाकेदार है, जिसके लिए टेलीविजन के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहा है। जो दर्शकअभी तक इस फिल्म को नहीं देख पाए हैं और जिन्हें यह फिल्म फिर से देखनी है, उनके लिए यह शनिवार और रविवार एक सुनहरा मौका है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

एक नजर

चिली के जंगलों की नहीं थम रही भीषण आग, अब तक 99 की मौत

सैंटियागो। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 99 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। लगभग 10 लाख की आबादी वाले मध्य चिली के वालपराइसो क्षेत्र के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है।

न्यूजीलैंड में पंजाब के गुरजीत की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

वेलिंगटन। पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में पंजाब के रहने वाले गुरजीत सिंह की हत्या कर दी थी। उनका शव न्यूजीलैंड स्थित घर के बाहर मृत पाया गया था। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड भेजने के लिए उनके पिता ने अपनी जमीन बेच दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी से जुड़ा विवरण को साझा नहीं किया है। पोस्टमार्टम के परिणामों से पता चला कि गुरजीत की हेली स्ट्रीट स्थित उनके आवास पर किसी नुकीली हथियार से किए गए कई घावों के कारण मौत हुई थी। सोमवार को डुनेडिन पहुंचे गुरजीत सिंह के पिता निशान सिंह ने कहा कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

सूडान-द. सूडान के बीच नहीं थम रहा सीमा विवाद, 40 की मौत

जुबा (सूडान)। सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा पर एक बार फिर से दो गुटों बीच झड़प हुई है, जिसमें करीब 40 लोग मारे गए हैं। दो गुटों के बीच हुई झड़पों में कई नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं, इस हिंसा से बचने के लिए सैकड़ों लोगों ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के परिसर में शरण ली है। अधिकारी के हवाले से कहा कि अबेई क्षेत्र में डिंका जातीय समूह और प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच अक्सर इस तरह की झड़पें होती रहती है। दोनों के बीच झड़पें होने का महत्वपूर्ण कारण 'सीमा विवाद' का होना है, जहां सीमा पार से होने वाले व्यापार के कारण महत्वपूर्ण कर राजस्व एकत्र किया जाता है।

पूनम की सर्विकल से मौत की अफवाह में शामिल कंपनी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने में शामिल रही मीडिया कंपनी श्वांग ने सर्विकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अपनाये गए तरीके की आलोचना के बाद माफी मांगी है। मुंबई स्थित कंपनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक बयान में, झूठी खबर का हिस्सा होने की बात स्वीकार की, जिसकी सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों और उपयोगकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है। कंपनी ने कैंसर से प्रभावित लोगों से माफी मांगी, लेकिन दावा किया कि उनके इस अभियान से इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने को राजी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।

ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी। बता दें कि ने सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने दो सप्ताह के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट ने विस अध्यक्ष के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

साइबर सुरक्षा... ट्रांजेक्शन पूरा होते ही एप से करें लॉग आउट

2025 तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में शीर्ष पर होगा भारत

भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की एक बड़ी आबादी है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। साल 2022 में एक माह में 52 फीसदी से अधिक आबादी या 759 मिलियन लोगों ने इंटरनेट का उपयोग किया था। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिये सिस्टम में कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। यही कारण है कि भारत को साइबर खतरों का सामना करना पड़ता है, जो भारत के रणनीतिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय हित को निशाना बनाते हैं। हमारी वित्तीय सुरक्षा के लिए स्मार्ट बैंकिंग की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें, कुछ सुझावों का पालन करने से वित्तीय सुरक्षा मजबूत की जा सकती है।

अपना डिवाइस सुरक्षित रखें

सुनिश्चित करें कि स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे सभी उपकरण एंटीवायरस और सुरक्षा पैच से लैस हैं। यह मैलवेयर का जोखिम कम करता है। संवेदनशील जानकारी को भी संभावित खतरों से बचाता है।

जटिल पासवर्ड बनाएं



अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के मिश्रण से जटिल पासवर्ड बनाएं। जन्मदिन या नाम जैसी जानकारी का उपयोग करने से बचें। लेन-देन पूरा करने के बाद हमेशा ऑनलाइन बैंकिंग सत्र से लॉग आउट करें। ऑनलाइन बैंकिंग खातों के लिए टू स्टेप वेरिफिकेशन एक्टीवेट करें।

आधिकारिक बैंकिंग एप ही करें इस्तेमाल

अधिकृत एप स्टोर से सिर्फ आधिकारिक बैंकिंग एप डाउनलोड और इस्तेमाल करें। इन एप्स में मजबूत सुरक्षा सुविधाएं होने की अधिक संभावना है, जो वित्तीय लेनदेन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। इसके अलावा अपने बैंकिंग एप लगातार अपडेट करें।

ओटीपी, पिन किसी से न करें साझा

पिन या ओटीपी किसी के साथ भी साझा करने से बचें। बैंक कभी भी ईमेल या कॉल के जरिये ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। ओटीपी का मैसेज इस्तेमाल के बाद मिटा दें।

खातों की करें नियमित निगरानी

संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए बैंक खाते और लेनदेन की बार-बार समीक्षा करें। एक निश्चित सीमा से ऊपर के लेनदेन के लिए अलर्ट सेट करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। जानकारी प्राप्त से पहले स्रोत की वैधता सत्यापित करें।

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नहीं

10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैनिक

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को संसद की बैठक में भारत पर एक बार फिर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा कि हमारी सरकार देश की संप्रभुता को ताक पर रखकर किसी भी देश के साथ कोई संधि नहीं करेगी।

मुइज्जू ने बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है।

मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे किसी भी राज्य समझौते की अनुमति नहीं देता है, जो देश की संप्रभुता से समझौता करें। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है।

मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मार्च तक वापस बुला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।

56 सांसदों ने सरकार के फैसले का किया बहिष्कार

विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने सरकार के अलोकतांत्रिक तरीकों के कारण संसद के बहिष्कार का फैसला किया। कुल 56 सांसदों ने राष्ट्रपति के संबोधन का बहिष्कार किया। इनमें डेमोक्रेट के 13 और एमडीपी के 44 सांसद शामिल हैं। सुबह 9 बजे जब बैठक शुरू हुई तो केवल 24 सांसद ही संसद में मौजूद थे। बता दें, मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन के दौरान केवल 24 सांसद शामिल हुए।

मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं भारतीय सैनिक

मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।

प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ चुनाव आयोग ने दलों से कहा चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएं

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है। आयोग ने कहा कि आयोग किसी भी तरह से राजनीतिक अभियान में बच्चों के भागीदारी पर रोक लगाता है, जैसे बच्चों द्वारा कविता पाठन हो, उनके द्वारा किसी पार्टी को लेकर बोले गए शब्द हो या फिर किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन शामिल हो। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है और उनसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

- राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।
- बच्चों के किसी और तरीके के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया।
- अपने माता-पिता के साथ मौजूदगी को बच्चों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक को चीन में मिली निलंबित सजा

बीजिंग। चीन की अदालत ने सोमवार को चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी मानते हुए मौत की निलंबित सजा सुनाई है। 19 जनवरी, 2019 को न्यूयॉर्क से अपनी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ चीन के शहर ग्वांगझू पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मई 2021 में उन पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया गया। पूर्व चीनी राजनयिक और राज्य सुरक्षा एजेंट यांग आस्ट्रेलिया में राजनीतिक टिप्पणीकार और जासूसी उपन्यास के लेखक बन गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया जासूसी करने का दोषी मानते हुए हेंगजुन को दो साल की सजा काटने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। सालों से मामला उठा रही ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीनी अदालत के फैसले से स्तब्ध है और इसे यांग के स्वजनों व समर्थकों के लिए डरावनी खबर बताया।

माइनस 8 डिग्री में मार्च...

लद्दाख : लेह लद्दाख को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में माइनस 8 डिग्री की सर्दी में 30 हजार लोगों ने मार्च निकाला और पोलो ग्राउंड पर रैली की। पूरे लद्दाख में बंद रखा गया। लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों से लोग रैली में शामिल हुए। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने रैली में कहा कि केंद्र सरकार बिना देरी किए लद्दाख को राज्य का दर्जा प्रदान कर स्वायत्तता के लिए संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करे। लद्दाख 2019 के बाद से केंद्र शासित प्रदेश है। ● एजेंसी

खैबर पख्तूनख्वा: पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

खैबर पख्तूनख्वा, एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

आतंकवादी हमले में हो रही वृद्धि

स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

मौलाना अजहरी के समर्थन में जुटी भीड़ के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई। भाषण के जरिए नफरत फैलाने के आरोप में गुजरात एटीएस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भीड़ के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस अबतक तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था।

एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को मिलेगा काम का अधिकार

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ भारतीयों को मिलेगा लाभ, सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को राहत

अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों को लगभग एक लाख लोगों को काम का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जो एच-1बी वीजा धारकों के पति, पत्नी या बच्चे हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलेगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी बातचीत के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग ढाई लाख ऐसे बच्चों के लिए भी समाधान प्रदान करता है, जो उम्र सीमा पार कर चुके हैं। यह कदम उन सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते हैं और उनके बच्चों को उम्र सीमा पार कर जाने के कारण निर्वासन का खतरा है। ग्रीन कार्ड, जिसे अमेरिका में आधिकारिक तौर स्थायी निवासी कार्ड के रूप में जाना जाता है। भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि विधेयक में लंबी अवधि वाले एच-1बी वीजा धारकों के उम्र सीमा पार कर चुके बच्चों को सुरक्षा देते हुए उनकी एच-4 स्थिति को आठ वर्ष बरकरार रखा जाएगा। बिल में यह सुनिश्चित किया गया है कि अगले पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 18 हजार और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यह बिल प्रति वर्ष करीब 25 हजार के-1, के-2 और के-3 गैर आप्रवासी वीजा धारकों को काम का अधिकार प्रदान करता है।

विज्ञान चीनी वैज्ञानिकों ने किया नया शोध, विशाल अकाशगंगाओं के समूहों से पता चली वास्तविक आयु

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारा ब्रह्मांड उम्रदराज नही बल्कि युवा है। कंम्प्यूटर सिमुलेशन के जरिए किए शोध से इसकी सही उम्र का पता चलता है। इस शोध से पिछले अनुमानों को झुठला दिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

यह शोध चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने किया है। ब्रह्मांड की आयु की वास्तविकता का पता लगाने के लिए विशाल अकाशगंगाओं के समूहों को शामिल किया गया। जिसमें आकाशगंगाओं की गति का मापन किया गया। स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे (एसडीएसएस) के जरिए इसकी गणना की गई। शोधकर्ताओं ने केंद्रीय आकाशगंगा समूह से उपग्रहों के वेग ऑफसेट से विश्लेषण किया।



ब्रह्मांड की नई तस्वीर का काल्पनिक चित्र।

दरसल ब्रह्माण्ड विज्ञान का मानक मॉडल बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित है , जो ब्रह्मांड के निर्माण व विकास को समझाने वाला प्रमुख सिद्धांत है। मगर चीनी वैज्ञानिकों ने शोध में विशाल आकाशगंगा समूह के चारों ओर आकाशगंगाओं की गति को मापकर पता लगाया कि पूर्व में जताए अनुमान के विपरीत यह अधिक युवा है।

शोधकर्ता टीम का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक क्यूई गुओ शोध को लेकर कहा है कि ब्रह्मांड विज्ञान का मानक मॉडल कहता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत एक धमाके से हुई। इसके बाद छोटी संरचनाओं का निर्माण हुआ। वे संरचनाएं फिर बड़ी संरचनाओं में विलीन हो गईं। अंततः विशाल आकाशगंगा समूहों की निर्माण हो पाया। इस आधार पर ब्रह्मांड की आयु के साथ विकास की जानकारी का पता लगाया।

27 अरब वर्ष मानी जाती थी ब्रह्मांड की उम्र

पूर्व में ब्रह्मांड की उम्र 27 अरब साल मानी जाती थी। जिसमे 10 हजार करोड़ आकाशगंगाओं का विशाल समूह है। इधर हमारी अपनी आकाशगंगा की आयु 13 .61 अरब वर्ष मानी जाती है, जबकि हमारे सौर मंडल की आयु 4 .571 वर्ष है। नए शोध में ब्रह्मांड को युवा तो बताया है, लेकिन उम्र का जिक्र नही किया है।

पाकिस्तान में 76 साल के इतिहास में सबसे कम विश्वसनीय आम चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। आठ फरवरी से आम चुनाव होने वाले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में हो रही कार्रवाई, पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक है और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार जैगम खान का कहना है कि इन चुनावों की कोई वैधता नहीं होगी, यहां तक कि 2018 के चुनावों से भी कम टिकेंगे।

दूसरी तरफ आम चुनाव में इमरान की पार्टी की नइया डावांडोल है। इस्लामाबाद शहर के बाहरी छोर पर जुटे दो दर्जन लोगों की मीटिंग कहीं से भी राजनीतिक दिखाई नहीं पड़ती। चुनाव प्रचार के लिए कोई पोस्टर-पेम्फलेट नहीं। कोई साउंड सिस्टम नहीं। यहां तक कि प्रत्याशी आमिर मुगल खुद महीनों पहले पीटीआई पर सैन्य कार्रवाई के डर से छुप गए थे। अधिकारियों ने पहले ही उनके घर पर छापा मारा था, उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया था और सैन्य विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। मीडिया को सुरक्षित जगह दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया है कि सेना हम पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रही है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले इसकी ताकतवर सेना अपने पुराने अंदाज में आते हुए पीटीआई का दरकिनार कर रही है।

मनोबल तोड़ने में लगी सेना

पाकिस्तान के सरकारी अधिकारी किसी भी धांधली से इंकार कर रहे हैं। सैन्य कार्रवाइयों के बाद ये पाकिस्तान में होने जा रहे अब तक के सबसे खामोश चुनाव साबित हो रहे हैं। आमतौर पर लोगों से भरी रहने वाली सड़कें चुनावी मौसम में खाली हैं। विश्लेषकों का कहना है कि सेना को उम्मीद है कि पीटीआई समर्थकों का मनोबल तोड़ने से लोग वोट डालने नहीं आएंगे।

चुनावी मैदान में उतरे हाफिज के रिश्तेदार

मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जाता है। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। आतंकवाद रोधी अदालतों ने कई मामलों में हाफिज को 31 साल की सजा सुनाई है। लाहौर की जेल में बंद है।

3 हजार महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में

पाकिस्तान में 3 हजार से अधिक महिलायां प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है। तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। लोकसभा के 3 हजार से अधिक महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।